CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :23°C
न्यूनतम: 11°C

लखनऊ, बुधवार 26 नवम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 21 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 4 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दुनिया के लिए मार्गदर्शक है भारत का संविधान: बिरला पेज 2



टी-20 विश्वकप: 15 फरवरी को होगी भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत खेल टाइम्स



यूपी विधानसभा चुनावों में ओवैसी का अखिलेश यादव से मुलाकात का वादा सम्पादकीय



पाकिस्तान ने की आधी रात अफगानिस्तान में तीन एयरस्ट्राइक, 10 की मौत पेज 12

# हिरासत में हिंसा और मौत सिस्टम पर धब्बा: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत की सख्त टिप्पणी: देश नहीं करेगा बर्दाश्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस हिरासत में हिंसा और मौतें हमारी व्यवस्था पर एक 'बड़ा दाग' है और देश अब इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा।

सुप्रीम कोर्ट एक मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रहा है, जो देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी के ठीक से न चलने से जुड़ा है। अदालत ने इस दौरान राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत में मौतों पर गहरी चिंता जताई। दो जजों की बेंच न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता ने मामले में कहा कि देश अब ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सिस्टम पर धब्बा है। हिरासत में मौतें नहीं हो सकतीं। वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हिरासत में मौत को कोई भी व्यक्ति सही नहीं ठहरा सकता, लेकिन कोर्ट इस बात से नाराज हुआ कि केंद्र सरकार ने अब तक अपनी अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं की है। अदालत ने इस पर तीखा सवाल किया और पूछा कि केंद्र सरकार इस अदालत को हल्के में क्यों ले रही है? इसके बाद केंद्र ने तीन हफ्ते के भीतर हलफनामा देने का वादा किया।

**सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत में मौतों पर गहरी चिंता जताई**



## आर्मी अफसर की बर्खास्तगी सही, अपील खारिज

**कहा- आप सेना के लायक नहीं, धार्मिक आदेश न मानने पर सेना से निकाले गए थे**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आर्मी के एक पूर्व ईसाई अफसर की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी थी।

अफसर पर आरोप था कि उसने अपने तैनाती स्थल पर रेजिमेंट की धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने से इन्कार किया था। इसके बाद आर्मी ने उसे बर्खास्त कर दिया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने अफसर को आर्मी के लिए मिस फिट माना और हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह आचरण गंभीर अनुशासनहीनता है और सेना जैसी संस्था में इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह मामला 2017 का है। अफसर सैमुअल कमलेसन 3तक कैवेलरी रेजिमेंट में लेफ्टिनेंट बने। उनकी यूनिट में मंदिर और गुरुद्वारा था, जहां हर हफ्ते धार्मिक परेड होती थी। वे अपने सैनिकों के साथ वहां तक जाते थे, लेकिन मंदिर के सबसे अंदर वाले हिस्से में पूजा, हवन या आरती के दौरान जाने से मना करते थे। उनका कहना था कि उनकी ईसाई मान्यता इसकी अनुमति नहीं देती और उनसे किसी देवी-देवता की पूजा करवाना गलत है।

### महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव मामले की सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय नेमहाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनावों से संबंधित मामले की सुनवाई को शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दिया। राज्य सरकार ने आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा से जुड़े मुद्दों पर राज्य चुनाव आयोग के साथ परामर्श जारी रहने का हवाला देते हुए समय मांगा था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को आयोग ने बताया कि 242 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के चुनाव के लिए दो दिसम्बर की तारीख पहले ही अधिसूचित की जा चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्वालामुखी विस्फोट के कारण प. एशिया की कई उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** इथोपिया में हेली गुब्बी ज्वालामुखी विस्फोट से निकले राख के बादलों की वजह से भारत से पश्चिम एशियाई शहरों को जाने वाली कई उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने मंगलवार को बताया कि उसने सोमवार और मंगलवार को अबतक कुल 13 उड़ानें रद्द की हैं। अकासा एयर ने भी बताया कि उसने सोमवार और मंगलवार को जेद्दा, कुवैत और अबु धाबी को जाने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया ने बताया कि सोमवार को सात उड़ानें रद्द कीं। इनमें अमेरिका के नेवार्क से दिल्ली, न्यूयॉर्क से दिल्ली, दुबई से हैदराबाद, कतर के दोहा से मुंबई, दुबई से चेन्नई, दम्मम से मुंबई और दोहा से दिल्ली की उड़ानें शामिल हैं। एयरलाइंस ने मंगलवार को चेन्नई-मुंबई, हैदराबाद- दिल्ली, मुंबई-हैदराबाद, हैदराबाद-मुंबई, मुंबई-कोलकाता और कोलकाता मुंबई उड़ानें रद्द की हैं। एयरलाइंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि वह जो विमान ज्वालामुखी से निकले राख के बादलों वाले इलाकों से होकर गुजरे हैं उनकी जांच की जा रही है। उसने बताया कि प्रभावित यात्रियों को ग्राउंड टीम हरसंभव सहायता मुहैया कराई जा रही है।

### ज्वालामुखी विस्फोट के कारण फिलहाल चिंता की बात नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह इथोपिया में हेली गुब्बी ज्वालामुखी के फटने के बाद स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और फिलहाल उड़ानों को लेकर चिंता की बात नहीं है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ज्वालामुखी से निकले राख के बादल पूर्व दिशा में बढ़ रहे हैं। ऐसे में एटीसी, मौसम विभाग, विमान सेवा कंपनियों और अंतर्राष्ट्रीय विमानन एजेंसियों के साथ वह भी निर्बाध समन्वय सुनिश्चित कर रहा है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने पायलटों के लिए जरूरी नोटिस जारी किया है।

### राजस्थान-मप्र के 16 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** देश के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी और सर्द हवाओं से मैदानी राज्यों में ठिठुरन बढ़ने लगी है। राजस्थान में सोमवार को कोटा, उदयपुर समेत कई जिलों में दिन के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई। 10 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रहा। फतेहपुर में सबसे कम, 5.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश में भी सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। नौगांव, राजगढ़, नरसिंहपुर और रीवा में सोमवार को तापमान 8 से 10 डिग्री के बीच रहा। भोपाल सहित कई जिलों में लगातार तीसरे दिन बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने राज्य में अगले चार दिन तक शीतलहर से राहत की संभावना जताई है। इधर, बिहार में सर्दी के साथ घने कोहरे का असर बढ़ गया है। बीते दिन, पटना, खगड़िया, गोपालगंज, सारण, बेगूसराय समेत 10 शहरों में सुबह-सुबह घना कोहरा देखने को मिला।

## अयोध्या में राम मंदिर में ध्वजारोहण की प्रक्रिया हुई पूरी

# सदियों के घाव अब भर रहे हैं: मोदी

अयोध्या, वार्ता

**कहा- हमारा बहुत पुराना सपना अब पूरा हुआ, हम ऐसा समाज बनाएं, जहां कोई गरीब न हो**

**बटन दबते ही मंदिर के शीर्ष पर फहराया ध्वज, मोदी हुए भावुक, आंसू पोछते दिखे साधु- संत**



**ये भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज**

आज अयोध्या नगरी भारत की सांस्कृतिक चेतना के एक और उत्कर्ष-बिंदु की साक्षी बन रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर ध्वजारोहण उत्सव का यह क्षण अद्वितीय और अलौकिक है। ये धर्म ध्वजा केवल एक ध्वज नहीं, ये भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज है। ये ध्वज संघर्ष से सृजन की गाथा है, सदियों से चले आ रहे स्वप्नों का साकार स्वरूप है, संतों की साधना और समाज की सहभागिता की सार्थक परिणीति है..

**- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

**राम मंदिर** में ध्वजारोहण की प्रक्रिया पूरी हुई। इस मौके पर पीएम मोदी ने अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा बहुत पुराना सपना अब पूरा हुआ। सदियों पुराने घाव थे अब वह धीरे-धीरे भरने शुरू हुए। पीएम ने कहा कि हम ऐसा समाज बनाएं, जहां कोई गरीब न हो। कोई पीड़ित न हो। यह ध्वज युगों-युगों तक श्री राम के आदेशों और प्रेरणाओं को मानव मात्र तक पहुंचाएगा।

उन्होंने हर दानवीर, श्रमवीर, कारीगर, योजनाकार, वास्तुकार का अभिनंदन किया। यही वह नगरी है, जहां से श्रीराम ने अपना जीवन पथ शुरू किया था। विकसित भारत बनाने के लिए समाज की सामूहिक शक्ति की आवश्यकता है। यहां सप्त मंदिर बने हैं। यहां निषाद राज का मंदिर बना है, जो साधन नहीं साध्य और उसकी भावनाओं को पूजती है। यहां जटायु जी और गिलहरी की भी मूर्ति है, जो बड़े संकल्प की सिद्धि के लिए हर छोटे से छोटे प्रयास को दिखाती है। पीएम मोदी के बटन दबाते ही झंडा धीरे-धीरे ऊपर चढ़ता हुआ मंदिर के शीर्ष पर विराजमान हो गया। जैसे-जैसे झंडा ऊपर चढ़ता गया पीएम मोदी टकटकी लगाए उसे देखते रहे। पीएम मोदी इन पलों में भावुक नजर आए। ध्वजारोहण के समय सामने की कतार में साधु-संत बैठे हुए थे। वह भी भावुकता में अपने आंसू पोछते हुए नजर आए। इस कार्यक्रम में देश-दुनिया के करीब आठ हजार लोग आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित शुभ मुहूर्त में प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के मुख्य शिखर पर धर्मध्वज फहराया। जैसे ही केसरिया ध्वज पवन के संग लहराया, पूरा परिसर 'जय श्री राम' के उद्घोष से गूंज उठा। क्षण भर में वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया और श्रद्धालुओं की भावनाएं उमंग में बदल गईं। धर्मध्वज फहराने से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यापक पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ। यज्ञकुंडों से उठती आहुतियों की सुगंध और नगाड़ों की गूंज ने समारोह को भव्यता प्रदान की। पीएम ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र को सनातन परंपरा की अखंडता, आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान का संदेश दिया। इस अवसर पर देश-दुनिया से आए संत-महंत, विशिष्ट अतिथि और हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच राम नगरी उत्सव के रंग में डूबी रही। मंदिर परिसर से लेकर सरयू तट तक हर ओर दीप, पुष्प और रंगोलियों से सजा माहौल इस ऐतिहासिक उत्सव का साक्षात अनुभव करा रहा था। इस मौके पर सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आज हम सबके लिए सार्थकता का दिन है। इसके लिए जितने लोगों ने प्राण न्योछावर किए, उनकी आत्मा तृप्त हुई होगी। अशोक जी को वहां पर शांति मिली होगी। आज मंदिर का ध्वजारोहण हो गया। राम राज्य का ध्वज जो कभी अयोध्या में फहराता था, आज वह फहरा गया है। इस भगवा ध्वज पर रघुकुल का प्रतीक कोविदार वृक्ष है। यह वृक्ष रघुकुल की सत्ता का प्रतीक है। यह वह वृक्ष है जिसके लिए कहा जाता है, कि वृक्ष सबके लिए छाया देते हैं, स्वंय धूप में खड़े रहकर, फल भी दूसरों के लिए देते हैं। जाते जितनी कठिनाईयां हों, सूर्य भगवान उस संकल्प का प्रतीक है। इसमें सिर्फ एक ही पहिया है। जैसे सपना उन लोगों ने देखा था, बिल्कुल वैसा ही या यूं कहें कि उससे भी भव्य मंदिर बन गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के संबोधन में एक नई उर्जा दिखाई दी।

# चुनाव आयोग अब बीजेपी आयोग बन गया: ममता बनर्जी

**बोनगांव।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग अब निष्पक्ष नहीं रहा। यह 'बीजेपी आयोग' बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें बंगाल में चुनौती दी गई, तो वे पूरे देश में बीजेपी की नींव हिला देंगी।



**कहा: यह निष्पक्ष संस्था नहीं, 10 टीएमसी सांसद 28 नवम्बर को इलेक्शन कमीशन से मिलेंगे**

ममता बोनगांव में एंटी-एसआईआर रैली को संबोधित कर रही थीं। ममता ने दावा किया कि यदि राज्य के मतुआ-बहुल क्षेत्रों में रहने वाले लोग नागरिकता (संशोधन) अधिनियम: सीएए के तहत स्वयं को विदेशी घोषित करते हैं, तो उन्हें तुरंत वोटर लिस्ट से हटा दिया जाएगा। इधर टीएमसी के 10 सांसद 28 नवम्बर को चुनाव आयोग से मिलेंगे। इसके लिए मंगलवार को पार्टी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने चीफ इलेक्शन कमिश्नर (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को लेटर लिखकर सभी 10 सांसदों के नाम भेजे हैं। ममता ने पूछा- अगर एसआईआर का मकसद अवैध बांग्लादेशियों को हटाना है, तो बीजेपी शासित राज्यों में एसआईआर क्यों कराया जा रहा है? क्या बीजेपी यह स्वीकार कर रही है कि उसके 'डबल इंजन' वाले राज्यों में भी घुसपैठिए मौजूद हैं? अगर बांग्लादेशी समस्या है, तो आप मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में एसआईआर क्यों चला रहे हैं? एक बार एसआईआर के बाद आई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट सामने आ जाएगी, तब लोग समझ जाएंगे कि चुनाव आयोग और बीजेपी ने कितना बड़ा 'विनाश' किया है। मुझे बांग्लादेश एक देश के रूप में बहुत पसंद है, क्योंकि हमारी भाषा एक जैसी है। मैं बीरभूम से हूं, लेकिन एक दिन वे मुझे बांग्लादेशी कहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी को 2024 में इसी वोटर लिस्ट के आधार पर वोट मिले थे। अगर आपका नाम हटा दिया जाता है, तो केंद्र सरकार को भी हटा देना चाहिए। इतनी जल्दी में एसआईआर क्यों चलाया जा रहा है? जब तक मैं यहां हूं, मैं उन्हें आपको बाहर (वोटर लिस्ट से) नहीं निकालने दूंगी। कोई भी आपको बाहर नहीं निकाल सकता।

### तृणमूल नेताओं से मिलने पर चुनाव आयुक्त ने जताई सहमति

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर मामले में बढ़ते तनाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस के नेताओं से मिलने के लिए सहमति जताई है। यह मुलाकात 28 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे होगी। श्री कुमार ने यह फैसला आगामी चुनावों से पहले राजनीतिक दलों से मिलकर उनकी चिंताओं को दूर करने की कोशिशों के तहत लिया है।

# विधानसभा में सीएम सरमा बोले- सिंगर जुबीन का मर्डर हुआ

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि सिंगर जुबीन गर्ग की मौत कोई हादसा नहीं, बल्कि हत्या थी। सरमा ने कहा कि यह गैर इरादतन हत्या या आपराधिक साजिश नहीं, बल्कि साफ-साफ मर्डर था। सीएम ने दावा किया कि एक आरोपी ने सिंगर की जान ली। वहीं अन्य लोगों ने हत्या में उसकी मदद की।

असम विधानसभा में विपक्षी पार्टियां जुबीन की मौत पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव लेकर आई थीं। जिस पर सीएम सरमा ने विधानसभा में शीतकालीन सत्र के पहले दिन जवाब दिया। सीएम ने बताया कि एसआईटी ने अब तक इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है, 252 गवाहों से पूछताछ की है और 29 सामान जब्त किए हैं। सीएम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में 4 से 5 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। 52 साल के सिंगर-म्यूजिशियन जुबीन की 19 सितम्बर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वे नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल (एनईआईएफ) में भाग लेने गए थे। उनकी मौत के खिलाफ राज्य भर में 60 से अधिक मामले दर्ज हुए थे। जुबीन की मौत मामले में पुलिस ने एनईआईएफ इवेंट के आयोजक श्यामकानु महंत, जुबीन के चचेरे भाई और पुलिस अधिकारी संदीपन गर्ग, मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, उनके बैंड के दो मेंबर- शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रभा महंत को गिरफ्तार किया है। जुबीन के निजी सुरक्षा अधिकारियों- नंदेश्वर बोरा और प्रबीन बैश्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जब पुलिस को उनके खातों से 1.1 करोड़ रुपये से अधिक के बड़े वित्तीय लेनदेन का पता चला। गिरफ्तार किए गए सभी सात लोग अभी न्यायिक हिरासत में हैं।



**मौत हादसा नहीं, एक आरोपी ने जान ली**

**बाकियों ने मदद की, अब तक सात गिरफ्तार**


# अब भारत खरीदार नहीं, तकनीक का निर्माता: रक्षा मंत्री

## राजनाथ बोले: देश में स्वदेशीकरण आंदोलन चल रहा है, भारत की समुद्री शक्ति में हुई बढ़त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित भारतीय नौसेना के सेमिनार 'स्वावलंबन 2025' में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता और बदलते रक्षा ढांचे पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल हथियार खरीदने वाला देश नहीं, बल्कि तकनीक बनाने, विकसित करने और निर्यात करने वाली ताकत बन रहा है। उनके मुताबिक देश में चल रहा स्वदेशीकरण आंदोलन सिर्फ नीतियों का परिणाम नहीं, बल्कि वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स और युवाओं की कड़ी मेहनत का प्रमाण है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में आयातक नहीं, बल्कि निर्माता और अगुआ बनते हुए दुनिया को नई दिशा दिखा रहा है। उन्होंने बताया कि इनोवेशन और प्रोटोटाइप्स ने यह साबित कर दिया है कि भारत अब तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्यातक बनने की राह पर मजबूती से आगे बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन वास्तविक स्वावलंबन की ओर बढ़ते राष्ट्रीय संकल्प का संकेत है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत को विदेशी रक्षा उपकरणों पर निर्भरता कम करनी होगी। उन्होंने बताया कि किसी भी बड़े उपकरण को विदेश से खरीदना सिर्फ तत्काल लागत का मामला नहीं होता, बल्कि उसके रखरखाव, मरम्मत और स्पेयर पार्ट्स की दीर्घकालिक लागत भी देश को झेलनी पड़ती है। इसीलिए उन्होंने मजबूत और आत्मनिर्भर आपूर्ति श्रृंखला की जरूरत पर जोर दिया। उनके अनुसार भारत की सुरक्षा प्रणाली तभी मजबूत होगी, जब उसका तकनीकी ढांचा पूरी तरह भारत में विकसित और संचालित हो। स्वावलंबन 2025 में बोलते हुए सिंह ने कहा कि भारत आज समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा है और इसमें नौसेना के साथ देश के इनोवेटर्स का भी बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में बहु-उपयोगी तकनीक का महत्व तेजी से बढ़ रहा है और भारत के युवा इनोवेटर्स इसी दिशा में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। सिंह ने कहा कि वह जब भी इन युवा शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स से मिलते हैं, तो उनके अंदर समस्याओं को हल करने का आत्मविश्वास दिखाई देता है, जो उभरते भारत की पहचान है।



**भारत रक्षा क्षेत्र में आयातक नहीं, बल्कि निर्माता और अगुआ बनते हुए दुनिया को नई दिशा दिखा रहा**

## संक्षिप्त समाचार

### दुनिया के लिए मार्गदर्शक है भारत का संविधानः बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संविधान को देश की आत्मा करार देते हुए कहा है कि भारत का संविधान दुनिया के अन्य देशों के लिए भी मार्गदर्शक है। श्री बिरला ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर स्थित मणिपाल विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं से संवैधानिक जागरूकता का आह्वान करते हुए कहा कि संविधान को जानो, अपनाओ और संविधान के अनुसार जियो। उन्होंने कहा कि हमारे देश में बोली, भाषा, खानपान सहित अनेक विविधताएं हैं, लेकिन देश की समस्त विविधताओं को एक करने का काम हमारा संविधान करता है। हर विद्यालय- महाविद्यालय के शिक्षण पाठ्यक्रम में संविधान का अध्ययन होना चाहिए।

### यूपीएस में शामिल होने के इच्छुक कर्मचारी जल्द करें आवेदन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में शामिल होने के इच्छुक पात्र कर्मचारियों से जल्द आवेदन करने की अपील की है। राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के अंतर्गत पात्र कर्मचारियों और सेवानिवृत्त लोगों के लिए यूपीएस चुनने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2025 है। यूपीएस का विकल्प चुनने के बाद वे एनपीएस में भी वापस जा सकते हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यूपीएस में जाने की अंतिम तिथि नजदीक आने के मद्देनजर सभी संबंधित एनपीएस सबस्क्राइबर सीआरए प्रणाली के माध्यम से अपना यूपीएस अनुरोध ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्हें 30 नवम्बर तक अपने संबंधित नोडल कार्यालय में विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र जमा करना होगा।

# उदित राज ने भीम रैली की अनुमति न देने पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ **अंबेडकर और भीम शब्द से बीजेपी को नफरत**

दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यकऔर आदिवासी संगठनों के डोमा परिसंघ के अध्यक्ष डा. उदित राज ने कहा है कि उनके परिसंघ की 30 नवम्बर को यहां रामलीला मैदान में होने वाली भीम रैली की बाकायदा अनुमति ली गई थी, लेकिन अब रैली में भारी भीड़ जुटने की संभावना का हवाला देते हुए इस अनुमति को रद्द कर दिया गया है।

डा. उदित राज ने कहा कि वे पहले करीब ऐसे बीस कार्यक्रम वह कर चुके हैं, लेकिन कभी भारी भीड़ जुटने का कारण बताकर अनुमति रद्द नहीं की गई, लेकिन लगता है डा. अंबेडकर और भीम शब्द से भाजपा को घृणा और अंदरूनी नफ़रत है। दूसरा कारण संविधान और वोट बचाने जैसे मुद्दे से भाजपा की भारी असहमति है। मोदी सरकार को संविधान बचाने, आरक्षण सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने, वोट चोरी रोकने एवं बैलेट पेपर से चुनाव, जाति जनगणना, वक्फ़ बोर्ड में हस्तक्षेप रोकना, निजीकरण पर रोक, समान शिक्षा, धार्मिक आजादी, किसानों को न्यूनतम मूल्य की गारंटी, आदिवासियों को जल, जंगल तथा जमीन से वंचित करने से रोकने, पुरानी पेंशन बहाली आदि से नफ़रत है।

# एसआईआर का मकसद इंडिया गठबंधन के वोट काटनाः कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ **यूपी में एसआईआर के जरिये विपक्ष के वोटर्स की संख्या कम की जाएगी**

कांग्रेस को चिंता है कि यूपी में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रीविजन (एसआईआर) की वजह से 2024 में इंडिया ब्लॉक द्वारा जीती गई हर पार्लियामेंट्री सीट पर लगभग 50,000 वोट कम हो जाएंगे। कांग्रेस और समा. जवादी पार्टी के नेतृत्व वाले ब्लॉक ने 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य की कुल 80 लोकसभा सीटों में से 43 जीती थीं।

इनमें कांग्रेस ने 6 और सपा ने 37 सीटें जीती थीं, जिससे बीजेपी को बड़ा झटका लगा था, जिससे 2019 के मुकाबले इसकी सीट 62 से घटकर 33 रह गई थी। राज्य में 2026 में लोकल बॉडी इलेक्शन और 2027 में असेंबली इलेक्शन होंगे जो बीजेपी और इंडिया ब्लॉक दोनों के लिए अहम होंगे। हालांकि कांग्रेस डर है कि यूपी में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रीवीजन के जरिए विपक्ष के वोटर्स की संख्या कम की जाएगी, जैसा कि बिहार में किया गया था, जहां इंडिया ब्लॉक हाल ही में एनडीए से चुनाव हार गया था। कांग्रेस के यूपी इंचार्ज अविनाश पांडे ने बताया कि यह बीजेपी की प्लानिंग है। उन्होंने बिहार में विपक्ष के हजारों वोट कम कर दिए। हमने बिहार में एसआईआर से जुड़े कई सवाल उठाए थे, लेकिन चुनाव आयोग ने इस पर कोई सफाई नहीं दी। अब वही एसआईआर उत्तर प्रदेश में जल्दबाजी में लागू किया जा रहा है। इस काम का असली मकसद 2024 में इंडिया ब्लॉक द्वारा जीती गई लोकसभा सीटों पर विपक्ष के बड़े वोट कम करना है। यह 2027 के चुनावों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। बीजेपी ने पहले से ही एक छोटी वोटर लिस्ट तैयार कर ली थी और इसलिए वोटरों और जमीन पर बीएलओ दोनों को होने वाली एडमिनिस्ट्रेटिव दिक्कतों की परवाह किए बिना उत्तर प्रदेश में एसआईआर को जल्दबाजी में लागू कर रही थी।

### आरएसएस शुरू से ही रहा संविधान पर हमलावर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) शुरु से ही संविधान विरोधी रहा है और इसीलिए इसे अपनाए जाने के तत्काल बाद से ही उसने संविधान पर हमला शुरु कर दिया था। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 76 साल पहले आज ही के दिन जब संविधान सभा के अध्यक्ष डा. भीमराव अम्बेडकर ने सभा के समक्ष भारतीय संविधान का मसौदा पेश किया था और इस मौके पर अत्यधिक ओजस्वी भाषण दिया था, जिसे आज भी याद किया जाता है। लेकिन इसके अगले ही दिन आरएसएस ने संविधान पर तीखा हमला शुरु कर दिया था और उसका यह हमला आज भी जारी है। रमेश ने कहा कि डा. आंबेडकर ने संविधान सभा में संविधान के मसौदे को औपचारिक रूप से अपनाने का प्रस्ताव रखा था। इस भाषण में उन्होंने कांग्रेस के अनुशासन की तारीफ की और कहा कि उसके कारण ही यह व्यवस्थित संविधान तैयार हो सका है। इस मौके पर दिया गया उनका समापन भाषण निस्संदेह 20वीं सदी में दुनिया के किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए सबसे महान भाषणों में से एक है।

## अयोध्या में राम मंदिर पर हुए कार्यक्रम में बोले सीएम योगी

# ध्वजारोहण मात्र यज्ञ नहीं, नए युग की शुरुआत

**अयोध्या, वार्ता**



**हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जहां विकास और विरासत का बेहत. रीन समन्वय है, यह इसे नई ऊंचाई प्रदान कर रहा**

■ **ध्वजारोहण उस सत्य का उद्घोष है कि धर्म का प्रकाश अमर है और रामराज्य के मूल्य कालजई है**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां मंगलवार को राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण समारोह के दौरान कहा कि ध्वजारोहण यज्ञ की पूर्णाहूति नहीं, बल्कि नए युग का शुभारंभ है।

प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर 140 करोड़ भारतीयों की आस्था, सम्मान एवं आत्मगौरव का प्रतीक है। योगी ने अपनी बातों का आगाज सियावर रामचंद्र भगवान, माता जानकी, सरयू मैया की जय, भारत माता की जय और हर हर महादेव के उद्घोष के साथ किया। मुख्यमंत्री के साथ ही समूचा मंदिर परिसर जय-जयकार से गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने भव्य मंदिर के निर्माण में योगदान देने वाले कर्मयोगियों का भी अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि आज का पावन दिन उन पूज्य संतों, योद्धाओं, श्रीरामभक्तों की अखंड साधना-संघर्ष को समर्पित है, जिन्होंने आंदोलन व संघर्ष के लिए जीवन को समर्पित किया। विवाह पंचमी का दिव्य संयोग इस उत्सव को और भी पावन बना रहा है। उन्होंने कहा कि ध्वजारोहण उस सत्य का उद्घोष है कि धर्म का प्रकाश अमर है और रामराज्य के मूल्य कालजई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में जब नेतृत्व संभाला था, उसी दिन भारतवासियों के मन और हृदय में जिस संभावना, संकल्प व विश्वास का सूर्योदय हुआ, आज वही तपस्या, अनगि. नत पीढ़ियों की प्रतीक्षा आपके कर कमलों के माध्यम से साकार होकर भव्य राम मंदिर के रूप में भारतवासियों एवं सनातन धर्मावलंबियों के समक्ष है। योगी ने कहा कि श्रीराम मंदिर पर फहराता केसरिया ध्वज धर्म, मर्यादा, सत्य- न्याय एवं राष्ट्रधर्म का भी प्रतीक है। यह विकसित भारत की संकल्पना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। सभी ने 11 वर्ष में बदलते भारत को देखा है। हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं, जहां विकास और विरासत का बेहतरीन समन्वय है। यह इसे नई ऊंचाई प्रदान कर रहा है। 80 करोड़ लोगों को राशन, 50 करोड़ लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा, हर जरूरतमंद को आवास, हर व्यक्ति बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ पा रहा है, तो यह रामराज्य की वह उद्घोषणा है, जिसका आधार विकसित भारत है।

### माघ मेले की सुरक्षा कड़ी बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर रोक

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले माघ मेला की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। वही देश की राजधानी दिल्ली में हुए धमाकों के बाद प्रशासन और अधिक सतर्क हो गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया गया है। बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर रोक रहेगी। माघ मेला 3 जनवरी से शुरू होकर 15 फरवरी तक चलेगा। मेला क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में बम डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड टीमें लगातार जांच कर रही हैं। बन रहे अस्थाई ढांचों और चल रहे निर्माण कार्यों की बारीकी से जांच की जा रही है। मेले के हर संवेदनशील स्थान पर सुरक्षा कर्मी पैनी नजर बनाए हुए हैं।

# राहुल-प्रियंका ने गुरु तेग बहादुर की शहीदी दिवस पर किया नमन

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महाचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वें शहीदी पर्व पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान सभी के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेगा।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, सिख धर्म के नौवें गुरु, 'हिद की चादर' श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी दिवस पर उन्हें सादर नमन। उनके आदर्श, मूल्य, त्याग और बलिदान मानवता के लिए सदैव प्रेरणा्रोत रहेंगे। कांग्रेस महासर्. चव वाड्रा ने कहा कि नौवें गुरु तेग बहादुर जी ने विश्व को शांति और मानवता का रास्ता दिखाया। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया पर लिखा, सिख धर्म के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर उन्हें सादर नमन। गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म, मानवता, सेवा, त्याग, प्रेम और एकता का प्रकाश फैलाकर विश्व को रास्ता दिखाया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रेरणा सदैव हम सबका मार्गदर्शन करेंगी।

### मोदी ने गुरु तेग बहादुर को किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गुरु तेग बहादुर को उनकी शहादत की 350वीं वर्षगांठ पर श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत की 350वीं वर्षगांठ पर हम उनके अद्वितीय साहस और बलिदान को नमन करते हैं।



**सेंसेक्स** 84587.01
**निफ्टी** 25884.80



**सोना रु.** 127190
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 167000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट जारी सेंसेक्स 314 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 313. 70 अंक (0.37 प्रतिशत) टूटकर 84,587.01 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 74.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत गिरकर 25,884. 80 अंक पर बंद हुआ। आईटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, तेल एवं गैस और मीडिया सेक्टरों की कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा। रियलिटी, बैंकिंग, फार्मा, धातु और स्वास्थ्य सेक्टरों की कंपनियों में लिवाली देखी गई। दिग्गज कंपनियों के उलट मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.56 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.19 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एनएसई में जिन 3,214 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,596 के शेयरों में तेजी और 1,540 में गिरावट रही जबकि 78 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 24 के शेयर लाल निशान में और अन्य छह के हरे निशान में बंद हुए। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स में सबसे अधिक 1.62 फीसदी की गिरावट रही। ट्रेंट का शेयर 1.59 फीसदी, इंफोसिस का 1.25, पावरग्रिड का 0.99, एचडीएफसी बैंक का 0. 92 और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 0.82 प्रतिशत टूट गया। कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, टीसीएस, टाइटन और सनफार्मा के शेयर भी आधा फीसदी से ज्यादा लुढ़क गए। मारुति सुजुकी, एलएंडटी, हिंदुस्तान यूनीलिवर और एक्सिस बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे।

# सोने में तूफानी तेजी, चांदी ने भी मारी छलांग

**नई दिल्ली।** शादियों के सीजन के बीच सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में तूफानी तेजी आई है। मंगलवार को देश के अलग-अलग शहरों में सोना महंगा हुआ है। राजधानी में सोने की कीमत में 2120 रुपये प्रति ग्राम की बड़ी तेजी आई है।चांदी की कीमत में भी 4000 रुपये प्रति किलो का उछाल आया। 24 कैरेट सोने की कीमत 1910 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ, जिसके बाद इसका भाव 1,27,190 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। यूपी की राजधानी लखनऊ में 24 कैरेट सोने का भाव 2120 रुपये के उछाल के बाद 1,27,490 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मेरठ में इसका भाव 1,27,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा।

बाजार खुलने के साथ आज चांदी 4000 रुपये प्रति किलो महंगा हुआ है, जिसके बाद उसका भाव 1,67,000 रुपये प्रति किलो हो गया। सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों की एक वजह ये भी है कि अब यह निवेशकों की पसंद बन रही है। लोग ज्वैलरी में कम और निवेश के लिहाज से इसकी ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं। एचएसबीसी ने अपनी थिंक फ्यूचर्स 2026 रिपोर्ट में कहा है कि गोल्ड की कीमतों में तेजी जारी रहने की संभावना है। इसकी वजह केंद्रीय बैंकों की तरफ से गोल्ड की खरीदारी है। इसके अलावा गोल्ड ईटीएफ में भी निवेश जारी रहेगा। इससे गोल्ड की कीमतों को सपोर्ट मिलेगा। एचएसबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक गोल्ड की कीमतें अभी कंसालिडेशन के फेज में प्रति औंस +4,000 के करीब चल रही हैं। शॉर्ट टर्म में कंसालिडेशन कुछ समय तक जारी रह सकता है। उसके बाद गोल्ड के फिर से रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है।

# चावल, चीनी में टिकाव, गेहूं नरम दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** दिल्ली थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के भाव स्थिर रहे। चीनी में भी टिकाव रहा। आवक बढ़ने से गेहूं में नरमी देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,854.80 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं तीन रुपये सस्ता हुआ और 2,855.62 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका।

आटे की कीमत पांच रुपये बढ़ गई। दालों में घट-बढ़ रही। उड़द दाल की औसत कीमत सात रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। मूंग दाल भी 18 रुपये सस्ती हुई। चना दाल के भाव लगभग गत दिवस के स्तर पर ही रहे। मसूर दाल 11 रुपये और तुअर दाल नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 65 रिंगिट फिसलकर 3,990 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। अमेरिकी सोया तेल का जनवरी वायदा भी 0.67 प्रतिशत टूटकर 50.18 डॉलर बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत भी 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल के भाव 22 रुपये और सूरजमुखी तेल के 37 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। वनस्पति 77 रुपये और पाम ऑयल 45 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ, जबकि चीनी की कीमत में टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7868.92 रुपये, मसूर काली 8163.74 रुपये, मूंग दाल 10097.91 रुपये, उड़द दाल 10370.43 रुपये, तूअर दाल 10619.48 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855. 62 रुपये और चावल 3854.80 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3307.63 प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़: चीनी एस 4323.02 रुपये और गुड़ 4988.45 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# कैप्टन सैंड्रिमा अशोक चुने गए बेस्ट ऑल-राउंड अधिकारी

### कमांडेंट की रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित, एमओबीसी का सफल समापन

**लखनऊ।** मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी)-254 के सफल समापन पर ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज (ओटीसी), आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज में मंगलवार को एक कोर्स समापन परेड आयोजित की गई। नौ सप्ताह के इस कोर्स में युवा आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल और डेंटल ऑफिसर्स को इंटेंसिव काम्बैट मेडिकल सपोर्ट ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे वे अपनी ड्यूटी अच्छे से कर सकें और इन युवा प्रोफेशनल्स को यूनिफॉर्म में मेडिकल और डेंटल ऑफिसर्स में बदला जा सके।

इस मौके पर कैप्टन सैंड्रिमा अशोक को कोर्स का बेस्ट ऑल राउंड ऑफिसर चुना गया और उन्हें कमांडेंट की रोलिंग ट्रॉफी दी गई। उन्हें फील्ड इवेंट्स में बेस्ट ऑफिसर चुने जाने के लिए भी मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह, अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी दी गई। मध्य कमान के जनसंपर्क अधिकारी शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि ऑफिसर्स ने ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट (एटीएलएस) प्रोवाइडर कोर्स में भी हिस्सा लिया। उन्हें लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के बारे में सिखाया गया, जो आज की पीढ़ी के युद्धों को आकार दे रही है। उन्होंने बताया कि इस पाठ्यक्रम में त्रिसेवा प्रतिनिधित्व वाली 34 महिला अधिका. रियों सहित 123 अधिकारी शामिल थे। परेड को सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित किया गया। कोर्स समापन परेड की समीक्षा सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कॉलेज के ऑफिसिएटिंग कमांडेंट मेजर जनरल कंवरजीत सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान 200 से अधिक गौरवान्वित माता-पिता और अधिकारियों के करीबियों के साथ बड़ी संख्या में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा अधिकारियों ने परेड देखी। युवा ऑफिसर्स को संबोधित करते हुए समीक्षा अधिकारी मेजर जनरल कंवरजीत सिंह ने मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स (एमओबीसी)-254 के ऑफिसर्स की तरफ से परेड के बहुत अच्छे संचालन के लिए ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज के कमांडेंट और चीफ इंस्ट्रक्टर मेजर जनरल वीके पात्रा की तारीफ की। जनरल ऑफिसर ने कोर्स ऑफिसर्स को उनके शानदार टर्नआउट के लिए भी बधाई दी। उन्होंने ऑफिसर्स को ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दिए गए ज्ञान को लगातार अपग्रेड करने और उस पर काम करने की भी सलाह दी।

# राजस्व सेवा के प्रशिक्षु अफसरों ने राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के 76वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की, जहां राष्ट्रपति ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए सेवाक. ाल में नवोन्मेषी और आदर्श बने रहने की सलाह दी।

श्रीमती मुर्मू ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए राजस्व संग्रह महत्वपूर्ण है, क्योंकि राजस्व ही बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण का वित्तपोषक है। यही वित्त पोषण राष्ट्र-निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनता है इसलिए कर संग्रह की सुचारू प्रक्रिया होनी चाहिए, जिसमें करदाता को न्यूनतम असुविधा हो। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी राजस्व सेवा अधिकारी प्रशासक, जांचकर्ता, व्यापार के सुविधा प्रदाता और कानून के प्रवर्तक सहित कई रूप में अपनी भूमिकाएं निभाएंगे। राजस्व अधिकारी देश की आर्थिक सीमाओं के प्रहरी हैं। राजस्व अधिकारी तस्करी, वित्तीय धोखाधड़ी और अवैध व्यापार के खिलाफ देश की रक्षा करते हैं और वैध वाणिज्य और वैश्विक व्यापार साझेदारी को सुविधाजनक बनाते हैं।

### राष्ट्रीय संविधान दिवस समारोह आज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में बुधवार को यहां संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रीय संविधान दिवस समारोह होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा अन्य मंत्री शामिल होंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि संविधान दिवस 2025 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय समारोह बुधवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित किया जाएगा। यह अवसर भारत द्वारा संवैधानिक मूल्यों और लो. कतांत्रिक परंपराओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति इस समारोह की अध्यक्षता करेंगी। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री और दोनों सदनों के सांसद इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान श्री बिरला और श्री राधाकृष्णन सभा को संबोधित करेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नव्य, दिव्य व अलौकिक अयोध्या

## श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद तीव्र गति से हो रहा सर्वांगीण विकास





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/अयोध्या।** दिव्य एवं भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में अयोध्या का कायाकल्प अभूतपूर्व गति से जारी है। अयोध्या को एक वैश्विक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु अनेक परियोजनाएं संचालित हो रही हैं, जिनसे पर्यटन और विनिर्माण क्षेत्र को नई रफ्तार मिली है। नए उद्योगों, व्यवसायों और निवेश के बढ़ते अवसरों ने स्थानीय युवाओं के लिए रोज़गार को भी तेजी से विस्तार दिया है। अयोध्या में विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण पूरा कर लिया गया है।

हनुमानगढ़ी से श्रीराम जन्मभूमि तक भक्ति पथ का निर्माण सम्पन्न हो चुका है। महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डा सुगम्य अयोध्या योजना के तहत तैयार किया गया है। सहादतगंज से नयाघाट तक लगभग तेरह किलोमीटर लंबी चार लेन सड़क तथा अयोध्या-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और लता मंगेशकर चौक से गोरखपुर राजमार्ग तक धर्मपथ के चौड़ीकरण का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, गरुण और जटायू नामक छह भव्य प्रवेश द्वार विकसित किए गए हैं। अयोध्या के सभी ग्यारह ब्लॉकों में मियावाकी पद्धति से पूरे पचपन वैदिक वनों का विकास किया गया है। 'नव्य अयोध्या' के अंतर्गत हरित क्षेत्र के विस्तार और हाईटेक वेलनेस सिटी के निर्माण को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। लगभग सात सौ पचास करोड़ रुपयों की लागत से विश्व स्तरीय संग्रहालय का निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें भवन निर्माण पर छह सौ पचास करोड़ और आसपास के इंफ्रास्ट्रक्चर पर सौ करोड़ रुपये खर्च होंगे। टाटा संस द्वारा सीएसआर पहल के तहत वित्तपोषित यह संग्रहालय देश की प्रमुख वैष्णव परंपराओं, उनकी वास्तुकला और इतिहास का भव्य केंद्र बनेगा। आवास विकास परिषद द्वारा पांच सौ पचास एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही ग्रीनफील्ड टाउनशिप 'नव्य अयोध्या' योजना का प्रमुख अंग है। यह प्रदेश की सबसे हाईटेक टाउनशिप में से एक होगी। लगभग दो सौ अठारह करोड़ रुपए से अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम और इलेक्ट्रिक डक्ट का निर्माण किया जा रहा है। करीब दो सौ एकड़ क्षेत्र को हरित पट्टी के रूप में विकसित किया जाएगा। टाउनशिप में सुपर स्पेशलिटी मेडिकल ज़ोन और हाईटेक प्रौद्योगिकी पार्क के लिए भूखंड भी तैयार किए जा रहे हैं, जो 'वेलनेस सिटी' की अवधारणा को सुदृढ़ करते हैं। अयोध्या में सात सौ पचास करोड़ की लागत से 'म्यूजियम ऑफ टेंपल्स' का निर्माण जारी है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अयोध्या के लिए कुल एक सौ उनसठ एमओयू सम्पन्न हुए। शहर को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है और करोड़ों के निवेश के साथ पांच-सितारा तथा चार-सितारा श्रेणी के लगभग बयालीस होटल श्रृंखलाओं का निर्माण भी प्रगति पर है। उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीतिख़्दो हज़ार बाईस के अंतर्गत अयोध्या को मॉडल सोलर सिटी घोषित किया गया है। सरयू नदी के तटवर्ती गांव माझा रामपुर हलवारा और माझा सरायरासी में चालीस मेगावाट क्षमता का सौर संयंत्र स्थापित किया गया है, जिसके लिए एक सौ पैंसठ हेक्टेयर सार्वजनिक भूमि तीस वर्ष की लीज पर उपलब्ध कराई गई है। यह संयंत्र शहर की अनुमानित विद्युत आवश्यकता का लगभग तीस प्रतिशत पूरा कर रहा है। 'अयोध्या यात्रा' ऐप के माध्यम से श्रीराम मंदिर, हनुमानगढ़ी, कनक भवन और सरयू घाट का तीन सौ साठ डिग्री वर्चुअल दर्शन संभव हो गया है। भक्तगण घर बैठे पूजा भी करवा सकते हैं। दीपोत्सव जैसे आयोजनों का थ्री-डी वर्चुअल अनुभव भी इस मेटावर्स आधारित ऐप पर उपलब्ध है। सभी ग्यारह ब्लॉकों में विकसित पचपन वैदिक वनों में पौधरोपण की सुरक्षा हेतु जीपीएस टैगिग की गई है और रखरखाव व सिचाई कार्य मनरेगा के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। नव्य, दिव्य और अलौकिक अयोध्या अब आधुनिकता, अध्यात्म और हरित विकास का संगम बनकर वैश्विक मानचित्र पर नई पहचान गढ़ रही है।

### सीतापुर में भी खुला फिटनेस सेंटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** राजपूताना फिटनेस सेन्टर के मनीष सिंह ने बताया आज से सेन्टर आरम्भ हो गया है, उन्होने बताया पिता संत कुमार सिंह की प्रेरणा से नगर क्षेत्र मे सुव्यवस्थित किया गया है, सभी मशीन, योगा, वेट, बैलेन्स, रेसिंग, साइकिलिंग इत्यादि शारीरिक फिटनेस के लिए एक बड़े हाल मे लगया गया है, सोमवार को उद्घाटन कार्यक्रम मे पूर्व चेयरमैन दिनेश गुप्ता टीटू भईया, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी .... वर्मा, निरंजन दिक्षित, राम स्वरुप, हनीफ, बी, बाजपेई,वरिष्ठ पत्रकार राजेश तिवारी, ठाकुर प्रसाद वर्मा, अनुज दिक्षित,डाक्टर सतीश वर्मा, रूप चन्द्र वर्मा सहित बड़ी संख्या मे गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एसआईआर को लेकर जनप्रतिनिधि कर रहे मदद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिंहपुर/अमेठी।** चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर शुरू किया गया है में भी इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। जहां बीएलओ द्वारा घर घर पहुंचकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र का वितरण कर उसे भरने की प्रक्रिया समझाई जा रही है इनहौना कस्बे में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा वार्डवार मतदाताओं को गणना पत्रक को सही तरीके से भरकर जमा करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए विधिवत इन्हौना प्राथमिक विद्यालय में बीएलओ एक एक मतदाताओं को गणना पत्रक सही तरीके से भरने के लिए जागरूक कर रहे है।

इस कार्य में आगामी पंचायत चुनाव लड़ने की मंशा रखने वाले जनप्रतिनिधि विशेष रूप से सक्रिय हैं और वे मतदाताओं को गणना पत्रक को सही सही भरने और तय समय में जमा करने की ताकीद कर रहे हैं। एसआईआर के कार्य में यह भी देखा जा रहा है कि बीएलओ आज पर्यंत तक कई घरों में गणना पत्रक का अब तक वितरण नहीं किया है, जिससे लोग परेशान हैं। गांव गांव में तो हालात यह है कि कई लोग गणना प्रपत्र को भरने रुचि ही नहीं दिखा रहे हैं जबकि कई लोग गणना प्रपत्र को भरने को लेकर परेशान हैं।

एसआईआर के कार्य को लेकर लोगों में विशेष उत्साह दिखाई पड़ रहा है। एसआईआर के क्रियान्वयन को लेकर तहसीलदार तिलोई निगरानी कर रहे हैं। बता दें कि इन्हौना ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि से लेकर पंचायत सचिव क्षेत्रीय लेखपाल सभी इस अभियान में जुटे हैं वहीं जिला पंचायत सदस्य विकास यादव भी एस आईआर प्रकिया में लोगों को जागरूक करने में जुटे हुए हैं सढिया गांव सभा के निवासी भवानी पासवान, सुनील कुमार पासी, सहित तमाम लोग लोगों को जागरूक करने में जुटे हुए हैं।

# भाजपा सरकार ने प्रदेश को अराजकता की तरफ धकेलाः अखिलेश यादव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश को अराजकता और अव्यवस्था के रास्ते पर ढकेल दिया है। कानून व्यवस्था दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है, स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई हैं, और किसानों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय सरकार उन्हें उनके हाल पर छोड़ चुकी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि धान खरीद की व्यवस्था ठप है, किसानों को खाद और बीज तक नहीं मिल पा रहा है। भ्रष्टाचार चरम पर है और हर विभाग में बिचौलिए हावी हैं। सरकारी और गरीबों की जमीनों पर भू-माफिया कब्जा कर रहे हैं तथा अपराधी, भ्रष्टाचारी और अवैध कारोबार से जुड़े लोग सरकार के संरक्षण में बेलगाम होते जा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शासन में बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं मरीजों की जान ले रही हैं। सरकारी अस्पतालों में मरीजों का ठीक से इलाज नहीं हो रहा, एंबुलेंस सेवाएं बदहाल हैं और डॉक्टरों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। श्री यादव ने मिर्जापुर की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि एंबुलेंस में ऑक्सीजन खत्म होने से मरीज की मौत होना बेहद दुखद और सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। कन्नौज के गुरसहायगंज में एंबुलेंस देर से पहुंचने से हुई एक और मौत भाजपा सरकार की नाकामी का उदाहरण है। नौ साल में सरकार न डॉक्टरों की कमी दूर कर सकी और न मेडिकल कॉलेजों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कर पाई। स्वास्थ्य सेवाओं पर सरकार के सभी दावे झूठे साबित हो रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति भी बद से बदतर हो चुकी है। हत्या, लूट और बलात्कार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने गोरखपुर की घटना का जिक्र किया, जिसमें मां और बेटी की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। उन्होंने इसे प्रदेश की कानून व्यवस्था पर शर्मनाक धब्बा बताया और कहा कि भाजपा सरकार बड़े-बड़े दावे कर अपनी पीठ थपथपाती रहती है, जबकि जमीनी हकीकत इसके उलट है। कानून व्यवस्था पर शून्य बैलेंस का दावा पूरी तरह झूठा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए जनता को एसआईआर और तरह-तरह के तकनीकी झमेलों में उलझा दिया है, जबकि जनता मूलभूत सुविधाओं तक से वंचित है। विकास के नाम पर बड़े-बड़े विज्ञापन और प्रचार ही दिख रहे हैं, जमीनी कार्य शून्य है। श्री यादव ने कहा कि जनता सब जानती है और आगामी दो हज़ार सत्ताईस के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाकर ही दम लेगी। उन्होंने कहा कि किसान, नौजवान, व्यापारी, मजदूर सहित हर वर्ग भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान और त्रस्त है, और अब वह बदलाव के लिए संकल्पित है। अंत में मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के मुद्दों पर संघर्ष करती रहेगी और भाजपा सरकार की नाकामियों को बेनकाब करती रहेगी।

# सीतापुर के सभी क्षेत्र की बालिकाओं ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, खेल मंत्रालय के तत्वाधान में प्रथम खेलो इंडिया अस्मिता एथलेटिक्स लीग का आयोजन मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में किया गया। जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अनुराग गुप्ता ने बताया कि अस्मिता एथलेटिक्स लीग में जनपद के सभी क्षेत्र की बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। अंडर 14 बालिका ग्रुप ए में महिमा यादव प्रथम, श्वेता द्वितीय, आस्था शुक्ला तृतीय स्थान पर रही। ग्रुप बी में अल्र्चता सिंह प्रथम, नव्या यादव द्वितीय, वंदना तृतीय स्थान पर रही। ग्रुप सी में साक्षी यादव ने प्रथम अंजली राज ने द्वितीय लक्ष्मी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंडर 16 बालिका वर्ग 60 मीटर दौड़ में गौरी ने प्रथम, रिश्र्मिमा सिंह ने द्वितीय, गौरी शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 600 मीटर दौड़ में प्रिसी यादव प्रथम, पूल्र्त देवी द्वितीय, सोनी तृतीय स्थान पर रही। लॉन्ग जंप में प्रिसी यादव प्रथम, आख़्रति द्वितीय, शिल्पी तृतीय स्थान पर रही। हाई जंप में अंजू ने प्रथम आन्या ने द्वितीय और आख़्रति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट में प्रतिभा राज, प्रथम पिकी द्वितीय और रितिक पटेल तृतीय स्थान पर रही। जैवलिन थ्रो में रितिका पटेल, प्रथम सेजल द्वितीय अलक सिंह तृतीय स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो में प्रतिभा राज प्रथम, पिकी यादव द्वितीय, स्नेहा तृतीय स्थान पर रही। जिला एथलेटिक्स संघ के चेयरमैन टेक्निकल कमेटी राज शर्मा के नेतृत्व में प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक आयोजन हुआ। निर्णायक के रूप में प्रदीप तिवारी, लौंग श्री, मिनी मिश्रा, रवि प्रकाश, संतोष कनौजिया, देश दीपक, रितु गुप्ता, मुकेश पाल, विशाल कनौजिया, आमोद, अनुज, अभिषेक काल्र्तकेय आदि ने प्रतियोगिता संपन्न कराने में सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

### मैत्री टूर्नामेंट में रुस्तम नगर टीम विजय घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिसावा /सीतापुर।** विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरिया फतेहपुर में आज मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया मैच हरिया और रुस्तम नगर के बीच खेला गया जिसमें रूस्तम नगर की टीम विजय घोषित की गई आकर्षक मैच देखने के लिए गांव तथा क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे विजई प्रतिभागियों को प्रधान प्रतिनिधि कुंज बिहारी ने पुरस्कार प्रदान किया किशोर सर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा की खेल-खेल से ही बच्चों की प्रतिमाएं उजागर होती हैं इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है ताकि प्रतिमाएं जिला प्रदेश में अपना स्थान बना सकें।

### प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में एक्यूप्रेशर पद्धति से उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** सेवा भारती व सकल जैन समाज के संयुक्त तत्वाधान में शहर के प्रेम नगर स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन सभागार में छ दिवसीय प्राख़्रतिक चिकित्सा स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया। शिविर का संयोजन सरिता जैन जिला प्रमुख मातृ शक्ति व सीमा जैन जिला प्रमुख बालिका विकास कौशल ने किया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथी मंजू रानी जैन ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथी में सेवा भारती के जिला अध्यक्ष विश्ववीर गुप्ता, पालक अधिकारी सुभाष गुप्ता, सभासद व आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, नगर अध्यक्ष राज कुमार रस्तोगी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, राष्ट्रीय सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता आकाश राय, प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता रत्नेश द्विवेदी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों को पटका पहना कर स्वागत किया गया। शिविर के दौरान डॉ मनोज चंदोलिया व सहयोगी विशाल कुमार, देवेन्द्र कुमार ने लोगों का एक्यूप्रेशर बिदुओं पर दबाव के जरिये शरीर की ऊर्जा को संतुलित करने के लिए विशेष उपचार किया गया। इस क्रिया को दिनचर्या में अपनाने की सलाह भी दी गई।

# लखनऊ विश्वविद्यालय के 105 वर्षः नौ विशिष्ट पूर्व छात्र हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यहां लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने गौरवपूर्ण शैक्षिक सफर के एक सौ पांचवें स्थापना दिवस पर मंगलवार को मालवीय सभागार में विशेष समारोह का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्ख़्रष्ट योगदान देने वाले नौ विशिष्ट पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय में इस अवसर पर अवकाश भी घोषित किया गया, जिसके कारण परिसर में कार्यक्रम की तैयारियां और भी सघनता के साथ संपन्न की गईं। समारोह में सम्मान पाने वालों में राजनीति, न्यायपालिका, साहित्य, विज्ञान, सामाजिक सेवा और पत्रकारिता जैसे विविध क्षेत्रों में प्रतिष्ठा स्थापित करने वाले पूर्व छात्र शामिल रहे। इनमें वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, हिदी साहित्य के विद्वान प्रोफेसर एसद्मपीद्म दीक्षित, बायोकेमिस्ट्री के विशेषज्ञ प्रोफेसर जीद्मजीद्म सनवाल, वरिष्ठ रंगकर्मी डॉद्म अनिल रस्तोगी, न्यायिक सेवा से न्यायमूल्र्त मनीष कुमार, आध्यात्मिक वक्ता प्रभु नारायण श्रीवास्तव, सीबीडीटी के सदस्य प्रबोध सेठ, वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सिंह और आईपीएस अधिकारी लक्ष्मी सिंह का नाम प्रमुख रहा। विश्वविद्यालय के एलुमनाई फाउंडेशन ने चयन समिति के निर्णय के आधार पर इन नौ विभूतियों के जीवन-कार्य का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करते हुए उन्हें सम्मान-पत्र प्रदान किया। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक धारा, उसकी विद्वत्ता-परंपरा और देश-समाज के प्रति उसके योगदान की सराहना की। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र रहा है, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र और प्रशासनिक नैतिकता को भी दिशा देता रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्ख़्रष्ट कार्य कर रहे हैं, जो इस संस्थान की प्रतिष्ठा का प्रमाण है। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, शोध को बढ़ावा देने और युवाओं में नैतिक मूल्यों को मजबूत करने की आवश्यकता भी रेखांकित की।

### लखनऊ में राष्ट्रपति करेंगी ब्रह्माकुमारी राजयोग केंद्र का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ में सुल्तानपुर रोड स्थित ब्रह्माकुमारी राजयोग केंद्र का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इस आयोजन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित विभिन्न क्षेत्रों के एक हजार से ज्यादा विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम को ध्यान और आध्यात्मिक संवाद के महत्वपूर्ण आयोजन के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें ब्रह्माकुमारी संगठन की वरिष्ठ पदाधिकारिणी और देशभर से आए प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। नवनिर्मित राजयोग केंद्र परिसर को तीन एकड़ क्षेत्र में विकसित किया गया है, जहां हरा-भरा पार्क भी बनाया गया है। केंद्र में ध्यान, राजयोग प्रशिक्षण और सामाजिक समरसता पर आधारित गतिविधियों के संचालन की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर व्यवस्थाएं पूरी तरह तैयार हैं और सुरक्षा एजेंसियों ने कार्यक्रम स्थल के आसपास व्यापक प्रबंध किए हैं। कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों के स्वागत और प्रबंधन के लिए स्वयंसेवकों की बड़ी टीम तैनात की गई है, जबकि ब्रह्माकुमारी संस्था ने इसे विश्व एकता और भरोसे के संदेश से जोड़ते हुए इसे विशेष महत्व दिया है।

# होमगार्ड प्रशिक्षण नागरिक सुरक्षा को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यमः प्रजापति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मून हाल में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित वार्डन क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिक सुरक्षा कोर की प्रशिक्षण कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

आगमन पर डिवीजनल वार्डन लोहिया नगर सुनील तिवारी और डिवीजनल वार्डन बक्शी का तालाब राजेश सिंह चौहान ने चीफ वॉर्डन अमरनाथ विश्व के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया। धर्मवीर प्रजापति ने परहित धर्म और सर्वभूते हिते रतः की भावना को नागरिक सुरक्षा का मूल आधार बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दीर्घकालिक सोच के अनुरूप यह प्रशिक्षण सुरक्षा संबंधी जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है।

उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक प्रशिक्षित व्यक्ति अपने आसपास चार लोगों को भी ऐसे कौशल सिखाए, तो यह शृंखला बहुत दूर तक प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि आपदा में बचाव के तरीकों की जानकारी अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचे, यही उद्देश्य है। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि सिविल डिफेंस से जुड़कर समाज सेवा की यह परंपरा और मजबूत होगी। प्रजापति ने ग्रामीण जीवन के उदाहरणों का उल्लेख करते हुए बताया कि पहले कठिन परिस्थितियों में गांव के लोग एक-दूसरे की मदद के लिए स्वयं आगे आते थे,

और आज नागरिक सुरक्षा के ये निस्वार्थ स्वयंसेवक उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में लखनऊ डिफेंस के कार्यों पर आधारित एक संक्षिप्त चलचित्र भी प्रदर्शित किया गया। सभी स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक ध्रुव कान्त ठाकुर ने बताया कि नागरिक सुरक्षा एक निस्वार्थ संगठन है, जो सामाजिक, धार्मिक और सार्वजनिक आयोजनों में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं देता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण वार्डनों की कार्यक्षमता और सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ाने में सहायक है। पहला बैच नब्बे वार्डनों का है और यह कार्यक्रम सात दिन चलेगा।

# लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय शटलरों का जमावड़ा

## सैयद मोदी बैडमिंटन चैंपियनशिप में रोमांचक मुकाबलों की शुरुआत

### भारतीय जोड़ी त्रिशा-गायत्री आज मेन ड्रा में उतरीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी में मंगलवार से सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिटन चैंपियनशिप के मुकाबलों की शुरुआत होते ही खेल परिसर अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की मौजूदगी से सराबोर हो गया।

लगभग बीस देशों से आए शीर्ष शटलरों ने पहले ही दिन अपने-अपने वर्ग में चुनौती पेश की, जिससे प्रतियोगिता का वातावरण पूरी तरह प्रतिस्पर्धी और दर्शकों से खचाखच भरा दिखाई दिया। शहर में आयोजित यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट इस वर्ष भी भव्यता और उच्च स्तरीय आयोजन के लिए चर्चा में है। प्रतियोगिता में भारत की निगाहें खास तौर पर महिला डबल्स की जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद पर टिकी हैं, जो आज मेन ड्रा में अपने अभियान की शुरुआत कर रही हैं। दोनों खिलाड़ी हाल के महीनों में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं और घरेलू मैदान पर उन्हें समर्थन भी भरपूर मिल रहा है। आयोजन समिति के अनुसार पहले दिन क्वालिफाइंग राउंड और शुरुआती मुकाबलों में खेल की तेज़ रफ्तार और कई करीबी सेट देखने को मिले, जिससे आगामी दिनों में मुकाबलों के और ज़्यादा रोमांचक होने के संकेत मिल रहे हैं। लखनऊ में आयोजित यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के कौशल की परीक्षा है, बल्कि उत्तर प्रदेश की खेल संस्ख़्रति और आयोजन क्षमता का भी प्रदर्शन है। शहर में खिलाड़ियों, कोचों और दर्शकों की आवाजाही से खेल वातावरण पूरी तरह उत्साहपूर्ण बना हुआ है। आगामी दिनों में मेन ड्रा के महत्वपूर्ण मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर देशभर के खेल प्रेमियों की नज़र टिकी रहेगी।

### उसरहा गांव में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन 12 दिसम्बर को

**सिंहपुर अमेठी।** आगामी 12 दिसंबर दिन शुक्रवार समय 9:00 बजे से 1:00बजे तक ग्राम उसरहा पंचायत भवन में वरिष्ठ समाजसेवी गोपी चंद्र बाजपेई द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है, वरिष्ठ समाजसेवी गोपी चंद्र बाजपेई जी के संयोजन से इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र अमेठी द्वारा ह्नर सेवा नारायण सेवाह्व की भावना को साकार करते हुए गत 25 वर्षों से समाज के वंचित, गरीब व अभावग्रस्त वर्ग को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाकर उनकी आंखों की रोशनी बचाने का पुण्य प्रयास अनवरत जारी है।

# केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज के राजीव गांधी सभागार में अहम बैठक सम्पन्न

**गौरीगंज/अमेठी।** मंगलवार को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (इंटेंसिव वेरिफिकेशन) को लेकर एक महत्वपूर्ण विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिघल ने किया बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री राजेश तिवारी ने की।

बैठक में जिला एवं ब्लॉक स्तर के कांग्रेस पदाधिकारियों, बूथ समितियों, युवाओं, महिलाओं तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक के दौरान श्री तिवारी ने मतदाता सूची के व्यवस्थित और निष्पक्ष पुनरीक्षण को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का आधार सही और संपूर्ण मतदाता सूची होती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर घर-घर जाकर मतदाता जोड़ने, त्रुटियों को ठीक करने तथा वंचित नागरिकों का नाम सूची में सम्मिलित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक बूथ पर टीमों को पूरी तत्परता के साथ कार्य करना होगा, ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए। बैठक का दूसरा महत्वपूर्ण बिदु 14दिसम्बर 2025 को रामलीला मैदान, दिल्ली में होने वाली श्री राहुल गांधी की विशाल रैली की तैयारियां रहा। श्री तिवारी ने रैली को ऐतिहासिक एवं जनसरोकारों की आवाज़ बनाने का संकल्प व्यक्त किया और कहा कि यह रैली देश के वर्तमान राजनीतिक, सामाजिक और आल्र्थक मुद्दों पर जनभावनाओं को मजबूत रूप से अभिव्यक्त करेगी। उन्होंने अमेठी सहित पूरे क्षेत्र से अधिकाधिक संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन बूथ से लेकर जिला स्तर तक पूरी शक्ति और समर्पण के साथ सक्रिय है। अमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिघल ने कहा अमेठी सदैव से कांग्रेस की शक्ति का केंद्र रहा है और आगे भी जनहित की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने ड्यूकैट स्कूल ऑफ एआई का औद्योगिक भ्रमण कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गाजियाबाद।** स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग द्वारा नोएडा स्थित ड्यूकैट स्कूल ऑफ एआई ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता में महत्वपूर्ण औद्योगिक भ्रमण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग तथा आधुनिक सॉफ्टवेयर विकास प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया, जिससे वे उद्योग में उपयोग होने वाली वास्तविक कार्यप्रणालियों को समझ सके। ड्यूकैट स्कूल ऑफ एआई के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नवीनतम उद्योग प्रवृत्तियों, एआई टूल्स, करियर संभावनाओं, प्रायोगिक डेमो तथा तकनीकी कौशलों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। सत्र की संवादात्मक शैली ने विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक समझ से जोड़ने में अत्यंत सहायक सिद्ध किया।चांसलर महेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि एस.डी.जी.आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी विद्यार्थियों को उद्योगोन्मुख एवं कौशल-आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है, ताकि उन्हें नवीनतम तकनीकों और वास्तविक कार्य परिवेश का अधिकतम अनुभव प्राप्त हो सके। प्रो-चांसलर पीयूष श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण कक्षा में प्राप्त ज्ञान और वास्तविक उद्योगगत अनुप्रयोग के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय आगे भी नवाचार-उन्मुख कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखेगा। वाइस चांसलर प्रो. (डा.) प्रसेनजीत कुमार ने आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों को ऐसे अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम अनुसंधान क्षमता, नवाचार और तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देते हैं।

डीन अकैडमिक्स प्रो. डॉ. ए. शनमुगनाथन जी ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों को उत्साहित किया और उन्हें सलाह दी कि वे इन अवसरों का उपयोग अपनी क्षमताओं को निखारने, दृष्टिकोण को व्यापक बनाने तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए करें। वाइस प्रिंसिपल एवं प्रॉक्टर संदीप सिंह ने कहा कि इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को एआई आधारित तकनीकों, उद्योग की अपेक्षाओं और भविष्य के करियर अवसरों के बारे में अद्यतन जानकारी प्रदान की, जो उनके पेशेवर विकास में अत्यंत सहायक होगी। इस औद्योगिक भ्रमण में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संकाय (कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग) समन्वयक मिस मानसी एवं आशिष शर्मा ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समग्र रूप से यह औद्योगिक भ्रमण अत्यंत ज्ञानवर्धक, संवादात्मक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, जिसने विद्यार्थियों में उभरती हुई एआई तकनीकों की व्यावहारिक समझ को और अधिक मजबूत किया।

## 14 दिसम्बर को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

**गाजियाबाद।** जनपद में एक बार फिर से पल्स पोलियो अभियान शुरू होने जा रहा है। इस बार 14 दिसंबर को बूथ पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। हालांकि पिछले कई वर्ष से देश में पोलियो का कोई केस नहीं मिला है। विभाग के पास फिलहाल 3.92 लाख डोज पोलियो वैक्सीन उपलब्ध है। जबकि मेरठ से बुधवार तक 3.57 लाख डोज और आने की उम्मीद है।

इस बार 7.50 लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य तय किया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नीरज अग्रवाल का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तरीय योजना बना ली गई है।

## दो भवन मालिकों पर लगाया 20-20 हजार जुर्माना

**गाजियाबाद।** जनपद में बढ़ रहे प्रदूषण को देखते हुए जीडीए अवैध रूप से निर्माण सामग्री एकत्र करने वालों पर कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में एनजीटी के आदेश का उल्लंघन करने पर जीडीए ने मंगलवार को दो भवन मालिकों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को विजयनगर के सेक्टर नौ में ए 627 के भवन मालिक सुरेंद्र चौधरी और न्यू पंचवटी में बी-271 के भवन मालिक राघव गोयल पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि जीडीए की प्रवर्तन टीम सभी जोन में निरीक्षण कर रही है।

## नशे में जमकर हुड़दंग कर रहे युवक ने दरोगा को दिया धक्का

**मोदीनगर।** नगर की निवाड़ी रोड पर सोमवार रात एक युवक ने नशे में जमकर हुड़दंग मचाया। सूचना पर मौके पर पहुंचे दरोगा को भी युवक ने धक्का देकर नीचे गिरा दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। नगर की निवाड़ी रोड पर सोमवार रात करीब दस बजे एक युवक शराब पीकर हंगामा करने लगा।

बताया जा रहा है कि युवक आते-जाते लोगों के साथ अभद्रता और मारपीट कर रहा था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दीं। सूचना पर मौके पर पहुंचे दरोगा को भी युवक ने धक्का दे दिया। धक्का देने से वहां से निकल रही कार पर दरोगा जा गिरे।

गनीमत यह रही है कि कार की रफ्तार कम थी,जिस कारण हादसा होने से टल गया। इसके अलावा युवक ने अन्य पुलिसकर्मियों के साथ भी अभद्रता की। बताया जा रहा है कि धक्कामुक्की में दरोगा का मोबाइल भी टूट गया।

किसी ने हंगामा का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि, हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। एसीपी ने बताया कि हुड़दंग करने वाले ने अपना नाम लक्षित शर्मा निवासी स्टाफ क्वाटर्स बताया। आरोपी का शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया गया है।

## समरकूल चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने डीएम से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समरकूल ग्रुप के चेयरमैन और वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार गुप्ता ने गाजियाबाद के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदार से एक सार्थक मुलाकात की। संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि कुछ महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में जिलाधिकारी महोदय से बहुत ही सार्थक मुलाकात हुई है।

## लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत मतदान का अधिकार: वरुण शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** मतदान का अधिकार ही लोकतंत्र में हमारी सबसे बड़ी ताकत है और हमें इसका प्रयोग अवश्य करना चाहिए ऐसा कहना है कौशांबी निवासी और युवा भाजपा कार्यकर्ता वरुण शर्मा का। मतदान का अधिकार सभी में एक समानता का भाव लेकर आता है। चाहे अमीर हो गरीब हो कोई भी भाषा बोलता या किसी भी धर्म को मानने वाला व्यक्ति हो लोकतंत्र में सबके मतदान का एक समान महत्व होता है।



अभी वर्तमान में चल रहे गहन मतदाता निरीक्षण अभियान में वार्ड 72 विशेष कर कौशांबी क्षेत्र मैं सबसे ज्यादा सक्रिय रहने वाले और सभी बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर अधिक से अधिक फॉर्म भरे जाएं ऐसा सुनिश्चित करने वाले वरुण शर्मा का कहना है क्षेत्र के मतदाता बेहद जागरूक है और अपने मतदान के अधिकार को किसी भी हाल में खोना नहीं चाहते हैं इसीलिए हमें क्षेत्र से बेहद अच्छा सहयोग मिल रहा है।

ज्यादातर टॉवर्स में फहअ के प्रतिनिधि बेहद सहयोग कर रहे हैं मानो सब में आपस में एक बड़ी अच्छी प्रतिस्पर्धा है की कौन सा टावर अपने अधिक से अधिक मतदाता रजिस्ट्रेशन करवाता है। एक विशेष अनुभव का जिक्र करते हुए वरुण शर्मा ने बताया की कैलाश टॉवर में रहने वाले आनंदोय चकलध विशेष रूप से दुगापुर पश्चिम बंगाल से अपने और परिवार के फॉर्म भरने के लिए आयेजिससे की वो बाकियो को भी इस काम के लिए प्रेरित कर सके। वरुण शर्मा ने इस अभियान मे सहयोग करने के लिए अशोक परवाल, केवल सेठी, लक्ष्मीकांत चानना, डॉ आचार्या कृति शर्मा, प्रभा सिंह, भाजपा मंडल मंत्री कामिनी भदौरिया, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पूजा मेहरा, सुधीर शर्मा, विवेक, रघुवर दत्त भट्ट का धन्यवाद करते हुए उनके सहयोग को एक बड़ी राष्ट्र सेवा बताया। कौशांबी वासियों ने भी इस अति महत्वपूर्ण अभियान में वरुण शर्मा की भूमिका को बेहद सराहा और बताया की किस तरह वो हमेशा ही राष्ट्र और संगठन के काम के लिए सबसे पहले आगे आते हैं और प्रभावी काम करके दिखाते हैं।

## घरेलू सहायिकाओं के लिए 15 हजार रुपये न्यूनतम वेतन करने की मांग

**गाजियाबाद।** घरेलू कामगार समिति ने घरेलू सहायिकाओं के लिए न्यूनतम वेतन 15 हजार रुपये प्रति माह देने की मांग की है। साथ ही घरेलू कामगार बिल 2017 के मुताबिक सहायिकाओं को पंजीकृत करने की भी मांग की है। मॉडल टाउन में आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के अध्यक्ष कर्नल (सेवानिवृत्त)टीपी त्यागी ने कहा कि भारत सरकार ने पहले 2008 में और फिर 2010 में घरेलू कामगार एक्ट बनाया परंतु बाद में 2017 में एक घरेलू कामगार बिल आया। यह बिल अब तक भी एक्ट नहीं बन सका है। उन्होंने कहा कि घरेलू साहियिकाओं को अक्सर कम वेतन दिया जाता है और काम ज्यादा लेते हैं। कई बार शारीरिक शोषण भी होता है। कहा कि घरेलू कामगार समिति इन्हें शोषण से बचाएगी। वहीं, समिति की अध्यक्ष मोनिका कश्यप ने मांग की कि घरेलू साहियिकाओं को कम से कम वैधानिक अकुशल श्रमिक की तरह समझा जाए, वेतन न्यूनतम 15 हजार प्रतिमाह हो और 2017 बिल के मुताबिक सहायिकाओं का अनिवार्य रूप से पंजीकरण भी होना चाहिए। समिति सचिव आरती देवी, उपाध्यक्ष नीतू कश्यप, कोमल कुमारी, प्रियंका देवी, आशा देवी, मंजू देवी, गुड़िया देवी, मधु, प्रियंका पासवान, शहनाज, पिंकी मौजूद रहीं।

## शिव सेना ( यूबीटी ) की कार्य समिति की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे उप्र के पश्चिमी उत्तर प्रदेश में निवास कर रहे पदेश पदाधिकारी मण्डल प्रमुख, जिला प्रमुख व महानगर प्रमुखों की बैठक पाण्डव नगर इण्ड0 एरिया स्थित सुख सागर फार्म हाऊस में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह ने की तथा संचालन पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी महेश कुमार आहूजा जी ने किया।




बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारी हिन्दुत्व को आधार बनाकर आम नागरिकों की सेवा के लिए कार्य करते हुए, उन्हें संगठन से जोड़कर चल रहे शिव सेना सदस्यता अभियान को गति देने का कार्य करें, साथ ही मुम्बई में होने जा रहे बी0एम0सी0 चुनावों में वहाँ प्रवासी के रूप में ठहर रहे उत्तर भारतीयों से सम्पर्क कर शिव सेना यू0बी0टी0 के पक्ष में मतदान के लिए सम्पर्क बनाकर रखें ताकि बी0एम0सी0 में बहुमत से संगठन के पार्षद पहुँच सके और मुम्बई बी0एम0सी0 पर शिव सेना यू0बी0टी0 का भगवा ध्वज फिर एक बार फहर सकें। गऊ हत्या बन्द कराने एवम् गऊ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलवाने का आवाहन किया। साथ ही साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार उपलब्ध कराने पर भी बल दिया गया। बैठक में प्रदेश महासर्.चव धर्मेन्द्र तोमर न योगेन्द्र शर्मा व प्रदेश संगठक मनोज सैनी, मुरादाबाद मण्डल प्रमुख आर0के0 आर्य, मेरठ जिला प्रमुख संदीप गर्ग, अलीगढ़ से मांगे. राम शर्मा जिला प्रमुख, अशाक पुण्डीर बुलन्दशहर जिला प्रमुख, तेजवीर शर्मा शामली, नीरज रोहिला सहारनपुर, बुलन्दशहर जिला प्रमुख संजय राणा आदि उपस्थित रहे।

## सदरपुर गांव के पास तालाब किनारे घूमने के लिए बनेगा ट्रैक

**गाजियाबाद।** सदरपुर गांव के पास वाले करीब 12 हजार वर्ग मीटर तालाब का सौंदर्यीकरण होगा। इसकी चार दीवारी कर रिटेनिंग वॉल बनेगी। साथ ही तालाब के किनारे मिट्टी डालकर घूमने के लिए ट्रैक बनेगा, जिसपर लोग सुबह शाम सैर कर सकेंगे। इसपर करीब पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे।

मधुबन बापूधाम योजना के पॉकेट-ई से सटे सदरपुर गांव के पास तालाब है। बरसात के दौरान तालाब का पानी खारी भूखंड व सड़क पर बहने लगता है,जिससे क्षेत्र में रहने वाले लोगों को दिक्कत होती है। इस समस्या को दूर करने के लिए अब प्राधिकरण तालाब के चारों ओर रिटेनिंग वॉल बनाकर लोगों के लिए सुरक्षित और सुंदर बनाया जाएगा।

ताकि बरसात के मौसम में पानी ओवरफ्लो न हो और आसपास के प्लाटों में न भरे। साथ ही पानी की निकाली के लिए एक नाली का निर्माण किया जाएगा। तलाब के किनारों पर मिट्टी डालकर ट्रैक बनेगा, जिसपर लोग सुबह व शाम को सैर कर सके।

जीडीए अधिकारियों का दावा है कि इसके लिए जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी, जिसपर करीब पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे। साथ ही ये सभी कार्य बरसात से पहले होने की उम्मीद है।

## सीबीएसई क्षेत्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में दयावती पब्लिक स्कूल के छात्र ने जीता खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** 21 और 22 नवंबर 2025 को उत्तम पब्लिक स्कूल (गर्ल्स), गाजियाबाद में सीबीएसई क्षेत्रीय विज्ञान प्रदर्शनी-2025 का आयोजन हुआ। इस वर्ष प्रदर्शनी का विषय 'विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए 'विज्ञान संकाय ' (STEM) रखा गया था, जिसने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित महत्व को रेखांकित किया।

इस प्रतिष्ठित आयोजन में कुल 68 स्कूलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विद्यालय के आकर्ष ने अपने प्रोजेक्ट्स का




प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी की कक्षा VII-VIII श्रेणी में, दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के छात्र आकर्ष को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विजेता घोषित किया गया। आकर्ष ने अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता से जजों को प्रभावित किया और क्षेत्रीय स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार राणा ने कहा कि यह प्रदर्शनी युवा छात्रों में वैज्ञानिक चेतना और नवाचार की भावना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्कूल प्रबंधन और उपप्रधानाचार्या डॉ गुरमीत गुप्ता ने भी सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## महिपाल ने हॉफ मैराथन में जीता स्वर्ण पदक

**गाजियाबाद।** तमिलनाडु स्थित आरके बीच रोड विशाखापट्टनम पर एसबीआई ग्रीन हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन में जनपद के महिपाल सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल कर नाम रोशन किया।

उन्होंने मैराथन में 55 प्लस आयुवर्ग में भाग लेकर पहला स्थान प्राप्त किया। 300 खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने 21.09 किमी. की मैराथन एक घंटा 31 मिनट में पूरी की। अब 30 नवंबर को वह कलकत्ता में होने वाली जेबीजी हॉफ मैराथन में प्रतिभाग करेंगे।

सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष मौहम्मद असलम कुरैशी ने

## लोगों से एसआईआर के फार्म भरवाकर किए जमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष मौहम्मद असलम कुरैशी के द्वारा लगातार अपने बूथ पर बैठकर एस.आई.आर फॉर्म जो भी बीएलओ द्वारा लोगों को दिए गए हैं। उन फार्मो को भरकर सबमिट करते हुए लोगों की समस्याओं को हल करते हुए लगातार 2 दिन से अपने बूथ पर बैठकर जनता की समस्याओं को हल कर रहे हैं। उनके फार्म में आ रही कोई भी अड़चन ऑनलाइन वोटर लिस्ट आए एवं फॉर्म भरने में आ रही समस्याओं को दूर कर रहे हैं और सही से फॉर्म भरकर बीएलओ को जमा कर रहे है।



## स्कूटी में बस ने शिक्षिका को मारी टक्कर, मौत

**गाजियाबाद।** आरकेजीआईटी कॉलेज की शिक्षिका महिमा की स्कूटी में बस ने टक्कर मार दी। इससे असंतुलित हुई स्कूटी से शिक्षिका सड़क पर गिर गई। सड़क पर सिर लगने से शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें संजयनगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने महिमा को मृत घोषित कर दिया। उधर स्कूटी चला रहे उनके सेवानिवृत पिता प्रभाकर शर्मा मामूली रूप से चोटिल हुए हैं।

## 14वीं मंजिल से गिरकर बैंक मैनेजर की मौत हादसा या सुसाइड में उलझी पुलिस

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन की ऑफिसर्स सिटी-1 सोसाइटी में सोमवार रात तेज धमाके जैसी आवाज आई। सुरक्षा कर्मियों ने पार्किंग क्षेत्र में एक व्यक्ति को गंभीर हालत में पड़ा देखा। बाद में पहचान हुई कि वह 40 वर्षीय रोहित बत्रा हैं, जो बैंक आफ इंडिया की हापुड़ शाखा में ब्रांच मैनेजर के तौर पर कार्यरत थे। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रोहित मूल रूप से बुलंदशहर के निवासी थे और इसी सोसायटी की सातवीं मंजिल पर उनका एक फ्लैट है, जिसे वह किराए पर देकर स्वयं कहीं और रहते थे। सोमवार शाम वह सीधे 14वें फ्लोर पर पहुंचे थे, जहां से गिरने की घटना हुई। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह वहां क्यों गए थे और घटना दुर्घटना थी, आत्महत्या या इसके पीछे कोई और कारण।

## आईटीएस में फ्रेशर्स पार्टी एसपरेंजा का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी साइंस मोहननगर में एमसीए पाठ्यक्रम के नव प्रवेशी छात्रों के लिए संस्था के द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा फ्रेशर्स पार्टी एसपरेंजा का भव्य आयोजन किया गया। आईटीएस समूह के वाईस चौर्मन अर्पित चड्ढा ने अपने सन्देश में कहा कि हमारे नए एमसीए छात्रों के लिए आयोजित यह फ्रेशर पार्टी उनकी नई शुरुआत का उत्सव है।

आईटीएस में हम हमेशा विद्यार्थियों को ऐसा वातावरण प्रदान करने का प्रयास करते हैं जहाँ वे शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और नवाचार की सोच विकसित कर सकें।




कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन आईटीएस निदेशक डॉ सुनील कुमार पांडेय, एमसीए पाठ्यक्रम की कोऑर्डिनेटर प्रो स्मिता कंसल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर आईटीएस समूह के चेयरमैन ने इस आयोजन के लिए हर्ष व्यक्त किया तथा नवागंतुकों को उनके सफल जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

आईटीएस मोहन नगर, गाजियाबाद के निदेशक डॉ सुनील कुमार पांडेय ने छात्रों को शुभकामनायें देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्यक्रम नवप्रवेशी छात्रों को अपने वरिष्ठ सहपाठियों से मिलने एवं एक दूसरे को समझने तथा स्वस्थ टीम भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने सभी छात्रों के उज्जवल तथा प्रकाशमय भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में रंगा.रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, फैशन शो, प्रतिभा प्रदर्शन तथा विभिन्न इंटरएक्टिव गतिविधियों ने पूरे आयोजन को उत्साहपूर्ण बना दिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और ऊर्जा से कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस अवसर पर निर्णायक मंडल की संस्तुति के आधार पर एमसीए प्रथम वर्ष के सौरभ बिराजी। एवं उन्नति रस्तोगी को मिस्टर फ्रेशर एवं मिस0 फ्रेशर घोषित किया गया तथा वंश वशिष्ठ तथा अक्षिता शर्मा को मिस्टर ईव तथा मिस ईव के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एमसीए पाठ्यक्रम के छात्र एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# राम भेद से नहीं, भाव से जुड़ते हैं: केशव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ''हमारे राम भेद से नहीं, भाव से जुड़ते हैं। उनके लिए व्यक्ति का कुल नहीं, उसकी भक्ति महत्वपूर्ण है।

उन्हें वंश नहीं, मूल्य प्रिय हैं, और उन्हें शक्ति नहीं, सहयोग महान लगता है। उप मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि नव्य-दिव्य राम मंदिर का प्रांगण आज केवल भक्ति और आध्यात्मिकता का केंद्र नहीं, बल्कि भारत के सामूहिक सामर्थ्य, सांस्कृतिक उत्थान और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह परिसर आने वाली पीढ़ियों के लिए ''चेतना-स्थली'' की तरह देश को प्रेरित करेगा। श्री मौर्य ने कहा कि राम मंदिर परिसर में निर्मित सप्त



मंदिर भारतीय दर्शन और लोक-आस्था की विविध धाराओं को एक सूत्र में पिरोते हैं। उन्होंने विशेष रूप से माता शबरी के मंदिर का उल्लेख किया, जो जनजातीय समाज के अथाह प्रेमभाव, करुणा और अतिथि-सत्कार की परंपरा का सशक्त प्रतीक है। इसी प्रकार निषादराज का मंदिर उस पवित्र मित्रता की स्मृति को संजोता है, जहां साधन से अधिक साध्य और भावना को महत्व दिया गया। उन्होंने कहा कि एक ही स्थान पर माता अहिल्या, महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अग्राय और संत तुलसीदास की उपस्थिति, भारतीय )षि-परंपरा, ज्ञान परंपरा और भक्ति साहित्य की अखंड परंपरा का अद्वितीय संगम है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि रामलला के दर्शन के साथ-साथ इन सभी महान )षियों के दर्शन एक ही पवित्र भूमि पर होना अपने आप में एक ऐतिहासिक और पावन अनुभव है। उन्होंने यह भी बताया कि परिसर में स्थापित जटायू जी और गिलहरी की मूर्तियां बड़े से बड़े संकल्पों की प्राप्ति में छोटे-छोटे योगदानों के महत्व को दर्शाती हैं। ''यह संदेश अत्यंत सरल है छोटा हो या बड़ा, हर प्रयास किसी महान कार्य को पूर्ण करने का आधार बनता है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने समाज के हर वर्ग महिला, दलित, पिछड़े, अति-पिछड़े, आदिवासी, वंचित, किसान, श्रमिक और युवा को विकास की मुख्यधारा में आगे रखा है। षविकसित भारत का संकल्प 2047 तभी सि( होगा, जब प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक क्षेत्र सशक्त होगा। धर्मध्वज का उल्लेख करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह ध्वज मात्र एक औपचारिक प्रतीक नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का ध्वज है। उन्होंने बताया कि इसका भगवा रंग त्याग, ऊर्जा और तप का प्रतीक है( उस पर अंकित सूर्यवंश की कीर्ति और ओम का स्वर भारतीय आध्यात्मिक शक्ति का बोध कराता है, वहीं को. विदार वृक्ष रामराज्य के सद्गुणों और स्थाई समृ( का प्रतिरूप है। उन्होंने कहा, ''यह धर्मध्वज संकल्प है, सफलता है( यह संघर्ष से सृजन की कहानी और संतों की साधना व समाज की सहभागिता का साकार रूप है।'' यह ध्वज यह भी प्रेरणा देगा कि प्राण जाए पर वचन न जाए तथा कर्म और कर्तव्य की प्रधानता ही विश्व का आधार बने। उन्होंने कहा कि यह ध्वज इस भावना को भी पुष्ट करेगा कि समाज में न बैर हो, न भय और सबके लिए शांति, सुख और सद्भाव बना रहे।

# युरिडा के सीईओ ने किया सीएम ग्रिड फेज-1 के कार्यों का विस्तृत निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ के कई इलाकों में चल रही सीएम ग्रिड परियोजना फेज-1 का मंगलवार को उर्बो रूरल इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट एसोसिएशन (युरिडा) के सीईओ महेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया। सीईओ ने सभी स्थलों पर पहुंचकर कार्य की गुणवत्ता, समय-सीमा और आवश्यक सुविधाओं की चरणबद्ध समीक्षा की। निरीक्षण की शुरुआत पुरनिया-अलीगंज रोड से कुर्सी रोड तक हुई, जहां सैंपल स्ट्रेच, ऑन-स्ट्रीट पार्किंग, फुटपाथ स्टेपिग, टाइल्स कार्य, स्ट्रॉम वाटर ड्रेन व ओवरहेड लाइनों को भूमिगत करने के लिए पावर व ओएफसी डक्ट निर्माण जारी है।

सीईओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता से पूर्ण हों। दूसरा निरीक्षण मंदिर मार्ग से गोल मार्केट-कपूरथला चौराहे तक किया गया। यहां फुटपाथ स्टेपिग, सैंपल स्ट्रेच, टाइलिग और ऑन-स्ट्रीट पार्किंग व्यवस्था पर तेजी से काम हो रहा है। बिजली विभाग से समन्वय कर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। स्थानीय नागरिकों व व्यापारियों ने नई स्ट्रीट डिजाइन और सुंदरता बढ़ने पर प्रसन्नता जताई। तीसरा निरीक्षण इग्नू रोड से एलएन हाउस स्कूल तक सड़क और फुटपाथ संरचनात्मक विकास कार्य प्रगति पर हैं। सैंपल स्ट्रेच व टाइल्स कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। स्थानीय निवा. सियों ने आवागमन सुगम होने और क्षेत्र की सुंदरता बढ़ने पर नगर निगम व युरिडा का आभार जताया। श्री सिंह ने निरीक्षण के बाद कहा कि सभी कार्य तेज गति व गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनवरी तक फेज-1 की संपूर्ण परियोजना पूरी कर ली जाए, जिससे शहरवासियों को जल्द इसका लाभ मिल सके। यह परियोजना लखनऊ को अधिक आधुनिक, व्यवस्थित और आकर्षक रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, डिप्टी सीईओ अरविद श्रीवास्तव, चीफ इंजीनियर सिविल महेश वर्मा, चीफ इंजीनियर आरआर श्री मनोज प्रभात, अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा, पीएमयू टीम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विंध्याचल धाम को बम से उड़ाने की धमकी, एक गिरफ्तार

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में विश्व प्रसिद्ध विंध्याचल धाम को बम से उड़ाने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। धमकी के बाद आनन-फानन में मां विंध्यवासिनी देवी धाम के साथ अष्टभुजा एवं कालीखोह स्थित मां काली मंदिरों की सुरक्षा के लिए एसटीएफ तथा अर्द्ध सैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है एवं तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। उपपुलिस अधीक्षक नवीन चावला ने बताया कि कल रात 112 पर एक व्यक्ति ने सूचना दी कि विंध्याचल मंदिर पर आतंकवादी हमला हो सकता है। सूचना मिलने पर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी।

उन्होंने बताया कि बम की सूचना देने वाले को व्यक्ति को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया गया है। श्री चावला ने बताया कि वह मानसिक रोगी है तथा अपनी मां के साथ रहता है तथा उसका पिछले बीस साल से इलाज चल रहा है। उपपुलिस अधीक्षक के अनुसार तीनों मंदिरों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एसटीएफ एवं पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं।

# माघ मेला-2026: श्रद्धालुओं के लिए नए पार्किंग स्थल बनाए गए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मेला प्रशासन ने माघ मेला-2026 के श्रद्धालुओं के लिए 42 नए पार्किंग स्थल तैयार किए हैं जहां करीब 1,38,215 वाहन खड़े किए जा सकेंगे।

यह पार्किंग स्थल मेला क्षेत्र से महज एक से दो किलोमीटर की दूरी पर बनाए गए हैं। प्रशासन का दावा है कि इस बार आवागमन में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अनुमान जताया है कि करीब 15 करोड़ श्रद्धालु माघ मेले में पहुंचेंगे और बड़ी संख्या में आने वाले वाहनों के लिए चार प्रमुख मार्गों पर



पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की गई है। प्रशासन के अनुसार जौनपुर-वाराणसी मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए झूसी क्षेत्र में 10 पार्किंग एरिया बनाया जा रहा है। इनमें ओल्ड जीटी रोड कछार, सरस्वती पार्किंग झूसी स्टेशन के पास, पुरानी पाठशाला छतनाग, महुआबाग, त्रिवेणीपुरम के पूर्वी और पश्चिमी गेट, चीनी मिल, पूरे सूरदास, नागेश्वर मंदिर और गंगाघाट शामिल हैं। वहीं मिर्जापुर-रीवा-चित्रकूट मार्ग के वाहनों के लिए अरैल क्षेत्र में नौ पार्किंग स्थलों की तैयारी चल रही है। इनमें गजिया, नव प्रयागम प्रथम-द्वितीय-विस्तार, ईशु दरबार, देवरख उपरहार, ओमेक्स सिटी और डीपीएस कछार शामिल हैं। यहां करीब 47 हजार वाहनों के खड़े होने की जगह होगी।

कानपुर, मेरठ और दिल्ली से आने वाले वाहनों के लिए सीएवी इंटर कॉलेज, जीआईसी इंटर कॉलेज, सीएमपी कॉलेज मैदान, राजकीय मुद्रणालय और ईसीसी कॉलेज मैदान सहित कई जगह पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुद्वारे में गुरु की याद दिलाता है तीर और गुरुग्रंथ साहिब

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश जौनपुर में गुरुद्वारा तप स्थान गुरु तेग बहादुर रासमंडल में मंगलवार को सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर का 350वें शहीदी दिवस मनाया गया, गुरुद्वारा में रखा गया गुरु का तीर और गुरुग्रंथ साहिब गुरु की याद दिलाता है। इस अवसर पर गुरुद्वारा में शबद कीर्तन का आयोजन रागी जत्था सरदार बरिंदर सिंह प्रयागराज के द्वारा किया गया और गुरुवाणी का पाठ भी किया गया, इसके बाद लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। गुरुद्वारा के मुख्यग्रंथी सरदार जिओपाल सिंह ने कहा कि देश में जब मुगलों का आधिपत्य मुगल सम्राट औरंगजेब का शासनकाल था, धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से परिस्थितियां प्रतिकूल थीं, ऐसे माहौल में गुरु तेग बहादुर देशाटन पर निकले। उन्होंने कहा कि सिख धर्म के प्रचार-प्रसार के सिल. सिले में असम से दिल्ली वापसी के समय वर्ष 1670 में गुरुजी जौनपुर आए थे। उस समय उन्होंने गुरुद्वारा रासमंडल की पवित्र भूमि पर कई माह रहकर विश्राम और तप किया था। उन्होंने कहा कि यहां से जाते समय गुरुजी ने अपना तीर और अपने हाथ से लिखा गुरुग्रंथ साहिब यहां छोघ दिया था, जो आज भी इस गुरुद्वारा में सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर द्वारा लिखे गए गुरुग्रंथ साहिब को जीर्णोद्धार के लिए दिल्ली भेजा गया है। इसमें दो से ढाई लाख रुपये खर्च आएगा। मुख्यग्रंथी ने कहा कि यह पवित्र ग्रंथ अगले वर्ष में मकर संक्रांति तक गुरुद्वारे में वापस आ जाएगा । उन्होंने कहा कि 1430 पृष्ठों के गुरुग्रंथ साहिब की हस्त लिखित प्रति सफेद रंग के उत्तम कोटि के कागज पर काली रोशनाई से स्पष्ट अक्षरों में लिखी गई है। उन्होंने कहा कि आज भी गुरुद्वारा में रखा गया गुरु का तीर और गुरुग्रंथ साहिब गुरु की याद दिलाता है।

### काशी में अस्सी घाट पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में काशी के प्रसिद्ध अस्सी घाट पर मंगलवार को ''काशी तमिल संगमम-4'' के तहत एक भव्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और काशी तथा तमिल संस्कृति की समृद्ध विरासत को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। घाट पर सुबह से ही रंग-बिरंगी रंगोलियों की छटा देखते ही बनती थी, जिससे स्थानीय लोग के साथ-साथ देश-विदेश से आए पर्यटक भी आकर्षित हुए। प्रतिभागियों ने अपनी रचनाओं में काशी और तमिलनाडु के मंदिर स्थापत्य, लोककलाओं, पौराणिक कथाओं तथा सांस्कृतिक प्रतीकों को बेहद खूबसूरती से उकेरा। किसी ने मदुरै के मीनाक्षी मंदिर को रंगों में सजाया तो किसी ने काशी विश्वनाथ धाम को केंद्र में रखकर अद्भुत कलाकृति प्रस्तुत की। दोनों प्राचीन संस्कृतियों के संगम की झलक इन रंगोलियों में स्पष्ट दिखाई दी। कई विदेशी मेहमानों ने भी गहरी रुचि दिखाते हुए कलाकारों से उनकी कृतियों और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में जानकारी ली। यह भव्य आयोजन बनारस हिदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) द्वारा कराया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन एवं पर्यवेक्षण नोडल अधिकारी प्रो- अंचल श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र कुमार तथा डा. ललित मोहन (चित्रकला विभाग) की देखरेख में संपन्न हुआ। आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को अपनी जड़ों और भारतीय कला परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

### 25 हजार का इनामी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज के गंगानगर जोन के थरवई थाना क्षेत्र में देर रात 25 हजार के इनामी अभियुक्त से पुलिस से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ थरवई थाना पुलिस की सिगरामऊ पुलिया स्थित अंडरपास हाईवे के पास मुठभेड़ में शातिर बदमाश 24 वर्षीय मोनू पाल के दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस ने घायल गिरफ्तार अभियुक्त को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 24 मोबाइल फोन, बिना नंबर प्लेट की एक स्कूटी, अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया गया है। थरवई थाना पुलिस देर रात संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चकिंग कर रही थी। तभी चकिंग के दौरान स्कूटी सवार संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस टीम पर फायरिग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में 25 हजार के इनामी मोनू पाल के दाहिने पैर में गोली लग गई गोली लगने के बाद वह भागने की फिराक में था इसी दौरान पुलिस ने उसे धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त ने थरवई थाना क्षेत्र के गारापुर चौराहे पर स्थित मोबाइल रिपेयरिग की दुकान से 2 नवम्बर 2025 की रात को चोरी की थी। पुलिस उपायुक्त गंगानगर जोन कुलदीप सिंह गुनावत के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ इस मामले में थरवई थाने में मुकदमा दर्ज है, इसी मुकदमे में पुलिस उपायुक्त गंगानगर जोन द्वारा अभियुक्त पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त फतेहपुर जिले के थाना खखरेरू के मोऊद्दीन का पूरा का रहने वाला है, गिरफ्तार अभियुक्त मोबा. इल दुकान से मोबाइल चोरी करता था। चोरी के आरोप में कई बार वह जेल भी जा चुका है।

### कुएं में मिला विवाहिता का शव

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में खेतासराय थाना क्षेत्र के एत्मादपुर गांव में मंगलवार को कुएं से एक विवाहिता का शव बरामद किया गया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले में खेतासराय थाना क्षेत्र के एत्मादपुर गांव में मृतका की पहचान गीता देवी (35), पत्नी सतीश कुमार यादव के रूप में हुई है। उनका शव घर से लगभग 50 मीटर दूरी पर स्थित कुएं में मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि गीता देवी की हत्या कर शव कुएं में फेंका गया है। मृतका के तीन बेटे हैं अंशु यादव (19), प्रांजल यादव (16), श्रेयांश यादव (13) है। प्रांजल यादव ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि पिता का गांव की एक महिला से अवैध संबंध था, जिसको लेकर घर में आए दिन झगड़ा होता रहता था। प्रांजल के अनुसार सोमवार रात विवाद बढ़ने के बाद मां ने बच्चों का रूम बाहर से बंद कर दिया। सभी बच्चे रात में खाना खाकर सो गए। सुबह दरवाजा खुला तो मां घर में नहीं थी। खोजबीन की गई तो कुएं में लाश मिलने की जानकारी हुई। मायके और परिवार का कहना है कि सतीश कुमार यादव का गांव की महिला इन्द्रकला पासवान से प्रेम संबंध था। इसी वजह से पति-पत्नी के बीच पिछले काफी समय से विवाद चल रहा था। मामले में पुलिस ने इन्द्रकला पासवान को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# युवक की गोली मारकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में पुलिस ने एक युवक की हत्या के आरोप में उसके दोस्त को गिरफ्तार किया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार 18 नवम्बर को पीड़ित रमाकांत यादव (29) मुंबई से कामायनी एक्सप्रेस द्वारा घर के लिए रवाना हुआ था, प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर-9 पर उसके ट्रेन से उतरने की सीसीटीवी फुटेज भी मिली थी। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। 19 नवम्बर की रात उसने पत्नी रेखा यादव को फोन कर कहा था कि एक घंटे में घर पहुंच जाऊंगा। परंतु उसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। 20 नवम्बर को घर न पहुंचने पर परिजनों ने मछलीशहर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की और संदिग्धों पर नजर रखी। मंगलवार सुबह सिकरारा थाना क्षेत्र में पुराने बरगदर पुल के पास झाड़ियों में स्थानीय लोगों ने एक शव देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराई तो शव रमाकांत यादव का ही निकला। सिर में गहरे चोट के निशान थे। गुमशुदगी की जांच के दौरान पुलिस को पड़ोस के गांव के युवक अशोक कुमार यादव पर संदेह हुआ, उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने चौंकाने वाली सच्चाई उगल दी। अपर पुलिस अधीक्षक देहात आतिश कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त अशोक कुमार यादव ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि मृतक से उसका पैसे को लेकर विवाद था और पूर्व में दोनों के बीच मारपीट भी हो चुकी थी। इसी रंजिश में उसने हत्या की योजना बनाई। उन्होंने आगे बताया कि प्रयागराज से लौटते समय अशोक ने रमाकांत को अपनी गाड़ी में बैठाया और सिक. रारा थाना क्षेत्र के समाधगंज के पास उसे गोली मार दी। हत्या के बाद पकड़े जाने के डर से उसने शव को पास के जंगल में ले जाकर झाड़ियों में छिपा दिया। अशोक की निशानद. ेही पर पुलिस ने न केवल शव बरामद किया।

# बाइक हादसे मे युवक की मौत तीन घायल

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के फखरपुर इलाके में सोमवार देर शाम को मदन कोठी के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई।

इस गंभीर हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिनमें से एक युवक की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी समेत तीन अन्य का इलाज चल रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रानीपुर थाना क्षेत्र के निवासी नरेंद्र (25 वर्ष) अपनी पत्नी सोनी के साथ रिश्तेदारी में गए थे। सोमवार की शाम लौटते समय बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर मदन कोठी के पास उनकी बाइक को सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। इस दुःखद घटना में नरेंद्र, उनकी पत्नी सोनी और दूसरी बाइक पर सवार मोहम्मद अहमद और अनीस गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद फखरपुर पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में पहुंचने पर चिकित्सकों ने नरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। फखरपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# रिश्वत के आरोप में पुलिस उपनिरीक्षक निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ अनिल कुमार ने भ्रष्टाचार में लिप्त एक पुलिस उप निरीक्षक को निलंबित कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जेल भेज दिया है। सब-इंस्पेक्टर द्वारा मारपीट के मुकदमे में त्वरित कार्रवाई के नाम पर वादी से पांच हजार रुपये रिश्वत मांगने के मामले में कई गई जांच के बाद ए कार्रवाई की गई है । निलंबित उप निरीक्षक लाल बहादुर प्रसाद देवगांव थाने में तैनात थे। वादी आकाश चौहान पुत्र रामजियावन चौहान ग्राम मिर्जापुर थाना देवगांव जनपद आजमगढ़ द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम प्रधान सोनू प्रजापति द्वारा अपने साथियों के साथ पुरानी रंजिश के चलते उनके साथ मारपीट की गई, जिसमें उन्हें चोटें आईं।

घटना के संबंध में थाना देवगांव पर तीन नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना लालबहादुर प्रसाद द्वारा की जा रही है। विवेचना में उसने उपरोक्त तीनों अभियुक्तों को जेल भेजने, चार्जशीट लगाने तथा प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करने के नाम पर वादी से 5000 की रिश्वत राशि की मांग की जा रही है। वादी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मामले को तत्काल संज्ञान में लिया गया तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच हेतु क्षेत्राधिकारी लालगंज को निर्देशित किया गया।

जांच में लालबहादुर प्रसाद प्रथमदृष्टया दोषी पाए गए। जांच में यह भी पुष्टि हुई कि शिकायत में उल्लिखित अवैध धनराशि की मांग करने की बात सत्य पाई गई, जो कि पुलिस विभाग की गरिमा एवं आचरण संहिता के प्रतिकूल है।

# लखनऊ विकास प्राधिकरण ने वरूण विहार के लिए जमीन का लिया कब्जा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने आगरा एक्सप्रेस-वे पर प्रस्तावित वरूण विहार योजना के लिए कल ग्राम- दोना और तेजकृष्ण खेघ में अभियान चलाकर लगभग 105 बीघा जमीन का कब्जा प्राप्त किया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने आज बताया कि आगरा एक्सप्रेस-वे के पास लगभग 6,580 एकघ क्षेत्रफल में वरूण विहार योजना विकसित की जाएगी, जोकि प्रदेश की अब तक की सबसे बघी आवासीय योजना होगी। इसके लिए सदर व सरोजनीनगर तहसील के ग्राम-भलिया, आदमपुर इन्दवारा, बहरू, जलियामऊ एवं मदारपुर, इब्राहिमगंज, नकटौरा, गहलवारा, तेजकृष्ण खेघ, रेवरी, सकरा एवं दोना की भूमि चिन्हित की गई है। उन्होंने बताया कि यहां लगभग 22,403 किसानों से प्राधिकरण के पक्ष में जमीन का बैनामा कराया जाना है।

इस पर तेजी से काम चल रहा है और अभी तक किसानों को 300 करोघ रूपए की मुआवजा राशि वितरित करते हुए लगभग 450 बीघा जमीन का बैनामा कराया जा चुका है। श्री प्रथमेश कुमार ने कहा कि वरूण विहार योजना में कुल 25 सेक्टर होंगे जिनमें 15 हजार से अधिक भूखण्ड सृजित किए जाएंगे। इससे बघी आबादी को आवासीय सुविधा मिलेगी। साथ ही शहर के उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा व लॉजिस्टिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास होगा।

योजना में 800 एकघ से अधिक क्षेत्रफल में ग्रीन बेल्ट, पार्क व वॉटर बॉडीज विकसित की जाएगी, जिसमें 01 अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोल्फ कोर्स व सेंट्रल पार्क होगा। इसके अलावा 300 एकड़ क्षेत्रफल में लॉजिस्टिक पार्क विक. सित किया जाएगा।

# साइबर ठगी से जुड़े आठ लोग गिरफ्तार

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में पुलिस ने मंगलवार को साइबर ठगी से जुड़े आठ लोगों को गिरफ्तार कर इनके पास से 53 एटीएम कार्ड और नौ मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

ए लोग शातिर अंतर्राष्ट्रीय साइबर ठगों के संपर्क में थे। आगरा के थाना साइबर पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी दिल्ली, आगरा, प्रयागराज, फिरोजाबाद और अलीगढ़ के रहने वाले हैं। दो आरा. ेपी पहले भी साइबर ठगी के आरोप में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने इनको ताजगंज इलाके में एक होटल से सभी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आठों आरो. पियों में से सबका काम अलग अलग था। जिनमें एक आरोपी रणवीर खातों का इंतजाम करता था और उसके एवज में खाते में आने वाली रकम का दो फीसदी कमीशन लेता था। दिल्ली के रहने वाला एक और आरोपी देवेंद्र पांच साल पहले दुबई रहता था और वहीं पर साइबर ठगों के संपर्क में आया था। दिल्ली वापस आकर जरूरतमंद लोगों के खाते खुलवाता था और उनके काग. जात अपने पास रख लेता और उसके एवज के खाता धारक को कुछ रकम देता था। पुलिस ने बताया कि कुछ लोग लाओस, वियतनाम और कंबोडिया के साइबर ठगों के भी संपर्क में थे।

# गोंडा में एसआईआर ड्यूटी पर लगे शिक्षक ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंड।** जनपद में चुनावी ड्यूटी में लगे एक शिक्षक द्वारा ज़हर खाकर आत्महत्या कर लेने की घटना ने पूरे प्रशासनिक तंत्र को झकझोर दिया है।

मृतक शिक्षक, जो बीएलओ के रूप में भी नियुक्त थे, ने कथित रूप से मरने से ठीक पहले अपनी पत्नी को फोन कर यह आरोप लगाया कि तरबगंज क्षेत्र की एसडीएम, बीडीओ और लेखपाल द्वारा उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था, जिस दबाव में आकर उन्होंने यह कदम उठाया। शिक्षक ने यह भी कहा कि उन पर अनुचित ढंग से कार्यभार थोपे जाने और लगातार दबाव बनाने की स्थिति बन गई थी। घटना के बाद स्थानीय पुलिस और प्रशासन सक्रिय हो गए, जबकि परिवारजन और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है।

परिवार का कहना है कि शिक्षक को कई दिनों से दबाव झेलना पड़ रहा था और उन्होंने इससे उबरने के लिए अधिकारियों से भी गुहार लगाई थी, परंतु राहत नहीं मिली।

वहीं दूसरी ओर, जिलाधिकारी ने इस दावे को सिरे से नकारते हुए कहा है कि किसी भी अधिकारी स्तर से मृतक पर कोई दबाव नहीं बनाया गया था और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि बाहरी दबाव की बात सत्य प्रतीत नहीं होती और तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उधर, एसडीएम तरबगंज, बीडीओ और लेखपाल पर लगाए गए आरोपों को लेकर भी विभागीय समीक्षा शुरू कर दी गई है। प्रशासन का कहना है कि शिक्षक की आत्महत्या अत्यंत दुखद है, परंतु कारणों की वास्तविकता जांच के बाद ही सामने आएगी। मामले ने कर्मचारी संगठनों और शिक्षकों में भी षवतीखी प्रतिक्रिया उत्पन्न की है, जो डडूटी के दौरान अत्यधिक दबाव और अनावश्यक दखल के मुद्दे को गंभीरता से उठा रहे हैं।

# शॉट सर्किट से कार में लगी आग, जल कर हुई राख

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में मंगलवार अपरा]न प्रयागराज -लखनऊ राजमार्ग के बीच शिवकुटी के पास चलती कार में आग लग गई और देखते ही देखते कार आग के गोले में तब्दील हो गई। राजमार्ग पर कार में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी गई मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कघी मशक्कत से आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कार में आग लगने से उसमें सवार लोगों ने कूद कर अपनी जान बचाई। चश्मदीदों ने बताया कि कार जैसे ही रसूलाबाद इलाके के पास पहुंची और कार में अचानक धुआं उठने लगा और देखते ही देखते कार आग का गोला बन कर जलकर खाक हो गई।

# बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

- छह चोर गिरफ्तार, 16 बाइक बरामद



शाह टाइम्स ब्यूरो

नोएडा। थाना बीटा-2 पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं में सक्रिय एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 16 चोरी की मोटरसाइकिलें, फर्जी नंबर प्लेट और तीन नाजायज चाकू बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में गिरोह का सरगना राहुल सहित रोहित, सुमित, संदेश, सचिन और अर्जुन शामिल हैं। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि टीम ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार सेक्टर चाई-4 के पास जंगल की झाड़ियों में छापा मारकर सभी को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय थे।

यह गैंग खासकर हीरो स्प्लेंडर की रेकी कर चोरी करता था। गिरोह का सदस्य अर्जुन मोटरसाइकिल मिस्त्री है, जो चोरी की नई मोटरसाइकिलों से महंगे पार्ट्स निकालकर ग्राहकों को बेचता था। बाकी सदस्य चोरी की बाइकें बाजार में सस्ते दाम पर बेच देते थे। पकड़े जाने के डर से गैंग के सदस्य अपने पास नाजायज चाकू भी रखते थे। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे पिछले दो वर्षों में ग्रेटर नोएडा, सूरजपुर, नॉलेज पार्क, सेक्टर 39 और अन्य स्थानों से कई दोपहिया वाहन चोरी कर चुके हैं। बरामद 16 मोटरसाइकिलों में से 5 की चोरी की जगहों की पुष्टि हो चुकी है। जबकि 11 अन्य के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। 11 मोटरसाइकिलों के मूल मालिक तथा चोरी की जगह की खोजबीन की जा रही है। गिरोह मोटरसाइकिलों के इंजन और चेसिस नंबर बदलकर उन्हें बेचने की भी कोशिश करता था।

**16 से अधिक मुकदमे दर्ज:** पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि गिरोह के सरगना राहुल के खिलाफ अलग-अलग थानों में चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और नकली नंबर प्लेट से संबंधित 16 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। रोहित, सुमित, संदेश, सचिन और अर्जुन का भी लंबा आपराधिक बैकग्राउंड पाया गया है। इनमें कई अभियुक्त पहले भी आर्म्स एक्ट, चोरी और वाहन चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं। गिरोह क्षेत्र में वाहन चोरी की अधिकांश वारदातों में शामिल रहा है।

# नोएडा विधानसभा में अब तक 30 फीसदी ही फॉर्म भरे

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। जिले में चल रहे निर्वाचक नामावली विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत नोएडा विधानसभा क्षेत्र में अब तक महज 30 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के फॉर्म भरे गए है। प्रशासन के दावे के मुताबिक, 90 फीसदी से अधिक लोगों फॉर्म भरने के लिए दिए जा चुके हैं। दरअसल, गौतमबुद्ध नगर जिले में नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा में एसआईआर का काम सभी मतदान केंद्रों पर चल रहा है। नोएडा विधानसभा क्षेत्र के 752 मतदाता बूथों के अंतर्गत आने वाले सात लाख 71 हजार 82 मतदाताओं के एसआईआर के तहत फॉर्म भरे जा रहे हैं। इस कार्य में बीएलओ बड़े स्तर पर लगे हुए है।

एसआईआर के कार्य की निगरानी के लिए सेक्टर-94 स्थित ट्रैफिक कमांड कंट्रोल सेंटर में जिला प्रशासन द्वारा निगरानी केंद्र बनाया गया है। इस केंद्र से बीएलओ और सुपरवाइजर के कार्यों की निगरानी के साथ समीक्षा भी की जा रही है। केंद्र की कमान संभाल रहे एसडीएम दादरी अनुज नेहरा और तहसीलदार दादरी अजय कुमार ने बताया कि नोएडा विधानसभा में 30 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के फार्म भरे जा चुके हैं। इसके अलावा 10 से 15 प्रतिशत ऐसे मतदाताओं की भी पहचान हो चुकी है कि मतदाता पहचान पत्र पर दिए गए पते पर नहीं है। इसमें ऐसे मतदाता भी शामिल है, जिनका निधन हो चुका है और जिनके दो-दो मतदाता पहचान पत्र बने हुए है। क्षेत्र में मतदाता बीएलओ का पता कर रहे हैं। इसके लिए लोग मतदान केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं। कई सेक्टर और सोसाइटी में लोगों को समस्या यह भी आ रही है कि उन्हें अपने मतदान केंद्र का ही पता नहीं है। कंट्रोल रूम का हेल्प लाइन नंबर भी जारी किया गया है। इस नंबर पर मतदाता सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक फोन करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कंट्रोल रूम के नंबर से भी ले कर सकते हैं सूचना जिला प्रशासन की तरफ से मतदाताओं की सुविधा के लिए अस्थाई कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर 9217207199 भी जारी किया गया है। इस नंबर पर सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक मतदाता फोन करके सूचना प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा 1950 पर भी फोन करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आरडब्ल्यूए और एओए की भी ले रहे मदद एसआईआर के तहत फार्म भरने में सेक्टर और सोसाइटी के आरडब्ल्यूए और एओए पदाधिकारियों की भी मदद ली जा रही है।

# नोएडा में साइबर फ्रॉड के 31.67 करोड़ वापस मिले

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। नोएडा में पिछले 2 सालों में नोएडा पुलिस ने साइबर ठगी के 31 करोड़ 67 लाख 64 हजार रुपए पीड़ितों को वापस दिलाए, जबकि 52 करोड़ 85 लाख 87 हजार रुपए को फ्रीज कराया गया। इसके अलावा अक्टूबर 2023 से नवंबर 2025 के बीच कुल 2,073 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 4,401 मोबाइल नंबर और 453 आईएमईआई नंबर जो फ्रॉड में इस्तेमाल हुए थे, उन्हें ब्लॉक किया गया।

पुलिस उपायुक्त (साइबर) श्रीमती शैव्या गोयल ने बताया कि 'साइबर जागृत भारत' अभियान के तहत कमिश्नरेट साइबर क्राइम पुलिस ने अब तक दो लाख से अधिक छात्रों को विभिन्न विद्यालयों को ऑनलाइन जोड़कर साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया है।

अभियान के दौरान छात्रों, कॉलेज और स्कूल स्टाफ को साइबर हाइजीन, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, साइबर बुलिंग, फिशिंग, डेटा थेफ्ट, क्रेडिट कार्ड फ्रॉड, सोशल मीडिया अपराध और अन्य जोखिमों से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

**तीन लाख नागरिक बने जागरूक:** आरडब्ल्यूए सेक्टर्स और एओए सोसाइटी में तीन लाख से अधिक नागरिकों को समूह बनाकर और साइबर सुरक्षा लिंक साझा करते हुए जागरूक किया गया। इसके अलावा विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को भी विशेष अभियान के माध्यम से साइबर अपराधों से बचाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस का कहना है कि जागरूकता अभियान के बाद साइबर फ्रॉड के मामलों में कमी आई है, हालांकि अभी भी कई लोग जानकारी के अभाव और लापरवाही के चलते फ्रॉड का शिकार हो रहे हैं।

# पुलिस ने 12 घंटे में दोनों हत्यारोपी को पकड़ा

## प्रेमिका की बेटी से बात करना नहीं था पसंद, दोस्तों के साथ मिलकर गला घोंटा



शाह टाइम्स ब्यूरो

नोएडा। थाना फेज-2 क्षेत्र में एक युवक की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पुलिस ने 12 घंटे के भीतर ही दोनों आरोपियों को एनएसईजेड के पास स्थित ग्रीन बेल्ट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान अल्ताफ और फैजान के रूप में हुई है, जो हापुड़ जिले के रहने वाले हैं।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी वेल्डिंग और स्टील के गेट बनाने का काम करते हैं। फैजान पिछले 5-6 दिन पहले ही अल्ताफ के साथ हेल्पर के रूप में काम करने आया था। अल्ताफ अपनी प्रेमिका की नाबालिग बेटी से प्रेम करने वाले ओमकार की हरकतों से नाराज रहता था। उसे अपनी प्रेमिका की बेटी से बात करने से मना करता था। लेकिन ओमकार बार-बार ऐसा करता रहा। 23 नवंबर को अल्ताफ की प्रेमिका अपनी बहन की शादी में गांव चली गई थी। उसी दिन शाम को ओमकार प्रेमिका की बेटी के कमरे के नीचे गली में घूम रहा था। जिसे देखकर अल्ताफ को गुस्सा आ गया।

**ऊपर बुलाया सिगरेट पिलाई:** अल्ताफ ने ओमकार को प्यार से ऊपर बुलाया और मीठी बातें करते हुए समझाया। ओमकार ने सिगरेट के लिए कहा तो अल्ताफ ने नीचे दुकान से उधार लाने को कहा। ओमकार सिगरेट लेकर आया। कमरे में अल्ताफ, फैजान और ओमकार थे। सिगरेट पी और दोनों के साथ अपने कमरे में बातचीत करता रहा। अल्ताफ ने उसे प्रेमिका की बेटी से बात न करने और पीछा छोड़ने के लिए कहा कि वह उसको प्यार करते हुए कहा कि वो उसको प्यार करता है, बात करना नहीं छोड़ सकता।

**गला घोटा और भाग गए:** इस इंकार से गुस्साए अल्ताफ ने फैजान की सहायता से अपने हाथों से गला घोंटकर ओमकार की हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों ने कमरे का ताला बंद किया और मोटरसाइकिल से चले गए। बाइक एन एसईजेड मेट्रो स्टेशन के पास झाड़ियों में छिपा दी। मृतक का मोबाइल भी वहीं फेंक दिया। 25 नवंबर को जब फैजान अपनी मोटरसाइकिल लेने के लिए एन एसईजेड मेट्रो स्टेशन के पास आए तो मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## एक नजर

### बेकाबू कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत




ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)। कासना कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की दोपहर बेकाबू कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कासना कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूलरूप से पूर्णिया बिहार के रहने वाले मनोज बहरदार कासना क्षेत्र में झुग्गी झोपड़ी में परिवार के साथ रहते हैं। मनोज ने पुलिस को बताया कि सोमवार को उसका बेटा श्रवण कुमार अपने दोस्त की बाइक पर कासना कस्बे की तरफ जा रहा था।

अमीचन्द इंटर कॉलेज के समीप एक बेकाबू कंटेनर ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में श्रवण की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फोन कर परिजनों को सूचना दी। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले में मृतक युवक के पिता की शिकायत पर कंटेनर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बुजुर्गों के लिए डाकघर ने शुरू की नई सुविधा

नोएडा (शाह टाइम्स)। डाक विभाग ने बुजुर्ग पेंशनरों के लिए एक बड़ी सुविधा शुरू की है, जिसके तहत अब नोएडा में पोस्टमैन घर पहुंचकर उनके जीवन प्रमाणपत्र तैयार करेंगे। यह कदम विशेष रूप से उन बुजुर्गों के लिए अत्यंत उपयोगी है, जिन्हें चलने-फिरने में कठिनाई होती है या कोषागार और बैंकों के चक्कर नहीं लगा पाते। पहले पेंशनरों को हर वर्ष नवंबर माह में जिला कोषागार में अपने जीवित होने का प्रमाणपत्र जमा करने के लिए लंबी कतारों और परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब इस नई सुविधा के बाद उन्हें घर बैठे ही यह सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

मुख्य डाकघर के सीनियर पोस्ट मास्टर मनोज कुमार के अनुसार पेंशनर को बस अपने नजदीकी डाकघर से संपर्क कर आवेदन करना होगा, जिसके बाद निर्धारित तिथि पर पोस्टमैन उनके घर पहुंचेगा और बायोमेट्रिक डिवाइस के माध्यम से आधार सत्यापन तथा अंगूठा प्रमाणीकरण करके प्रमाणपत्र तैयार कर देगा। इसके लिए मात्र 70 रुपये का मामूली शुल्क लिया जाएगा, जबकि प्रमाण पत्र तैयार होते ही उसका संदेश पेंशनर के मोबाइल नंबर पर प्राप्त हो जाएगा, साथ ही पेंशनर यदि चाहें तो रमणअंदचतर्डडे.हवअ.पद पोर्टल से भी इसे डाउनलोड कर सकते हैं। इस सेवा का लाभ नोएडा के हजारों पेंशनरों को मिलेगा, जिनमें 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों की संख्या भी काफी है। यह सुविधा उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है, क्योंकि कई बार स्वास्थ्य समस्याओं और दूरी की वजह से वे समय पर कोषागार नहीं पहुंच पाते थे।

### संदिग्ध बुखार से चार की मौत

ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे में संदिग्ध बुखार का प्रकोप देखा जा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पिछले लगभग एक महीने में संदिग्ध बुखार की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो चुकी है। सोमवार को भी इसी तरह के बुखार से एक महिला की जान चली गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है।

स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कस्बे में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की जांच और परीक्षण करने की अपील की है ताकि बीमारी का पता लगाया जा सके और इसे फैलने से रोका जा सके।

जानकारी के अनुसार, कस्बे के मोहल्ला लक्ष्मीबाई नगर निवासी कालू की पत्नी कल्पना (41) को करीब चार दिन पहले बुखार आया था। उन्हें पहले बुलंदशहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जब उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ी, तो डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में रेफर कर दिया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान कल्पना की मौत हो गई। उनके पति कालू ने बताया कि कल्पना को चार दिनों से बुखार था और इलाज के दौरान उनका शुगर लेवल बढ़ गया था, जबकि ब्लड प्रेशर कम हो गया था। इस मामले पर जेवर सीएचसी प्रभारी डॉक्टर शफे ने बताया कि महिला की मौत संक्रामक परजीवी रोग के कारण हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कई बार लंबे समय तक बुखार रहने से यह रोग बढ़ जाता है, जिससे मरीज की जान जा सकती है।

# एक माह पहले बनी सड़क भी उखड़ने लगी

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। हाईटेक शहर ग्रेटर नोएडा में गड्ढायुक्त सड़कों की समस्या खत्म नहीं हो रही। वहीं, एक माह पूर्व बनाई गई सड़क भी उखड़ने लगी है। लोगों का कहना है कि मुख्य सड़कों के साथ सेक्टरों के अंदर और सर्विस मार्ग पर गड्ढे परेशानी बन रहे हैं।

रात के अंधेरे में हादसे का खतरा बना रहता है। धूल उड़ने से वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। बीते माह शासन स्तर पर हुई उच्च स्तरीय बैठक में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र की सड़कों को 15 नवंबर तक गड्ढामुक्त किए जाने का दावा किया गया था। टूटी सड़कों की मरम्मत (रिसर्फेसिंग) का काम भी मार्च 2026 तक पूरा किए जाने की बात कही गई थी। इसके बावजूद सड़कों पर गड्ढे की समस्या जस की तस बनी हुई है।

नॉलेज पार्क-1,2 और 3, सूरजपुर-कासना मार्ग, डीएससी मार्ग पर तिलपता और सूरजपुर में, औद्योगिक सेक्टरों, सेक्टर डेल्टा-1 विप्रो गोलचक्कर, सेक्टर डेल्टा-2 एस्टर पब्लिक स्कूल के पास, गेट नंबर-1 के समीप आदि स्थानों पर गड्ढे हैं। सड़क उखड़ने से धूल उड़ रही है। इससे वायु प्रदूषण में इजाफा हो रहा है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) की पाबंदियां लागू होने से निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है, इसलिए सड़कों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। पाबंदी हटते ही काम शुरू करा दिया जाएगा। वहीं, लोगों का कहना है कि वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर हर साल नवंबर और दिसंबर में निर्माण कार्यों पर रोक लगानी पड़ती है। यह जानते हुए भी गड्ढों को भरने का काम समय से पूरा नहीं किया गया।

**928 गड्ढे चिन्हित किए गए थे:** प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में सड़कों पर 928 गड्ढे चिन्हित किए गए थे। बीते माह तक 600 से अधिक गड्ढों को भरने दावा किया गया था। शेष गड्ढों को भरने का काम 15 नवंबर तक किया जाना था, लेकिन आज भी सड़कों पर बड़ी संख्या में गड्ढे मौजूद हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राधिकरण ने कुल 106.57 किलोमीटर सड़क की मरम्मत का लक्ष्य निर्धारित किया था। इसमें से 58.83 किलोमीटर सड़क की मरम्मत का कार्य अब तक हो चुका है।

# टावर से उपकरण चुराने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। मोबाइल टावर से उपकरण चोरी करने वाले तीन चोरों को पुलिस ने लोगों की मदद से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी की आरआरयू डिवाइस और घटना में प्रयुक्त एक कार बरामद हुआ।

कासना पुलिस के मुताबिक, सोमवार की रात कस्बे में लगे एक मोबाइल टावर से तीन चोर आरआरयू डिवाइस चोरी कर भाग रहे थे। आसपास मौजूद लोगों ने चोरों को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी की गई आरआरयू डिवाइस और एक कार बरामद की गई। कासना कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान दिलीप निवासी ग्राम वेला सुल्तानपुर, जिला मऊ, वर्तमान पता नवादा, श्रीराम निवासी गड़िया, जिला मैनपुरी, वर्तमान पता मुबा. रकपुर और राजकुमार निवासी बबुवापुर, जिला मऊ, वर्तमान पता डेल्टा वन ग्रेटर नोएडा के रूप में हुई।

# ठगी करने वाले फर्जी कॉल सेंटर के तीन शातिर गिरफ्तार




शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। नोएडा के फेज-1 थाना पुलिस ने जॉब प्लेसमेंट नाम से लोगों से ठगी करने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। इस मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम विशाल राघव, आमिर उस्मानी और वरुण हैं। ये तीनों मिलकर कॉल सेंटर के मालिकों को बैंक खाता उपलब्ध कराते थे और बेरोजगारों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे ठगी करते थे। अब तक इनके द्वारा करीब 200 से अधिक लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से सात मोबाइल फोन, चार डेबिट कार्ड, पासबुक, एक फिनो कांबो बैंक किट और चार कंपनी के जॉइनिंग दस्तावेज बरामद किए हैं।

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया-विशाल अपने साथियों आमिर उसमानी और वरुण कुमार के साथ मिलकर बैंक खातों, डेबिट कार्ड, चेक बुक और प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड खरीदता है। विशाल बैंक खातों की जानकारी फर्जी कॉल सेंटर के मालिक अनुज कुमार और रोमेश को देता था। अनुज और रोमेश बेरोजगार लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करते और पैसे मांगते थे। इस दौरान विशाल पास. बुक, चेक बुक, एटीएम कार्ड और डेबिट कार्ड अपने पास रखकर नकद निकालता था। अपना कमीशन काटकर अनुज और रोमेश को दे देता था। तीनों मिलकर अनुज और रोमेश को बैंक खाते और सिम कार्ड उपलब्ध कराते है। वरूण कुमार द्वारा चलाए जाने वाले इस कॉल सेंटर में "जॉब प्लेसमेंट" के नाम पर बेरोजगारों से पंजीकरण और प्रोसेसिंग शुल्क वसूला जाता है।


**बैंक खातों में पैसा करते थे मूव:** उन्होंने बताया प्रोसेसिंग फीस से मिली राशि को यह नेटवर्क फर्जी बैंक खातों और सिम कार्ड के जरिए घुमाता था। वरुण कुमार एक इंडिपेंडेंट कॉल सेंटर भी संचालित करता था, जिसके माध्यम से वह बेरोजगार व्यक्तियों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करता था। उनसे धनराशि वसूलता था। अनुज और रोमेश को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

### नवजात बच्चे को मकान की छत पर छोड़ा

यमुना सिटी। जेवर के साबौता गांव में मंगलवार को मां की ममता को शर्मशार कर देने वाली घटना सामने आई। यहां एक मकान की छत पर किसी ने नवजात को छोड़ दिया। लोगों की सूचना पर पुलिस ने बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया है। साबौता गांव स्थित एक मकान रहने वाले लोगों ने सुबह करीब पांच बजे बच्चे के रोने की आवाज सुनी। छत पर गए तो वहां एक नवजात बच्चा मिला। वह उसे छत से उठाकर लाए। उसकी मां की तलाश की गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची जेवर कोतवाली पुलिस ने नवजात को कब्जे में लेकर जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसे एनआईसीयू में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।

# 27 को नोएडा आएंगे योगी आदित्यनाथ

## अस्पताल, भंगेल एलिवेटेड और नोएडा जंगल ट्रेल का करेंगे शुभारंभ



जायजा लेते हुए अपने अधिकारियों को निर्देशित किया। पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी ने हेलीपैड का भी निरीक्षण किया।

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 27 नवंबर को नोएडा के सेक्टर 50 में नवनिर्मित मेदांता अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इसको लेकर पुलिस, जिला प्रशासन के अधिकारियों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

इसको लेकर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह तथा गौतमबुद्ध नगर की जिलाधिकारी मेधा रूपम के अलावा नोएडा प्राधिकरण की टीम सीएम के आगमन की तैयारियों में लगी है। हाल ही में पुलिस ओर प्रशासन की टीम ने अस्पताल में पहुंचकर कार्यक्रम के बारे में अस्पताल के प्रबंधन से जानकारी ली। वहां की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी का

**दोपहर एक बजे होगा कार्यक्रम:** जिला प्रशासन के अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी 27 नवंबर को नोएडा के सेक्टर 50 स्थित नवनिर्मित मेदांता अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। सकते हैं। कार्यालय से मिले निर्देश के अनुसार अधिकारियों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। मेदांता में 27 नवंबर को दोपहर का कार्यक्रम होगा।

**मेरठ और गाजियाबाद में भी कार्यक्रम:** 27 नवंबर को मुख्यमंत्री सुबह के समय पहले गाजियाबाद आएंगे। वहां पर मेरठ रोड पर जैन समाज द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा एक प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद नोएडा आएंगे। मुख्यमंत्री के नोएडा आगमन के दौरान भंगेल एलिवेटेड रोड का भी उद्घाटन हो सकता है लेकिन अभी इसका विधिवत कार्यक्रम नहीं आया है।

### प्रधानमंत्री मोदी करेंगे पद्म भूषण आचार्य रत्नसुंदरसूरी की 500वीं पुस्तक का लोकार्पण

# युगपुरुष की ऐतिहासिक उपलब्धि का शंखनाद

- पद्मभूषण से सम्मानित, परम पूज्य आचार्य श्री रत्नसुंदरसूरीश्वरजी महाराज साहेब के 500 वें ग्रंथ के विश्व-कल्याणकारी विमोचन का अवसर है- 'ऊर्जा महोत्सव'



आध्यात्मिक तेज का प्रमाण है।

मुंबई। गुजरात की गौरवशाली विरासत और भारतीय संस्कृति के मार्गदर्शक- पद्मभूषण अलंकरण से विभूषित परम पूज्य आचार्य रत्नसुंदरसूरिश्वरजी महाराज साहेब' के 500 वें ग्रंथ 'प्रेमनु विश्व, विश्वनो प्रेम' अर्थात 'प्रेम का विश्व, विश्व का प्रेम' के प्रकाशन के उपलक्ष्य में एक भव्य 'ऊर्जा महोत्सव' का आयोजन किया गया है।

यह छह दिवसीय भव्य आयोजन 7 से 12 जनवरी 2026 तक रिचर्ड्स एंड क्रूडास जम्बो फैसिलिटी सेंटर, मुलुंड, मुंबई में आयोजित होगा। इस ऐतिहासिक आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस ग्रंथ का विमोचन भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के करकमलों से 11 जनवरी 2026 को संपन्न होगा। प्रधानमंत्री जी की यह गौरवशाली उपस्थिति आचार्यश्री के वैश्विक प्रभाव और

**विश्ववंदनीय प्रवचनकार और युवा परिवर्तन के प्रेरणास्रोत**

वर्धमान तपोनिधि, परम पूज्य गुरुदेव श्री भुवनभानुसूरिश्वरजी महाराज साहेब' के आशीर्वाद से आचार्यश्री पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से अपने प्रवचनों द्वारा समाज को जागृत कर रहे हैं। वे एक अत्यंत प्रभावशाली और विश्वविख्यात वक्ता हैं, जिनके प्रवचनों से लाखों युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उनके मार्गदर्शन ने असंख्य युवाओं ने नैतिकता, संस्कार और सकारात्मक जीवनशैली अपनाई है, अनेक लोगों ने व्यसन और नकारात्मक विचारों से मुक्ति पाई है तथा जीवन को नई दिशा दी है।

**साहित्य सम्राट की अद्वितीय उपलब्धि-500 ग्रंथों का लेखन**

आचार्यश्री ने केवल प्रवचनों के माध्यम से ही नहीं, बल्कि अपने लेखन से भी समाज का मार्गदर्शन किया है। फैमिली, स्ट्रेस मैनेजमेंट, पॉजिटिविटी और ह्यूमैनिटी जैसे 80 से अधिक संवे. दनशील विषयों पर उन्होंने गुजराती भाषा में 500 पुस्तकें लिखकर साहित्य जगत में एक अद्भुत कीर्तिमान स्थापित किया है। इस असाधारण साहित्यिक योगदान के लिए उन्हें दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित किया गया है। उनका स्पष्ट संदेश है राष्ट्र को नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक एकता के सूत्र में बांधना, जिसे वे अपने प्रवचनों और लेखन के माध्यम से पूरे राष्ट्र को दे रहे हैं।

**आध्यात्मिक संगम और राष्ट्र के प्रमुख नेताओं की उपस्थिति**

आचार्यश्री के तेजस्वी व्यक्तित्व और प्रेरणादायी विचारों के कारण देश के कई शीर्ष नेता उनसे आशीर्वाद लेने के लिए नियमित रूप से मिलते रहते हैं। उनमें आरएसएस प्रमुख श्री मोहन भागवत, केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह, श्रीमती सोनिया गांधी, श्री राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जैसे राष्ट्र-नेताओं का समावेश है।

# धान क्रय केंद्रों पर गड़बड़ी का आरोप

■ आम आदमी पार्टी की महिला नेता ने किया हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मंडी समिति में धान की खरीद और तोल में लगातार हो रही गड़बड़ियों को लेकर किसानों की शिकायतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र के किसानों की इन गंभीर शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए आम आदमी पार्टी की रोहिलखंड प्रांत की उपाध्यक्ष सुनीता गंगवार एड ने मंगलवार को नवाबगंज मंडी स्थल पहुंचीं। जैसे ही उनके आने की खबर फैली, वहां पहले से परेशान किसानो ने उन्हें चारों ओर से घेरकर अपनी समस्याएं बताने लगे।

किसानों ने आरोप लगाया कि वे रात-रात भर ठंड में ट्रालियां लेकर मंडी में खड़े रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद उनकी धान की तोल नहीं की जाती। जब तोल होती भी है तो धान में जबरन कमियां निकालकर ट्रालियों को लौटा दिया जा रहा है। किसानों ने यह भी खुलासा किया कि कुछ ट्रालियां "बैक डोर" से मंडी के अंदर लाई जाती हैं और उनकी तोल कर ली जाती है।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि किसानों के साथ किया जा रहा यह व्यवहार न केवल अमानवीय है बल्कि सरकार की नीति के भी खिलाफ है। सरकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सभी किसानों की धान की निष्पक्ष और पारदर्शी तोल होनी चाहिए, लेकिन यहां खुलेआम नियमों की अनदेखी की जा रही है। मौके पर मौजूद रहकर सुनीता गंगवार ने सभी ट्रालियों की अपने सामने से तोल करवाई और कर्मचारियों को चेतावनी दी कि अगर आगे ऐसी शिकायतें मिलीं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि धान में मानकों के नाम पर जान-बूझकर कमियां निकाली जा रही हैं, जबकि उन्हीं "कमी वाली" ट्रालियों को चोरी-छिपे बैक डोर से लाकर तोल दिया जाता है।

कागजी कार्रवाई में भी जानबूझकर देरी की जा रही है, जिससे किसानों को कई दिनों तक सड़कों पर ट्रालियां खड़ी करके मजबूरन इंतजार करना पड़ रहा है। इससे किसान बेहद परेशान और आक्रोशित हैं। सुनीता गंगवार ने घोषणा की कि 8 दिसंबर से ओसवाल के बकाया भुगतान को लेकर होने वाले धरने में किसानों की इन सभी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी।

# सड़क को गड्ढा मुक्त करने वाला ठेकेदार अधूरा काम छोड़ भागा

■ सड़क पर गड्ढों से राहगीरों का रास्ता चलना हुआ मुश्किल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे के मुख्य मार्ग पर गहरे गड्ढों को पाटकर सड़क को गड्ढा मुक्त करने बाला ठेकेदार कार्य को अधूरा छोड़ गया है। पिछले एक माह से कार्य ठप्प पड़ा होने से ग्रामीण बेहद परेशान हैं।सड़क पर गहरे गड्ढे दुर्घटना को जन्म दे रहे हैं। साथ ही सड़क की पैचिंग करने से पहले पड़े पत्थर उछलकर राहगीरों को चोटिल कर रहे हैं।

बताते चलें कि शीशगढ़ से धनेटा मार्ग लोकनिर्माण विभाग द्वारा बनाया गया है।इसी मार्ग पर शीशगढ़ कस्बे के बीच से गुजर रही करीब दो किलोमीटर की मुख्य सड़क बरेली बस अड्डे से लेकर विलासपुर वस अड्डा तक मरम्मत न होने से गड्ढों में तब्दील हो चुकी है।

गत वर्ष ठेकेदार ने सड़क की मरम्मत करना कागजों में दर्शकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर लिया था। चेयरमैन नीलोफर ने जब लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखा और जी पी एस कैमरे से सड़क पर गहरे गड्ढों के फोटो भेजे तो खलबली मच गई, जिस खबर को दैनिक जागरण ने प्रमुखता से छापा था। फिर आनन फानन में ठेकेदार ने सड़क के गड्ढों पर पत्थर डालकर पाटन शुरू कर दिया। अभी सड़क के कुछ हिस्से के ही गड्ढे भरे गए थे कि ठेकेदार कार्य को अधूरा छोड़कर चला गया।जो गड्ढे भरे गए थे वह भी उखड़ने लगे थे।पैचिंग करने को सड़क पर पड़ी पत्थर की गिट्टी से वाहन फिसलने से ग्रामीण चोटिल हो रहे है।

## चेयरमैन नीलोफर ने लोकनिर्माण विभाग से की शिकायत

चेयरमैन नीलोफर ने लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर ठेकेदार द्वारा सड़क को गड्ढा मुक्त करने के कार्य को अधूरा छोड़ दिए जाने की शिकायत की है। सड़क के गड्ढों में पड़ा पत्थर दुर्घटना को जन्म दे रहा है। पत्थर पर बाइक फिसलने से ग्रामीण चोटिल भी हो रहे हैं, लेकिन इसकी परवाह ठेकेदार को नहीं है।जिस कारण कस्बे की मुख्य सड़क पर हर रोज जाम लगने की समस्या से ग्रामीण परेशान है। चेयरमैन नीलोफर ने जल्द ही सड़क को गड्ढा मुक्त किए जाने की मांग दोहराई है। अधिशासी अभियंता भगत सिंह ने बताया कि उन्हें जानकारी है कि इस सड़क का पैचिंग कार्य पूर्ण हो चुका है। अगर अभी अधूरा है तो उसे जल्द पूर्ण कराया जाएगा।

# राम मन्दिर पर पताका लगते ही मठ मंदिरों में गूंजे घंटे घड़ियाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** श्रीराम जानकी विवाह पंचमी के अवसर पर सप्तपुरियों में श्रेष्ठ श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के शिखर पर ध्वजारोहण होते ही सेंथल नगर के ठाकुर द्वारा मन्दिर, सुदामा मन्दिर, श्री शिव पार्वती मौर्य मन्दिर, महर्षि कश्यप शिव मन्दिर, ब्रह्मदेव स्थल सहित इत्यादि देव स्थानों पर घंटे घड़ियाल बजाकर आरती, कीर्तन प्रारम्भ हुआ व कर प्रसाद वितरण किया गया। श्री राधाकृष्ण मन्दिर में श्री सुन्दरकांड व श्री हनुमान चालीसा का का पाठ पढ़ा गया, व मठ मंदिरों के शिखरों पर धर्म ध्वजा फहराई गयीं। सभी लोगों ने टीवी व सोशल प्लेटफार्म पर इस कार्यक्रम को लाइव टेलीकास्ट देखा व मुख्यमंत्री, सरसंघचालक व प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन सुना। ,

नौ नवम्बर,क्षपांच अगस्त, बाइस जनवरी के बाद पच्चीस नवम्बर की तिथि भी सनातन धर्मियों के स्वर्णिम इतिहास में दर्ज हो जायेगी। राम जन्मभूमि मन्दिर के मुख्य शिखर पर लगने वाली धर्मध्वजा 18 फिट की लम्बाई और नौ फिट की चौड़ाई में भले नाप लें, लेकिन सत्य तो यह है कि सनातन धर्म के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की प्रतीक इस पताका से सम्पूर्ण विश्व के राम भक्त आच्छादित होंगे। कार्यक्रम में श्याम स्वरूप गुप्ता, विहिप जिला मंत्री अविनाश मिश्रा, राहुल गुप्ता, राजीव गुप्ता, डॉ. सौरभ गुप्ता, राकेश चन्द्र गुप्ता, घनश्याम दास, पं0 श्रवण कुमार, अनुभव शर्मा, रमेश सक्सेना, आशीष देवल, उमाकांत जोशी, विजय यादव, हरिशंकर मौर्य, पारस गुप्ता, डॉ. पी. के. विश्वास, हर्षित गुप्ता, कान्ता प्रसाद प्रजापति, इंछाराम, अजय गुप्ता, सुशील गुप्ता, आयुष गुप्ता, अनुज भारद्वाज, राजेन्द्र यादव, सत्यपाल यादव, अनुकूल शर्मा, डॉ. लेखराज मौर्य, सेवाराम मौर्य, हिमांशु अग्रवाल, संदीप सागर, प्रबीत पाठक व उनकी मंडली आदि लोग रहे।

# शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध

■ अब कर रहा है दूसरी जगह शादी, पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मामला थाना क्षेत्र के एक गांव का है। गांव की एक युवती का उसके जनपद रामपुर के थाना खजुरिया गांव के रिश्तेदार का उसके घर आना जाना था। जिससे उसका प्रेम प्रसंग हो गया।

आरोप है कि सात साल पहले बने प्रेमी प्रेमिका के बीच कई बार शारीरिक संबंध भी बने। धीरे धीरे प्रेम प्रसंग शादी के रिश्ते में बदल गया। दोनों के घर वाले भी इस रिश्ते के लिए तैयार हो गए। आरोप है कि युवक ने कई स्थानों पर उसे बुलाकर उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाए। कोतवाली नवाबगंज में दी गई तहरीर में युवती ने बताया कि पिछले दो माह से उसके प्रेमी ने उसका मोबाइल नंबर ब्लेक लिस्ट में डाल दिया है। उसने बताया कि अब उसका प्रेमी जिले की तहसील बहेड़ी के गांव से अपनी शादी कर रहा है। जब उसने दूसरे नम्बर से उसके परिवार वालों से बात की तो उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी। क्षेत्र की इस युवती ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है।

# तीन बांग्लादेशी बहनों और झोलाछाप के खिलाफ चार्जशीट दाखिल, अगस्त में हुई थी गिरफ्तारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पुलिस ने दो महीने तक अभियान चलाकर अवैध प्रवासियों को चिह्नित किया था। इस दौरान चार बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए थे। इनमें तीन सगी बहनें हैं। एक झोलाछाप डॉक्टर है। चारों के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है।

रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों को चिह्नित कर उनको वापस भेजने के लिए शासन के आदेश पर कार्रवाई होनी है। बरेली में पुलिस ने जून में ही दो महीने का अभियान चलाकर अवैध प्रवासियों को चिह्नित कर लिया था। इनमें दस से ज्यादा बांग्लादेशी नागरिकों के यहां होने की पुष्टि हुई थी। दो रिपोर्ट दर्ज कर तीन सगी बहनों व एक झोलाछाप को जेल भेजा गया था। अब दोनों मामलों में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर पुलिस व एलआईयू ने जून में अभियान की शुरुआत की थी। इस दौरान झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे व घुमंतू परिवारों के करीब सात हजार संदिग्ध लोगों को चिह्नित किया गया। इनमें से ज्यादातर ने खुद को भारत के ही दूसरे प्रदेशों का निवासी बताया, लेकिन उनके पास अपनी नागरिकता को लेकर अपुष्ट दस्तावेज थे।

22 अगस्त को प्रेमनगर थाने में बांग्लादेशी मूल की बुजुर्ग महिला मुनारा बी, उसकी दो बहनें सायरा बानो व तस्लीमा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की गई थी। तीनों बचपन से ही यहां रह रही थीं। मुनारा तो बहन की आईडी पर फर्जी पासपोर्ट बनवाकर नौ बार विदेश यात्रा कर चुकी थी। अब तीनों बहनों के खिलाफ प्रेमनगर थाना पुलिस चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। स्थानीय अदालत से जमानत खारिज होने के बाद इनके परिजनों ने हाईकोर्ट में अर्जी लगाई है।

इसी तरह, चार सितंबर को बांग्लादेशी मूल का राजू मंडल गिरफ्तार किया गया था। वह फतेहगंज पश्चिमी में साबिर हुसैन नाम के कागजातों से बनाई पहचान से रह रहा था और झोलाछाप के तौर पर लोगों का इलाज करता था। उसके मामले में भी फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। अभियान के दौरान जिले में चिह्नित संदिग्ध लोगों की सही पहचान उनके मूल राज्यों व जिलों से आ चुकी है, जबकि करीब 17 लोगों की पहचान स्पष्ट नहीं हो सकी है। इन्हें बांग्लादेशी माना जा रहा है, पर इनमें ज्यादातर हिंदू महिलाएं हैं। उन्हें शादी करके यहां लाया गया है। केंद्र सरकार के नागरिकता कानून के नवीनतम संशोधन के मुताबिक, इन्हें कार्रवाई के दायरे से बाहर माना जा रहा है। इन्हें भारतीय नागरिकता हासिल करने के लिए कुछ औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि जून में किए गए सर्वे में स्थिति काफी हद तक स्पष्ट हो गई थी। कुछ लोगों को रिपोर्ट लिखकर जेल भेजा गया था। कुछ संदिग्धों का बांग्लादेश दूतावास के जरिये सत्यापन कराया जा रहा है। वहां से रिपोर्ट मिलने पर आगे कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर पुलिस दोबारा यही काम करेगी।

# गर्भवती महिला पर दोहरा हमला

## ससुराल में छेड़छाड़, मायके में नकाबपोशों का धावा

■ महिला की तहरीर पर पति समेत ससुरालियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में एक गर्भवती महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर शारीरिक, मानसिक और सामाजिक उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी ससुराल में न सिर्फ उसे प्रताड़ित किया गया, बल्कि दो पुरुष रिश्तेदारों ने उसके साथ जबरन छेड़छाड़ कर गलत हरकत करने का भी प्रयास किया।

पीड़िता के अनुसार, 15 अक्टूबर 2025 को वह अपने कमरे में अकेली थी। उसी दौरान ससुराल के दो पुरुष सदस्य जबरन कमरे में घुस आए। आरोप है कि दोनों ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं, और उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। महिला का कहना है कि आरोपियों ने उसके साथ गलत कृत्य करने की कोशिश की, लेकिन उसने किसी तरह अपनी हिम्मत जुटाकर खुद को बचाया और कमरे से बाहर निकल आई। महिला ने जब इस घटना की शिकायत घर के बड़े-बुजुर्गों से की, तो उसे न्याय देने के बजाय कथित रूप से उसे ही दोषी ठहराया गया। आरोप है कि ससुराल वालों ने उसे गाली-गलौज की, डराया-धमकाया और मारपीट भी की। पीड़िता का आरोप है कि घटनाओं के बीच उसका पति भी उसके साथ दुर्व्यवहार करने लगा। महिला ने बताया कि विवाद के दौरान पति ने उसे तीन तलाक कहकर धमकाया और अगले ही दिन, 16 अक्टूबर, उसे गर्भवती अवस्था में उसके मायके छोड़ आया।

पीड़िता ने बताया कि उत्पीड़न यहीं तक सीमित नहीं रहा। 18 की रात करीब 11 बजे, उसका पति चार नकाबपोश लोगों के साथ उसके मायके पहुंचा।

आरोप है कि सभी हमलावर घर में घुसे और महिला व उसके परिवार के सदस्यों के साथ जमकर मारपीट की। हमले में कई लोग घायल हो गए। साथ ही गाली-गलौज करने और धमकाने का भी आरोप लगाया गया है। पड़ोसियों ने शोर सुनकर मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी भाग निकले।

पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली देवरनियां पुलिस ने पति, ससुराल पक्ष के कई सदस्यों और चार अज्ञात नकाबपोश हमलावरों के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट, घर में घुसपैठ, धमकी और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बरेली के छात्र की जॉर्जिया में दर्दनाक मौत

■ पैर फिसलकर खाई में गिरकर हुई घटना, परिवार में शोक की लहर

■ जॉर्जिया में कर रहा था एमबीबीएस की पढ़ाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के गांव रहपुरा गनीमत निवासी 22 वर्षीय मोहम्मद सफवान, जो जॉर्जिया में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे थे, एक दुखद सड़क हादसे में अपनी जान गंवा बैठे। यह हादसा 23 नवंबर 2025 को हुआ, जब सफवान अपने दोस्तों के साथ यूनिवर्सिटी से बाहर एक पहाड़ी इलाके में घूमने गए थे। अचानक उनका पैर फिसला और वह गहरी खाई में गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। सफवान की असमय मौत ने उनके परिवार, दोस्तों और सहपाठियों को गहरे सदमे में डाल दिया है। जॉर्जिया में अपने बेटे की मृत्यु की खबर सुनकर सफवान के परिवार में कोहराम मच गया। परिवार को यह दुखद सूचना सफवान के दोस्तों ने दी।

सफवान के माता-पिता, इरफान अहमद (सेवानिवृत्त दरोगा), और उनकी पत्नी, जो लगभग 50 वर्ष की हैं। इस अप्रत्याशित घटना से गहरे शोक में डूबे हुए हैं। इरफान अहमद ने कहा कि हमने सफवान को डॉक्टर बनाने का सपना देखा था। वह हमारा सहारा था, अब वह हमारे बीच नहीं है। यह हमारे लिए अपूरणीय क्षति है।

सफवान के परिवार में चार बच्चे हैं, जिनमें से दो बड़ी बहनें पहले ही शादी कर चुकी हैं। सफवान परिवार का तीसरा बच्चा था और उनका मुख्य सहारा भी था।

उनके निधन ने पूरे परिवार को भारी दुख दिया है। सफवान का छोटा भाई मुआज, जो खुद भी जॉर्जिया में पढ़ाई कर रहा था, कुछ दिन पहले भारत में छुट्टी पर आया था। वह इस दुखद घटना से पूरी तरह टूट चुका है। मुआज ने कहा कि मेरे भाई के बिना मेरी दुनिया सुनसान हो गई है। वह सिर्फ मेरा भाई नहीं था, बल्कि मेरा दोस्त और सबसे बड़ा सहारा भी था।

सफवान ने 2021 में अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई यूक्रेन में शुरू की थी, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण उन्हें अपनी पढ़ाई जॉर्जिया में जारी रखनी पड़ी। सफवान अब एमबीबीएस के अंतिम वर्ष में थे और भारत लौटने की योजना बना रहे थे। वह जॉर्जिया के सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ यूरोप में पढ़ाई कर रहे थे, और चिकित्सा क्षेत्र में एक सफल करियर बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। उनकी असमय मौत ने न केवल उनके परिवार, बल्कि उनके सहपाठियों और मित्रों को भी गहरे शोक में डाल दिया है।

सफवान के परिवार ने भारतीय सरकार से अपील की है कि वह सफवान का शव जल्द से जल्द भारत वापस लाने में मदद करे, ताकि वे उसे सम्मान पूर्वक अंतिम विदाई दे सकें। इस दुखद घटना से जुड़े सभी प्रक्रियाओं में परिवार को जल्द से जल्द मदद मिलने की उम्मीद है। परिवार के करीबी सूत्रों के अनुसार, उन्हें उम्मीद है कि सरकार की मदद से उनके बेटे का शव जल्दी भारत लौट आएगा, ताकि वे उसे अंतिम संस्कार के लिए घर ला सकें।

सफवान की मृत्यु से उनके दोस्त और सहपाठी भी गहरे शोक में हैं। उनके सहपाठी उन्हें एक समर्पित छात्र, दोस्त और सहायक के रूप में याद करते हैं। उनके दोस्तों ने कहा कि सफवान हमेशा हमारे साथ था, किसी भी परेशानी में हमें मदद करने के लिए। उसकी कमी हम हमेशा महसूस करेंगे।

उनकी अचानक मौत ने न सिर्फ उनके परिवार को, बल्कि उनकी पूरी यूनिवर्सिटी को भी प्रभावित किया है। सफवान के साथी छात्रों ने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं, और उनकी याद में श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# जज के आवास में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आवास विकास स्थित एक जज के घर में मंगलवार सुबह आग लग गई। यह घटना इन्वर्टर में शॉर्ट सर्किट के कारण हुई, जिससे घर का काफी सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

यह घटना जज ज्ञानेंद्र त्रिपाठी और उनकी पत्नी डॉ. मधुलिका त्रिपाठी के आवास पर हुई। सुबह करीब 11:30 बजे घर की पहली मंजिल पर लगे इन्वर्टर में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ। स्पार्क के साथ इन्वर्टर में आग भड़क उठी, जिसकी लपटें पास के मंदिर तक फैल गईं। डॉ. मधुलिका त्रिपाठी, जो श्रम विभाग में कार्यरत हैं, ने बताया कि वे पूजा के बाद बाहर बैठी थीं। तभी उनके बेटे ने धुआं देखकर शोर मचाया। आग घर की पहली मंजिल पर लगी थी और तेजी से छत पर लगी फाइबर शीट तक फैल गई, जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में छत पर रखा सामान, एसी की आउटडोर यूनिट और जनरेटर भी आ गए। परिवार के सदस्यों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और बचाव कार्य शुरू किया। टीम को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, जिसके बाद स्थिति नियंत्रण में आई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) मनु शर्मा ने बताया कि उन्हें आग लगने की सूचना मिली थी। उनकी टीम ने सूचना मिलने के दो मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। फिलहाल, नुकसान का आकलन किया जा रहा है और शॉर्ट सर्किट के कारणों की विस्तृत जांच जारी है।

## एक नजर

# एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने पति सहित ससुरालियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना हाफिजगंज के कस्बा सेंथल के मोहल्ला कोठी की रहने वाली मैनाज परवीन ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में गुजरी 20 नवम्बर को अपनी सास रईस बानो, अपने पति इजहार हुसैन और आसिफ के साथ मिलकर उससे गलत कार्य कराए हैं का षडयंत्र रचने का आरोप लगाया है।

आरोप है कि आसिफ विवाहिता के कमरे में घुस आया, और उसके साथ जबरदस्ती कर अश्लील हरकतें करने लगा। जब उसने इसका विरोध किया तो सभी ने उसके साथ मारपीट की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में विवाहिता ने कहा कि वह किसी तरह बचकर सेंथल पुलिस चौकी पहुंची, तब कहीं जाकर वह उनके चंगुल से बच सकी। बताया जाता है कि इसी दौरान विवाहिता को फोन कर अपने भाई को बुलाया और फिर थाना हाफिजगंज पहुंची तो वहां भी उसे अपनी शिकायत करने से रोक दिया गया। घटना की शिकायत एसएसपी से गई जिस पर उन्होंने सास, पति के साथ ही जेठ अथर हुसैन, ननदोई सुहैल हुसैन, आसिफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए, पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लोहे की रॉड से सिर पर हमला, युवक लहूलुहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पड़ोसियों पर गंभीर आरोप, मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव लाइखेड़ा के विनोद ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बीते दिन सुबह करीब 7 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर खड़ा था। तभी पड़ोस में रहने वाला हरीश उसे देखकर अचानक गाली-गलौज करने लगा। जब विनोद ने गाली देने से मना किया तो हरीश गुस्से में उसके घर में घुस आया और मारपीट करने लगा।

इसी दौरान हरीश के पिता चंद्रपाल भी मौके पर पहुंच गए और उनके हाथ में लोहे की रॉड थी। आरोप है कि हरीश ने अपने पिता चंद्रपाल के हाथ से लोहे की रॉड छीन ली और उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे विनोद लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े तो दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इसके बाद घायल विनोद किसी तरह थाने पहुंचा और लिखित तहरीर दी। पुलिस ने उसका मेडिकल कराया। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, और मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बरेली में बांग्लादेशी घुसपैठियों की तलाश तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



त्रिपुरा के विशेषज्ञ करेंगे मदद, मंडलायुक्त ने दिए निर्देश

**बरेली।** जिले में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की तलाश के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी को अस्थायी डिटेंशन सेंटर बनाने और संबंधित तैयारियां तेज करने के निर्देश दिए हैं। यह कदम शासन की सख्ती के बाद उठाया गया है, जिसके तहत घुसपैठियों को खोजकर उनके मूल देश वापस भेजने की योजना है। मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी ने इस संबंध में जिलाधिकारी को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं।

मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी वर्ष 2000 में सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट के रूप में त्रिपुरा में सेवा दे चुके हैं, जिससे उन्हें बांग्लादेशी भाषा की कुछ समझ है। इसी अनुभव के आधार पर उन्होंने बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान के लिए त्रिपुरा से विशेषज्ञों को बुलाया है।

दरअसल, मुख्यमंत्री ने हाल ही में घुसपैठियों की तलाश कर उन्हें वापस भेजने का निर्देश दिया था। पहचान के बाद सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने तक ऐसे व्यक्तियों को जिला स्तर पर अस्थायी डिटेंशन सेंटर में रखा जाएगा। आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी कर उन्हें उनके मूल देश भेजा जाएगा। जानकारी के अनुसार, जिले के ईंट भट्ठों, फैक्टरियों और अन्य कार्यस्थलों पर कई बांग्लादेशी नागरिक खुद को असम या पश्चिम बंगाल का निवासी बताकर मजदूरी कर रहे हैं। इनके पास भारतीय दस्तावेज भी पाए गए हैं, लेकिन इनकी भाषा अक्सर इनके वास्तविक मूल पर संदेह पैदा करती है। मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी ने बताया कि हालांकि अभी शासन से औपचारिक निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं, लेकिन प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा के विशेषज्ञों की मदद से बांग्लादेशी नागरिकों को चिह्नित किया जाएगा और इस कार्य को शुरू करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं।

# कोहरे ने दे दी दस्तक, रहें सावधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सर्दी अब बढ़ने लगी है। घने कोहरे ने भी दस्तक दे दी है। कुछ दिन में कोहरा और घना होगा तो हादसों का डर भी बढ़ेगा। ऐसे में वाहन चालकों को सावधानी बरतने की विशेष जरूरत है। क्योंकि जहां-तहां खड़े होने वाले ये यमदूत किसी की जान ले सकते हैं। इन पर सिस्टम में बैठे जिम्मेदारों की नजर भी तब पड़ेगी जब कोई हादसा हो जाएगा। पिछले साल जिले में पीलीभीत बाईपास रोड और नैनीताल हाईवे पर ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें सड़क पर खड़े वाहन से किसी न किसी दूसरे वाहन की पीछे से टक्कर होने पर लोगों की मौत हुई तो कई लोग घायल हुए। बावजूद रोकथाम का कोई प्रबंध नहीं किया जा रहा है। ऐसे में सर्दियों के मौसम में बड़े हादसे की आशंका बढ़ गई है।



जिले में कोहरे ने दस्तक देना शुरू कर दी है। सीजन के पहले कोहरे में ही दृश्यता शून्य के बराबर रहने से नैनीताल हाईवे पर दो हादसे हुए थे। इनमें बहेड़ी में बरातियों की बस पलटने और भोजीपुरा में ट्राली में पिकअप घुसने पर 13 से अधिक लोग घायल हुए थे। एक हादसा फरीदपुर में ट्रक और कार टकराने से हुआ था। पीलीभीत रोड पर सैटेलाइट बस स्टैंड से यूनिवर्सिटी तक, शाहजहांपुर रोड पर श्यामगंज से मालियों की पुलिया फिर सैटेलाइट से नरियावल तक, नैनीताल रोड पर बिलवा पुल के पास दिन हो या रात, वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े रहते हैं। रात के समय अक्सर सड़क पर खड़े वाहनों को ओवरटेक करने के चक्कर में पीछे से आने वाले वाहन टकरा जाते हैं। पिछले साल ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। नैनीताल हाईवे पर घने कोहरे के कारण एक के बाद एक सात वाहनों की आपस में टक्कर में 26 लोगों घायल हुए थे। घटना बरेली-नैनीताल मार्ग पर जादोपुर के पास घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण हुई थी। इसके अलावा रोड किनारे खड़े ट्रक में दूसरा ट्रक घुसने से एक ट्रक चालक की मौत हो गई थी। इसी तरह पीलीभीत रोड पर भी कई हादसे हुए थे। हर साल इस तरह की घटनाएं होने के बाद भी पुलिस-प्रशासन की तरफ से वाहनों को सड़क किनारे खड़े करने से रोकने की कवायद होती है, लेकिन बाद में हर कोई इसे भूल जाता है।

अपनी गाड़ी की लाइट और ड्राइविंग के दौरान देखने की क्षमता को ध्यान में रखकर ही सफर करें। अपने वाहन को डिवाइडर और सड़क किनारे बनी सफेद पट्टी के करीब से न चलाएं। रात में चार पहिया वाहन चलाते समय पार्किंग लाइट को चालू रखें। दो पहिया वाहनों में भी इंडिकेटर व पार्किंग लाइट जलाकर चलें।

# शहर इंचार्ज व कांस्टेबल सस्पेंड

## सट्टा खिलाने पर कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** सट्टे खिलाने वाले माफिया को लिखते समय की वीडियो वायरल होने के बावजूद भी सट्टे का कारोबार नहीं रोक पाने को लेकर एसपी ने शहर इंचार्ज सहित एक कांस्टेबल को सस्पेंड किये जाने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीन-चार दिन पूर्व नगर के मौहल्ला खुराड़ा निवासी गंगाराम नामक व्यक्ति अपनी दुकान में सट्टा खिलाने के दौरान किसी व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। जिस पर पुलिस मजबूर होकर सट्टा खिलाने वाले की दुकान पर छापा मार कर गंगाराम व उसके पुत्र को उठाकर थाने ले गयी। उक्त मामले की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होने के बाद भी लगातार सट्टे का कारोबार नहीं रुकने व लापरवाही को लेकर एसपी ने संज्ञान लेते हुए शहर इंचार्ज विपिन कुमार व नगर में तैनात कांस्टेबल सोनू को बीती रात्रि सस्पेंड कर दिये जाने से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

बता दें कि नगर में काफी समय से सट्टे के अलावा अवैध कारोबार चरम सीमा पर चल रहे है। जिनका पूर्व में आये थाना प्रभारी को भी नहीं पता है।

कस्बे में तैनात कुछ पुलिसकर्मी इन अवैध कारोबार करने वालों से हमसाज है। उक्त कार्यवाही से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार से बात की तो उन्होंने सट्टे सम्बंधित मामले की वीडियो वायरल होने पर शहर इंचार्ज व कांस्टेबल सोनू को सस्पेंड किये जाने की बात कही है।

### रिश्वत के मामले में दो पुलिसकर्मियों की जोड़ी की चर्चा

**शेरकोट।** कस्बे में तैनात दो पुलिसकर्मियों की जोड़ी आजकल छोटे-छोटे मामलों मे लोगों को डरा धमका कर मोटी रकम वसूले जाने की चर्चा जोरों पर है। यदि नगर मे आपसी झगड़ा या कोई मामूली बात हो जाती है तो इन दोनों की जोड़ी की शुरुआत पचास हजार रुपये से शुरू होती है। कुछ दिन पूर्व एक प्रेमी जोड़े के मामले में भी रकम इस नाम से ली गई की दोनों का फैसला करा दिया जायेगा। लेकिन लड़की द्वारा मुकदमा दर्ज कराने की जिद पर पुलिस को मुकदमा लिखना पड़ा।

### लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स की खबर सच साबित

**शेरकोट।** लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स ने 14 सितम्बर के अंक में कस्बे में तैनात एक पुलिसकर्मी की जोड़ी द्वारा अवैध वसूली की खबर प्रकाशित की थी। जिसका अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए उसकी जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ को दी गयी थी। लेकिन उस दौरान मामले को रफा दफा कर दिया गया था। लेकिन वह खबर उस समय सच साबित हुई, जब एसपी बिजनौर द्वारा उनमें से एक पुलिसकर्मी को सट्टे के मामले में सस्पेड भले ही कर दिया हो, जबकि अवैध वसूली में लिफ्त दूसरा साथी कार्यवाही के चंगुल से बाहर है। क्योंकि इस पुलिसकर्मियों की जोड़ी का दूसरा साथी सट्टा माफियाओं सहित अन्य अवैध कारोबार करने वालों से हर माह मोटी रकम वसूल कर पुलिस को बदनाम कर रहा है।

### लाइन हाजिर पुलिसकर्मी ने भी इस जोड़ी पर लगाए थे गंभीर आरोप

**शेरकोट।** पूर्व थाना प्रभारी द्वारा एक इमानदारी के साथ कार्य करने वाले कांस्टेबल के खिलाफ लापरवाही बरतने की रिपोर्ट के आधार पर एसपी द्वारा कई सप्ताह पूर्व लाईन हाजिर करने वाले पुलिसकर्मी के खिलाफ जांच के मामले में पुलिसकर्मी द्वारा अपने बयान में दो कांस्टेबलों द्वारा नगर में सट्टे का कारोबार सहित अन्य कारोबार कराने वालों का साथ देने की बात कहने के बावजूद उस पुलिसकर्मी के बयान के आधार पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी थी। जबकि वह बात सच साबित हो रही है।

# अपराधी या तो अपराध छोड़ दें नहीं तो क्षेत्र छोड़ दें: थाना प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने पदभार ग्रहण करते ही कानून व्यवस्था को मजबूत करने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि अपराधी या तो अपराध छोड़ दें या फिर क्षेत्र छोड़ दें, क्योंकि अब अपराध करने वालों के लिए कोई ढिलाई नहीं रहेगी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि थाने में आने वाले किसी भी पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए पुलिस पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले लोगों को कहीं भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि उनकी समस्या का समाधान यहीं प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। पीड़ित को न्याय दिलाना हमारी पहली जिम्मेदारी है। क्षेत्र की जनता को संदेश देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि कानून का सम्मान करने वालों को पुलिस हमेशा सम्मान देगी लेकिन जो लोग कानून का उल्लंघन करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने साफ कहा कि थाना स्योहारा में भ्रष्टाचार और सिफारिश जैसी कोई जगह नहीं होगी। हर शिकायत का निष्पक्ष निस्तारण किया जाएगा। अपराधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और कड़ी कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने व्यापारियों, युवाओं और आम जनता से शांति सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की है और जनता के सहयोग से ही क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाया जा सकता है।

# अज्ञात ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, चार घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** अज्ञात ट्रक ने घोड़ा-बग्गी को टक्कर मार देने से बग्गी सवार एक युवक व एक घोड़े की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि बग्गी सवार चार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने घायलो को उपचार हेतु सीएचसी भिजवाया तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

जानकारी के अनुसार सुबह सवेरे लगभग 4 बजे स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बुढेरन निवासी प्रशांत पुत्र नरेंद्र, महेंद्र, वीरू, नितिन व अलीम पुत्र फहीम निवासी गांव मुकरपुरी थाना स्योहारा घोड़ा बग्गी से अफजलगढ़ से धामपुर की ओर जा रहे थे। जब उनकी बग्गी ग्राम मुबारकपुर कुंडे के निकट पहुंची तो अफजलगढ़ की ओर जा रहे अज्ञात ट्रक ने बग्गी को टक्कर मार दी। जिससे प्रशांत (17 वर्ष) व एक घोड़े की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि चार अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

### घोड़े ने भी दम तोड़ा

# रेलवे ट्रैक पर फंसी लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली

## ट्रैक पर लकड़ी गिरने से ट्रेनों का आवागमन रूका, यात्री परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** रेलवे ट्रैक के बीचों बीच लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली फंस गई, जिसके बाद ट्रैक पर लकड़ी बिखर गई। ट्रैक बाधित होने जम्मूतवी-कोलकाता मुख्य रेल मार्ग पर ट्रेन संचालन घंटों तक ठप रहा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोग रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं।



सोमवार रात लगभग 21:53 बजे लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली फाटक पार कर रही थी, तभी अचानक जोरदार झटका लगने से ट्रैक्टर और ट्रॉली अलग हो गए। ट्रॉली सीधे पटरियों पर अटक गई और फाटक के बीचों बीच फंसकर रेलवे ट्रेक पूरी तरह बाधित हो गया। ट्रॉली के फंसते ही अप और डाउन दोनों रूट बाधित हो गए। सबसे पहले अमृतसर से जयनगर जा रही सरयू एक्सप्रेस को फाटक से पहले ही रोकना पड़ा। वहीं पीछे आ रही जनता एक्सप्रेस को भी बालावाली स्टेशन पर खड़ा कर दिया गया। कई अन्य ट्रेनें भी देरी से संचालित हुईं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ी। सूचना मिलते ही रेलवे विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की मदद से ट्रॉली को हटाने का प्रयास शुरू किया। देर रात तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद ट्रेक खाली कराया गया और सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद ही ट्रेनों को रवाना किया गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार ट्रॉली फंसने के बाद रेलवे फाटक पर भीषण जाम लग गया और वाहन घंटों तक फंसे रहे। लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं रेलवे और प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती हैं। रेलवे विभाग ने पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है, जांच के बाद घटना की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

### चंदक रेलवे फाटक पर रोज लगता है जाम

**नांगल सोती।** बिजनौर-हरिद्वार मार्ग पर जम्मूतवी कलकत्ता मुख्य रेलवे ट्रेक पर चंदक में रेलवे फाटक पड़ता है। इस रेलवे ट्रेक पर प्रतिदिन 120 से 130 ट्रेनें संचालित होती हैं। वही बिजनौर-हरिद्वार मार्ग से सैकड़ों वाहन गुजरते है, जिस कारण इस फाटक पर दिन भर में कई बार जाम लगता है। राहगीरों को घंटों जाम में फंसे लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

# भागवत कथा ही परम मोक्ष साधन: संघर्षी

## श्रीमद भागवत कथा का चौथा दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मौहल्ला काजीजादगान (गोकुलनगर) चन्द्र लोक कालोनी (सिलारा) में स्थित श्री विष्णु धाम मंदिर व आश्रम पर 27 नबम्बर को मंदिर में स्थापित श्री लक्ष्मी नारायण जी के प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर प्रवचन करते हुए कथा प्रवक्ता महंत पं. रविन्द्र भारद्वाज श्री संघर्षी ने कहा कि भक्ति के बल पर ही ईश्वर को अपने आंगन में बच्चा बनाकर नचाया जा सकता है। यह चमत्कार नन्दबाबा जी एवं माता यशोदा ने गोकुल में करके दिखाया है, जब वह जगत के स्वामी को मुट्ठी भर माखन के बदले में अपने आंगन में नांच नचवा रहें हैं।




श्री संघर्षी महाराज जी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण जी की बाल लीलाएं हम सभी के आत्मकल्याण तथ परम् गति के लिए श्रवण करायी जा रही है। कलियुग में केवल श्री मद्भागवत कथा ही परम मोक्ष साधन हैं। श्री संघर्षी महाराज ने कहा कि जिस क्षण संसार में हमारा जन्म जाता है। उसी क्षण मृत्यु हमारे आगे-पीछे डोलने लगती है। जब तक हम पर ईश्वर की कृपा है, तभी तक हम सुरक्षित है। वरना थोड़ी सी भी सावधानी हटी तभी समझ लो दुर्घटना घटी। ईश्वर की शरणागति ही हमें मृत्यु के संकट से बचा सकती है। श्री संघर्षी महाराज ने कहा कि जितना समय हम दूसरों को समझने में लगा रहे हैं, यदि उसका पिन बराबर समय भी हम अपने को सुधारने में लगा लें, तो मुझे विश्वास है कि विश्व में रामराज्य आज जायेगा। आजकल पर उपदेश कुशल बहुतेरे वाली कहावत चरितार्थ होती जा रही है। आज कथा में यजमान तेज पाल सिंह (बिजली वाले), मनोज वर्मा, श्रीमती प्रकाशो देवी धर्मपत्नी छोटेलाल सिंह (जनरेटर वाले) रहे। इस अवसर पर कथा में परीक्षित के रूप में एड. प्रभात गुप्ता तथा उनके पुत्र एड. मनु गुप्ता सपत्नीक उपस्थित रहे। आज की कथा में कथा प्रवक्ता ने श्री कृष्ण जन्म के प्रसंग को बड़े ही मार्मिक ढंग से भक्तों को श्रवण कराया, जिसे श्रवण कर सभी भक्त भाव विभोर हो गए।

कथा में रजनी प्रजापति, रूपा सैनी, कमलेश सैनी, गीता राठी, सुनीता देवी, सुदेशना देवी, आरती सैनी, कुसुम शर्मा, किरन वर्मा, अम्बिका वसल, एकता अग्रवाल, पूनम देवी, ममता भारद्वाज, सपना त्यागी, बीना, साधना, हेमलता देवी, प्रकाशो देवी, सरोज चौधरी, मधु बंसल, आशा पवार, मंजु सैलानी, कृष्णा प्रजापति, कु. साक्षी पवार, तानिया सैलानी, हिमानी सैलानी, कु. शिखा प्रजापति, तेजपाल सिंह (बिजली वाले), रविन्द्र अग्रवाल (नमकीन वाले) इत्यादि उपस्थित रहे।

# पालिका सभागार में जागरूकता गोष्ठी

## व्यापारी को तकनीकी रूप से जागरूक व सतर्क रहना जरूरी: सीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका सभागार में व्यापारियों की सुरक्षा, साइबर क्राइम की रोकथाम तथा यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से एक महत्वपूर्ण जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने की।



गोष्ठी में व्यापारियों को संबोधित करते हुए सीओ अभय कुमार पांडे ने कहा कि ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी शेयरिंग, क्विक सपोर्ट ऐप और डिजिटल पेमेंट से जुड़े अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में हर व्यापारी को तकनीकी रूप से जागरूक और सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक, ऐप डाउनलोड या ओटीपी मांगने वाले व्यक्ति से सावधान रहें और तुरंत पुलिस को सूचना दें। सीओ पांडे ने बताया कि साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। इसलिए व्यापारी वर्ग को समय-समय पर अपडेट रहना चाहिए और किसी भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन को बेहद सावधानी से करें। इसी के साथ पुलिस ने व्यापारियों को यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया। सीओ पांडे ने स्पष्ट कहा कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाएं। कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं और यातायात नियमों का पालन हर नागरिक के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है, जितनी साइबर सुरक्षा क्योंकि यह आपकी अपनी जान की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने भी व्यापारियों से संवाद करते हुए साइबर अपराध की ताजा घटनाओं और उनके बचाव के तरीके विस्तार से बताए।

उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर साइबर सेल और पुलिस टीमें लगातार सक्रिय हैं। किसी भी व्यापारी की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि दुकान व प्रतिष्ठान पर डिजिटल भुगतान के दौरान विशेष सतर्कता बरतें और किसी अंजान व्यक्ति पर भरोसा न करें।

गोष्ठी में शामिल विख्यात समा. जसेवी व शिक्षाविद् डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि समय के साथ साइबर जागरूकता और तकनीकी समझ बढ़ाना अत्यंत जरूरी है। व्यापारी वर्ग यदि सतर्क और अपडेट रहेगा तो किसी भी ऑनलाइन ठगी से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और व्यापारियों के बीच बेहतर तालमेल होने से अपराध और भी प्रभावी तरीके से नियंत्रित किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज भटनागर, भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के पुत्र अमित कुमार वर्मा, डॉ. विनीत देवरा सहित नगर के बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# छह का शांति भंग में चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मंदिर परिसर की दीवार को लेकर चल रहे विवाद में कहासुनी होने पर थाने पहुंचे ग्रामीणों को निष्पक्ष जांच नहीं होने पर धरना देने की बात कहना महंगा पड़ गया। पुलिस ने इस मामले दोनों पक्षों की तीन महिलाओं सहित छह का शांति भंग में चालान कर दिया।

आज दोपहर करीब क्षेत्र के ग्राम हमीदपुर के ग्रामीण मदन सैनी, योगेंद्र सिंह, मनोज कुमार, कृष्णा, रोहतास, भगवत सिंह, सत्यवीर सिंह, आकाश कुमार, धर्मेंद्र, विद्यावती, उमेश, दुलारी, लक्ष्मी देवी आदि थाने पहुंचे थे। बताया जाता है कि गांव में मंदिर की एक दीवार को लेकर विवाद चल रहा है। दूसरे पक्ष की एक महिला से इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद ग्रामीण थाने पहुंचे थे। ग्रामीणों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। इसी दौरान थाने में ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच नहीं होने पर धरना देने की बात कह डाली, जिस पर पुलिस ने मदन सैनी, मनोज कुमार आदि को पकड़कर थाने में बैठा लिया। थाने के बाहर मौजूद ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई। इसी मामलों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के नेता सुजीव चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता भी थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि नीता पत्नी प्रीतम, प्रीतम पुत्र दयाराम, मदन पुत्र रामचरण सिंह, उमेश पत्नी मदन सिंह, मनोज पुत्र भगवत, रामवती पत्नी भगवत का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# गन्ना क्रय केंद्रों पर कांटों का निरीक्षण

## कृषकों ने इंडेंट और गन्ना उठान की व्यवस्था पर किया संतोष व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जिला गन्ना अधिकारी पी.एन. सिंह ने आज जनपद की चीनी मिलों द्वारा की जा रही गन्ना खरीद व्यवस्था और क्रय केंद्र संचालन का धरातलीय स्तर पर निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य व्यवस्थाओं की पारदर्शिता और किसानों को मिल रही सुविधाओं का आंकलन करना था।



डीसओ ने चांदपुर पहुंच कर पहले चरण में पी.बी.एस. शुगर मिल लिमिटेड के गेट कांटा नंबर 2 ट्रैक्टर टिपलर और ग्रास कांटे का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कांटा सही पाया गया। इसी चीनी मिल के क्रय केंद्र सल्लाहपुर की भी जांच की गई, जहां तौल सही मिली। मिल प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि हर वाहन पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगाए जाएं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्र पर उपस्थित कृषकों से विस्तृत वार्ता की गई। कृषकों ने इंडेंट (पर्ची जारी करना) और गन्ना उठान (लिफ्टिंग) की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया और इसकी प्रशंसा की। उनके द्वारा बताया गया कि यद्यपि गेहूँ की बुवाई चल रही है, फिर भी गन्ना पर्चियों की कोई कमी नहीं है जो सुचारू खरीद को दर्शाता है। जिला गन्ना अधिकारी चीनी मिल धामपुर और चांगीपुर के क्रय केंद्रों पर पहुंचे जहां इसी क्रम में चीनी मिल धामपुर के क्रय केंद्र धुंधली एवं चांगीपुर तथा क्रय केंद्र रतनगढ़ एवं तंगरौला की भी जांच की जो सभी क्रय केंद्रों पर तौल सही पाई जाने पर उन्होंने संतोष जताते कहा कि यह स्पष्ट होता है कि पूरे क्षेत्र में तौल मानकों का पालन किया जा रहा है। चीनी मिल स्योहारा एवं द्वारिकेश का निरीक्षण और ओवरवेट पर भी निर्देश देते कहा कि चीनी मिल स्योहारा एवं द्वारिकेश शुगर मिल अफजलगढ़ के गेट कांटे का निरीक्षण किया मानक बाट (स्टैंडर्ड वेट्स) द्वारा ट्रॉली कांटों का परीक्षण किया गया और कांटा सही मिला। मिल प्रबंधन को ओवरवेट संबंधी विभागीय नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु कड़े निर्देश दिए गए। कृषक जागरूकता और मार्गदर्शन पर कहा कि मिल गेट पर उपस्थित कृषकों के हित में उनके साथ विस्तृत चर्चा की गई। यह चर्चा अधिक उत्पादन हेतु पंचामृत खेती (ट्रेंच प्लांटिंग), सहफसली, ड्रिप इरिगेशन, रटून मैनेजमेंट, ट्रेश मल्चिंग, ट्राइकोडर्मा, ऑर्गेनिक फार्मिंग, प्लांट प्रोटेक्शन, फेरोमोन ट्रैप, लाइट ट्रैप, गहरी जुताई और 0238 बीज बदलाव जैसे उन्नत कृषि तकनीकों पर जोर दिया।

## एक नजर

### आसिफ असलम कर रहे एसआईआर में मदद



**चांदपुर।** पिछले दो सप्ताह से लगातार एसआईआर गणना पत्र भरने में सपा युवा नेता आसिफ असलम राष्ट्रीय सचिव (लोहिया वाहिनी) अपनी टीम के साथ एसआईआर फॉर्म भरने का कार्य कर लोगों की मदद कर रहे हैं। मौहल्ला मुफ्ती सराय इमामबाड़ा अंसारियां में कैंप लगाकर अब तक डेढ़ हजार लोगों के फार्म भरकर पुण्य का काम किया। उनके साथ सपा जिला सचिव यूनुस ताऊ, आसिफ असलम, यूनुस शेख रईस, शकील अंसारी, आसिफ भट्टे वाले, अनवर अंसारी, शहनवाज आदि लोग मौजूद रहे। उनका कहना है कि सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री भैया अखिलेश यादव के आह्वान पर सपा कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचे और लोगों के फॉर्म भरवाने में मदद की। इस दौरान अनेकों नागरिकों ने अपने अपने बीएलओ के द्वारा उनके फार्म न भरने और अभद्र व्यवहार करने की शिकायतें की। आसिफ असलम ने इस बाबत उपजिलाधिकारी से मिलकर कुछ बीएलओ की लिखित शिकायत करने की बात कहीं है।

### शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया



**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मे नवम गुरु तेग बहादुर जी महाराज तथा उनके परम शिष्यों एवं अनुयाईयों भाई मतिदास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी का350 वां शहीदी दिवस श्रद्धापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंजाब के मारकंडा से पधारे बीबी कंबलजीत कौर खालसा के जत्थे ने गुरु वाणी के अमोलक कीर्तन की विभिन्न प्रभावी प्रस्तुतियों से संगत को निहाल किया, जबकि जिला रामपुर के बिलासपुर से आए गुरबाणी प्रचारक ज्ञानी रनजीत सिंह खालसा ने गुरु वाणी विचारों के माध्यम से गुरु तेग बहादुर जी महाराज के समूचे जीवन दर्शन पर विभिन्न संदर्भों तथ्यों और बिंदुओं सहित विस्तार से प्रकाश डाला। गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह ने भी गुरबाणी कीर्तन की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में गुरुद्वारा की प्रबंध समिति की ओर से गुरमुख परिवारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरदार अमरजीत सिंह, गुरुचरण सिंह, सरदार जोगिंदर सिंह, सरदार रविंदर सिंह, सुरजीत हरपाल सिंह चावला, सतवंत सिंह सलूजा, सुरजीत सिंह चावला, डा. अमरजीत सिंह, बुद्ध सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विशाल लंगर से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे गुरमुख परिवारों और नगर के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### श्री गुरु राम राय स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम



**धामपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान तथा यातायात सुरक्षा माह के तहत श्री गुरु राम राय स्कूल सुहागपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने किया। उनके साथ कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार तथा महिला पुलिस कर्मी भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में छात्राओं, शिक्षकों व स्थानीय नागरिकों को मिशन शक्ति, महिलाओं की सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को महत्त्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 108, 1090, 112, 102, 1098, 1930 के उपयोग व उनकी आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, महिलाओं से जुड़े अपराध, सड़क हादसे अथवा साइबर ठगी की स्थिति में इन नंबरों के माध्यम से तुरंत मदद प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार, महिला आरक्षी, प्रधानाचार्य आरएस यादव, ललित कुमार, राजेंद्र सिंह, शालिनी चौहान, ज्योति रानी, नीलम नेगी, नरेंद्र सिंह, शहाना परवीन सहित समस्त विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

### रामपुर की टीम ने लहराया परचम




**चांदपुर।** अजान ग्रुप, आधारशिला स्कूल और बीकेजी ज्वैलर्स के सहयोग एवं चांदपुर स्पोर्ट्स सोसायटी के प्रयास द्वारा बाबू कैलाश चंद्र मित्तल और सरदार इकबाल सिंह लोहिया जी की स्मृति में द्वितीय विवेक कप हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल हुआ। फाइनल रामपुर और मिलक के बीच खेला गया, जिसे रामपुर ने मिलक को 4-0 से हरा ट्रॉफी पर कब्जा किया। टूर्नामेंट रामपुर हास्टल ने लगातार दूसरी बार जीता है। सुबह चांदपुर सीनियर और चंदौसी सीनियर के बीच खेले गए मैच में चांदपुर 4-3 से विजयी रही। चांदपुर की ओर से अफजल फारूकी, मनी लोहिया, नदीम जकी और राहुल बंसल एवं चंदौसी की तरफ से दीपांशु एवं नावेद ने गोल किये। मैच के मुख्य अतिथि अतहर अजान ग्रुप, मित्रविंदा करनवाल, विवेक करनवाल और अमित गोयल विवेक कॉलेज और गोविंद मित्तल एवं हनी तोमर रहे। चांदपुर सोसायटी के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार, अफजल फारूकी, रउफ अहमद, नफीस अहमद, मेहर अलम, कौशिक चंद्रा, इमरान अहमद, जुबैर, पटेल, तरुण, रोशन, शैलेन्द्र लोहिया, मनी लोहिया आदि रहे। मैच के फाइनल अवसर पर सफल संचालन शेख इजमाल अहमद, बहार आलम संभाले हुए थे। नाजिम खान, बहार आलम, शेर आलम उर्फ चांद भाई, जुल्फिकार अहमद उर्फ भूरे, काजी शेख रऊफ अहमद, नफीस अहमद आदि उपस्थित रहे।

### पेन पैकिंग के नाम पर रकम ठगी

**कोतवाली देहात।** थाना कोतवाली देहात के ग्राम शादीपुर निवासी आदेश शर्मा की पुत्री दिवांशी के पास एक कंपनी से फोन आया और उसे बताया कि वह पेन पैकिंग करके घर बैठे तीस हजार रुपए प्रति माह कमा सकती है। किशोरी ने फोन कॉल वाले व्यक्ति की बात पर विश्वास कर लिया। इसके बाद किशोरी को बताया कि उसे खाते में 650 रुपए भेजने है, जिनमें से 50 रुपए कार्ड के शुल्क के रूप में रखकर शेष 600 वापस कर दिए जाएंगे। किशोरी ने 650 रुपए डलवा दिए। इसके बाद किशोरी को बताया कि माल उसके पास भेजा जा रहा है, उसके लिए 4550 रुपए और खाते में भेज दे। इसके बाद किशोरी ने गांव के जन सेवा केंद्र से वह धनराशि भी भेज दी। इस तरह तीन बार में किशोरी से 16000 रुपए डलवा लिए गए। पैसे डलवाने के बाद किशोरी से साढ़े आठ हजार रूपए की मांग की गई, जिस पर उसने घटना परिजनों को बताई। परिजनों को फोन करने वाले व्यक्ति ने धमकाने का प्रयास किया और पुलिस में शिकायत करने की बात कही। पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना पुलिस को दी है।

# नशे का कर्ज चुकाने में उजड़ा घर

## दुकानदार पर किशोर से आभूषण हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैदनगली।** दुकानदार पर नशे के अवैध कारोबार के साथ-साथ किशोर को बहकाकर उसके परिवार के आभूषण हथियाने का गंभीर आरा. ेप लगा है।

मथना रोड स्थित पीड़ित चन्द्रभान सिंह ने तहरीर देकर बताया कि मोहल्ले में ही एक युवक एक दुकान चलाता है, जिसकी आड़ में वह चोरी-छिपे चरस, स्मैक और भांग जैसे नशीले पदार्थ बेचता है। पीड़ित के अनुसार, युवक मोहल्ले के भोले-भाले लड़कों को नशे का आदी बना रहा है, जिनमें उसका पुत्र अमुल भी शामिल है। चन्द्रभान ने बताया कि कई बार वह अपने बेटे को युवक की दुकान पर नशीले पदार्थों का सेवन करते हुए पकड़ चुका है। पूछताछ में बेटे ने बताया कि वह नशा पड़ोस में ही दुकान चलाने वाले युवक से ही लेता है और नशे के पैसों का उधार बढ़ जाने पर युवक ने उसे डरा-धमकाकर गलत काम कराने लगा। पीड़ित के मुताबिक, 25 नवंबर को उसकी पत्नी विवाह समारोह में पहनने के लिए आभूषण निकालने गई तो दो जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी सोने के कुंडल और एक सोने की चेन गायब मिलीं। जब घर में पूछताछ हुई तो अमुल ने स्वीकार किया कि युवक की धमकियों के चलते उसने सभी आभूषण उसे सौंप दिए। पीड़ित चन्द्रभान जब नशे का कारोबार करने वाले युवक के पास गया और आभूषण वापस मांगने का प्रयास किया तो उसने साफ तौर पर देने से इंकार कर दिया। परेशान पिता ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी है और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर उधर नगर पंचायत निवासी कश्मीर पुत्र रोशन लाल सैनी ने भी इसी तरह के आरोप लगाते दुकानदार पर बेटे से कई आभूषण ठगने की बात कही है।

# कुश्ती में लक्ष व विपिन रहे प्रथम

## लॉयल फातिमा एकेडमी में खेल प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** विधायक खेल स्पर्धा का समापन किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन कुश्ती, वॉलीबॉल, फुटबॉल, भरोत्तोलन का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता का समापन खंड विकास अधिकारी विजय सक्सेना प्रिंसिपल सुखदेवी इंटर कॉलेज महिपाल सिंह द्वारा किया गया।

मंगलवार को मां सरस्वती के प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सब जूनियर बालक वर्ग कुश्ती 45 किलो में आदिल प्रथम, सब जूनियर बालक वर्ग कुश्ती 48 अक्षय प्रथम, सब जूनियर बालक वर्ग कुश्ती 51 साहिल प्रथम, सब जूनियर बालक वर्ग 55 कुश्ती लक्ष प्रथम स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग कुश्ती 57 विपिन कुमार प्रथम, जूनियर बालक वर्ग कुश्ती 61 नईम प्रथम पर रहे। जूनियर बालिका वर्ग कुश्ती 45 प्रियांशी प्रथम, जूनियर बालिका वर्ग कुश्ती 59 विपंशी त्यागी प्रथम स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग बालक कुश्ती 57 हितेश नगर प्रथम, सीनियर बालक वर्ग कुश्ती 74 नितेश नगर प्रथम स्थान पर रहे। वॉलीबॉल जूनियर बालक वर्ग लॉयल फातिमा एकेडमी अव्वल नंबर पर रही।वॉलीबॉल सीनियर बालक वर्ग हसनपुर प्रथम, फुटबॉल जूनियर बालक वर्ग लॉयल फातिमा एकेडमी प्रथम स्थान पर रही। वॉलीबॉल सबजूनियर बालक वर्ग लॉयल फातिमा एकेडमी अव्वल नंबर पर रही। वॉलीबॉल सब जूनियर बालक वर्ग, जूनियर बालक वर्ग फुटबॉल सब जूनियर बालक वर्ग पर लॉयल फातिमा अकादमी का कब्जा रहा। कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अश्विनी कुमार, गौरव कुमार, अंकुर प्रकाश, प्रदीप कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

# पत्नी को बच्चों समेत घर से निकाला

## बुलेट व तीन लाख नहीं मिलने पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज में बुलट और तीन लाख नहीं दिलाने पर पत्नी को पीटने के बाद बच्चों समेत घर से निकाल दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव पंजूसराय सराय निवासी कैलाश ने अपनी बेटी रूबी की शादी 11 मार्च 2016 को डिडौली क्षेत्र के गांव फतेहपुर जिवाई के रहने वाले पवन के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। वह रूबी पर मायके से बुलट और तीन लाख रुपये दिलाने का दबाव बनाता था। इसी प्रताड़ना के बीच रूबी ने तीन बच्चों को भी जन्म दिया। घटना बीती 19 सितंबर की है। आरोप है कि पवन ने दहेज की मांग दोहराई और रूबी को मारपीट कर बच्चों समेत घर से निकाल दिया। तभी से मायके में पिता के साथ रहने वाली पीड़िता ने आरोपी पति के खिलाफ नौगावां सादात थाने में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में आरोपी पवन के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

## एक नजर

### उत्कृष्ठ कार्य करने पर बीएलओ सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** उत्कृष्ठ कार्य करने पर डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बीएलओ को सम्मानित किया। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि नौगांवा सादात विधानसभा के मतदेय स्थल संख्या 260 प्राथमिक विद्यालय युसुफपुर मझरा आलमपुर कैंच में बीएलओ के पद पर तैनात आंगनवाड़ी पप्पी रानी ने 537 मतदाताओं के गणना पत्र वितरित कर संकलित किये तथा बीएलओ ने ऐप के माध्यम से डिजिटाइज भी कर दिया। विशेष पुनरीक्षण अभियान में यह उनकी आदर्श कार्यशैली को दर्शाती है। डीएम निधि गुप्ता वत्स व एडीएम गरीमा सिंह ने बीएलओ द्वारा किये गये सराहनीय कार्य पर प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली बीती देर रात जोया क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सम्भल जिले के थाना एहचोड़ा कोम्बोह क्षेत्र के गांव कुतुबपुर सत्ता निवासी किसान दानवीर सिंह का बेटा मोहित कुमार रजबपुर क्षेत्र स्थित एक गांव में शादी समारोह से बाइक पर घर लौट रहे थे। जब वह जोया के आनंद विहार के पास पहुँचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आई एक दूसरी बाइक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही मोहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर डिडौली थाना पुलिस मौके पर पहुँची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया ले जाया गया। वहाँ से हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेरठ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### कार ने मयूरी में मारी टक्कर, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** मुरादाबाद के थाना नागफनी के मुहल्ला लालबाग कलौनी निवासी मुकेश कुमार कष्यप व विनोद शर्मा जोया से मुरादाबाद के लिए जा रहे थे मयूरी नेशनल हाईवे स्थित डिडौली सिवौरा रोड पर पहुंची तभी पीछे से आ रही कार मयूरी में घुसने पर मयूरी नाले में जा गिरी मयूरी में सवार मुकेश कुमार कष्यप व विनोद शर्मा घायल हुए सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जोया सीएचसी में भर्ती कराया गया।

### कार्ड बांटने जा रहा युवक हादसे में घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** घटना डिडौली कस्बे के अड्डे की है शाम 5:00 बजे की मुरादाबाद के थाना डिलारी के गांव ढकिया निवासी अनस पुत्र सलीम अपने घर से गजरौला के लिए शादी के कार्ड बांटने जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार डिडौली कस्बे के अड्डे पर पहुंचा। तो अवैध कट से सड़क पार कर रहे बाइक स्वरों ने टक्कर मार दी। जिससे अनस गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को पुलिस ने अपने निजी वाहन से जोया सी एच सी में भर्ती कराया। डाक्टरों ने अनस की गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### आयुष्मान कार्ड के लिए चलेगा विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** छूटे हुए पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान चलेगा। यह अभियान 25 से नवंबर से 25 दिसंबर तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सोमवार को बैठक भी हुई। जिसमें जिम्मेदार अफसरों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के मुताबिक इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड से वंचित सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए, ताकि कोई भी लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे। बताया कि अभियान के दौरान 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का शत-प्रतिशत आयुष्मान वय वंदना क ार्ड बनाया जाएगा ताकि उन्हें त्वरित एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इसके लिए शिविरों का आयोजन सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर किया जायेगा।

### सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** एंटी रोमियो टीम की महिला उप निरीक्षक नेहा नेहरा, उप निरीक्षक प्रेम पाल रामदेव दिल शेर जहान द्वारा यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। व मिशन शक्ति फेज 5 के तहत बच्चो को जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते हुए बालिकाओं को जागरूक किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाएं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री अभिउदय योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि की जानकारी दी।

# रईसजादों ने थार से की नोटों की बारिश

## नोट लूटने को लोगों की लगी भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** पैसों की गर्मी क्या होती है और रईस लोग किस तरह से अपना शौक पूरा करने के लिए नोटों को बारिश के पानी की तरह तरह बहाते हैं।

हसनपुर शहर के संभल बस स्टैंड चौराहा पर सोमवार की रात 9:00 बजे एक अजीबोगरीब मामला देखने को मिला है। संभल दिशा की ओर से आ रही थार गाड़ी की छत पर आधा दर्जन से अधिक रईस जादे चढ़े हुए थे। और वह नोटों की बारिश करने लगे। जब वहां मौजूद दुकानदारों ई रिक्शा चालकों एवं ठेला चलाने वालों ने यह नजारा देखा तो वह नोटों को लूटने के लिए थार गाड़ी के पास पहुंच गये। कुछ लोगों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तो उन्होंने किसी की नहीं सुनी। रईस जादे आधे घंटे तक इसी तरह हवा में नोटों को उड़ाते रहे। जिस तरह से रईस जादे गाड़ी की छत पर चढ़कर नोटों की बारिश कर स्टैंड बाजी कर रहे थे उससे वहां पर बड़ा हादसा भी घटित हो सकता था। किसी ने रईस जादो की इस हरकत का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। थार के पीछे आ रहे वाहन की छत पर एक युवती भी खड़ी हुई दिखाई दे रही है। नोट उड़ाते हुए थार गजरौला दिशा की ओर को निकल गई।

# कोर्ट ने बदमाश को सुनाई सात साल की सजा

## छह हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले के टॉप टेन कुख्यात बदमाश सुखवीर उर्फ पपीहा को न्यायालय में हत्या की कोशिश, लूटपाट और चोरी के तीन मामलों में सात-सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही छह हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। फिलहाल दोषी जमानत पर जेल से बाहर था।

20 अक्तूबर 2017 को मंडी धनौरा पुलिस दासपुर के पास चेकिंग कर रही थी। तभी बदमाश सुखवीर उर्फ पपिया ने पुलिसकर्मियों पर जान से मारने की निश्चित फायरिंग कर दी थी। इस दौरान उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद हुई थी। जबकि 10 जुलाई 2018 की शाम आठ बजे दासपुर नहर पल के पास सुखवीर उर्फ पपीहा ने किसान से बाइक लूट ली थी। तीनों मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीया की अदालत में चल रही थी। तीनों ही मामले में बदमाश सुखवीर उर्फ पपीहा ने अपना जुल्म कबूल कर लिया। सोमवार को तीनों मुकदमा में आखिरी सुनवाई करते हुए न्यायालय ने सात-सात साल की सजा सुनाई है। उसके खिलाफ कई मुकदमे अलग-अलग कोर्ट में विचाराधीन हैं।

# टैंकर ने कार को टक्कर मारी

**■ शादी समारोह से लौट रहे पति-पत्नी घायल**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** शादी समारोह से लौट रही कार सवार दंपत्ति को गैस के टैंकर ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। टक्कर इतनी तेज थी कार ने कई बार पलटी भी खाई। दंपत्ति को उपचार के लिए टीएमयू में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार नगर के कालरा स्टेट कॉलोनी निवासी फैक्ट्री कर्मचारी अजय शर्मा अपनी पत्नी आरती शर्मा अतरौली से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। जब इनकी कार उमंग डेयरीज फैक्ट्री के पास पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रहे एक गैस के सिलेंडर भरे टैंकर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार ने फिल्मी स्टाइल में कई पलटी भी खाई। हादसे में पति पत्नी दोनों घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें टीमएयु के लिए रेफर किया गया।

# बहला फुसलाकर किशोरी को ले गया युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी को दूसरे गांव का युवक बहला फुसलाकर ले गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण 02. 11.2025 को मजदूरी करने गया था, जबकि उसकी पत्नी खेत पर काम करने गयी थी। घर पर उसकी 15 वर्षीय पुत्री अकेली थी। आरोप है कि थाना नौगावां सादात क्षेत्र के गांव निवासी युवक उसे बहला फुसलाकर ले गया। मंगलवार को किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# कुत्ते ने दो बच्चों सहित दस लोगों को काटा



**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**गजरौला।** बारात चढ़त के दौरान एक कुत्ते ने दो बच्चों सहित छह लोगों को काटकर जख्मी कर दिया। परिजनों ने तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाकर उन्हें एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाए। थाना क्षेत्र के गांव भीकनपुर शुमाली में सोमवार को लखमीचंद की पुत्री की बारात शेरपुर से आई थी। गांव निवासी छह वर्षीय मयंक, 15 वर्षीय रोहित, तीन वर्षीय गोलू, पूर्व प्रधान कमल, राशन डीलर कुलदीप, रवि समेत छह लोगों पर अचानक एक कुत्ते ने हमला बोल दिया, चर्चा है कि चार बारातियों को भी कुत्ते ने काटा है मगर उनके नाम पते का ब्यौरा नहीं मिल सका। एक ही दिन में दस लोगों पर हुए कुत्ते के हमले से ग्रामीणों में डर फैला हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में आवारा कुत्तों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा अब तक कोई अभियान नहीं चलवाया गया है। उन्होंने शासन प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़कर कहीं दूसरे स्थान पर छुड़वाने की मांग की है। वहीं नगर क्षेत्र में कुत्ते व बंदरो का आंतक दिन ब दिन बढ़ता ही जा रहा है।

# धर्मेन्द्र का निधन फिल्म जगत के लिए अपूर्णनीय क्षति



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र के निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मंगलवार को नगर के मुहल्ला कविनगर में स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में आयोजित शोकसभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि धर्मेन्द्र ने फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से किसानों और गांवों की सादगी को प्रस्तुत करके सबका दिल जीता। कहा कि उना निधन न केवल फिल्म जगत अपितु समूचे देश के लिए शोक का विषय है। उनकी प्रत्येक फिल्म ने समाज को एक संद. ेश दिया। शोले में निभाया गया उनका किरदार हर किसी को पसंद रहा। डॉ. जयपाल सिंह ने कहा कि धर्मेंद्र का निधन होना न केवल सिनेमा जगत, बल्कि ग्रामीण भारत के लिए अपूर्णनीय क्षति है। उन्होंने अपनी कई फिल्मों में किसान का अभिनय किया। सार्थक संदेश देकर दर्शकों का मनोरंजन किया। उनके संवाद आज भी याद किए जाते हैं। इस अवसर पर मौजूद रहे चौधरी चरण सिंह, चौधरी जयपाल सिंह, रामकृष्ण चौहान, ओम प्रकाश सिंह, पाटिल चौधरी, नितिन उपाध्याय, सोनिका सिद्धू, कोमल सैनी, सचिता चौहान, रेखा चौहान, अंकुर चौधरी, शानू चौधरी, महावीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का पालन करें: एसपी

**■ कलाकार ने यमराज का रूप धारण करके समझाया**



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** जनमानस को यातायात नियमों के पालन के लिए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने जागरूक किया, साथ ही तीस बाइक चालकों को हेलमेट भी वितरित किए। इस दौरान एक कलाकार ने यमराज का रूप धारण करके जनमानस को समझाया कि यदि हेलमेट नहीं पहनोगे, तो उठाकर ले जाऊंगा।

मंगलवार को नगर के इंदिरा चौक पर आयोजित कार्यक्रम में एसपी ने कहा कि बाइक चलाते समय आगे और पीछे बैठे दोनों व्यक्ति ही हेलमेट पहनें तो वहीं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट लगाएं। कहा कि दुर्घटना से देर भली है, इसलिए वाहन को नियंत्रित होने वाली गति में ही चलाएं। यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में काफी कमी आ सकती है। एसपी ने तीस बाइक चालकों को हेलमेट वितरित किए। इस दौरान एक कलाकार ने यमराज का रूप धारण करके सबको समझाया कि यदि हेलमेट नहीं पहना. ेगे तो मैं उठाकर ले जाऊंगा। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, यातायात प्रभारी अनुज कुमार मलिक, शोकेन्द्र सिंह, बालियान, कस्बा चौकी इंचार्ज रामनिवास सूर्यवंशी, कुमराला चौकी इंचार्ज नितेन्द्र वशिष्ठ, अनिल शर्मा मौजूद रहे।

# एसआईआर अभियान में जुटा तहसील प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर पालिका सभागार में मंगलवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (ैप्) अभियान को सफल बनाने के लिए एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम विभा श्रीवास्तव और नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से की। इसमें पालिका सभासद, बूथ अध्यक्ष और नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनाव आयोग द्वारा संचालित अभियान को तेज करना और मतदाता सूची को अधिक सटीक व पारदर्शी बनाना रहा। बैठक में एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि मतदाता सत्यापन, त्रुटि संशोधन और नए मतदाताओं के पंजीकरण में जनप्रति. निधियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस दौरान ईओ अवधेश वर्मा, उमेश सैनी, रमेन्द्र यादव, लेखपाल दिनेश कुमार, गुरचरन सिंह, प्रशांत त्यागी, आलम शेख, जगत सिंह सैनी, अमित सक्सेना, सुनील शर्मा, दुली. चंद गिहार आदि मौजूद रहे।

# मुरादाबाद से चोरी एटीएम अतरासी में पड़ा मिला

## सोमवार की रात सिविल लाइन से हुआ था चोरी, दोनों जिलों की पुलिस कर रही जांच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मुरादाबाद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र से सोमवार रात बदमाशों द्वारा उखाड़कर ले जाया गया एटीएम आज सुबह अतरासी गांव के खेत में मिला। गांव निवासी चव्वा के ईख में एटीएम मशीन पड़ी मिली। दोनों जिलों की पुलिस मौके पर पहुंचकर संयुक्त रूप से जांच में जुट गई।

जानकारी के मुताबिक सोमवार रात मुरादाबाद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र से बदमाश एक एटीएम मशीन उखाड़ कर ले गए थे। मंगलवार सुबह हुई जानकारी पर मुरादाबाद पुलिस में हड़कंप मच गया था। इसी बीच मगंलवार सुबह करीब सात बजे रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी निवासी चव्वा अपने खेत से लौट रहे थे। रास्ते में उनकी नजर गांव के रहने वाले गबरू के खेत पर पड़ी तो वहां किनारे पर ईख के बीच एक एटीएम मशीन पड़ी हुई थी। लिहाजा, चव्वा ने गांव पहुंचकर इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर आ गई। सीओ सिटी अभिषेक यादव भी पहुंच गए। जांच-पड़ताल करने पर पता चला कि सोमवार रात इस एटीएम को बदमाशों ने मुरादाबाद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र से चोरी किया है। लिहाजा अमरोहा पुलिस ने तुरंत मुरादाबाद पुलिस से संपर्क साधा। थोड़ी देर बाद मुरादाबाद पुलिस भी अतरासी पहुंच गई। वहीं, जंगल में एटीएम मिलने के बाद इतनी तस्वीर साफ हो गई है कि बदमाश टोल प्लाजा से गुजरते हुए यहां तक पहुंचे होंगे। अमरोहा पुलिस ने बदमाशों की सुरागकशी के लिए टोल प्लाजा से रात तीन बजे से साढ़े चार बजे तक यानि डेढ़ घंटा की सीसीटीवी फुटेज भी ली है। जिससे संदिग्ध वाहनों को ट्रेस किया जा रहा है। वहीं, पुलिस अतरासी रोड के अलावा गांव के भीतर लगे कैमरों की भी फुटेज खंगाल रही है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटना के खुलासे में मुरादाबाद पुलिस का पूरा सहयोग किया जाएगा।




# भारत सीरीज गंवाने के संकट में

## भारत की दूसरी पारी में खराब शुरुआत हुई और उसके दोनों ओपनर 21 रन तक पवेलियन लौट गए

**गुवाहाटी, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी चौथे दिन मंगलवार को पांच विकेट पर 260 रन पर घोषित कर भारत के सामने जीत के लिए 549 रन का बेहद मुश्किल लक्ष्य रखा जिसका पीछा करते हुए भारत ने स्टंप्स तक तक दो विकेट पर 27 रन बना लिए हैं। भारत अभी लक्ष्य से 522 रन पीछे है। भारत की दूसरी पारी में खराब शुरुआत हुई और उसके दोनों ओपनर 21 रन तक पवेलियन लौट गए। पहली पारी में छह विकेट लेने वाले मार्को यानसन ने यशस्वी जायसवाल को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया जबकि स्पिनर साइमन हार्मर ने केएल राहुल को बोल्ड किया। जायसवाल ने 13 और राहुल ने छह रन बनाए। स्टंप्स के समय साई सुदर्शन दो और नाईट वॉचमैन कुलदीप यादव चार रन बनाकर क्रीज पर थे। दक्षिण अफ्रीका इस मैच में जीत से मात्र आठ विकेट ही दूर है। वहीं भारत की सलामी जोड़ी पवेलियन लौट चुकी है। कल भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती पूरे ओवर खेलने की होगी और इसके लिए भारतीय बल्लेबाजों को बेहतरीन बल्लेबाजी करनी होगी। अब मैच का नतीजा निकलेगा या नहीं निकलेगा यह तो कल पता चलेगा लेकिन अब तक की कहानी यही है कि दक्षिण अफ्रीका ने भारत को चारों खाने चित्त कर दिया है। खेल के आखिरी हिस्से में भारत के दो विकेट गिरे, जायसवाल और केएल राहुल के। मैच में अभी तीन सेशन बाकी हैं, दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए आठ विकेट चाहिए, जबकि इंडिया को 522 रन का बड़ा टारगेट चाहिए–जो असल में पहुंच से बहुत दूर है। इंडिया की जीत की उम्मीद नहीं है, लेकिन अगर वे अपना धैर्य बनाए रखते हैं और पॉजिटिव इरादा दिखाते हैं, तो वे अभी भी ड्रॉ कराने की उम्मीद कर सकते हैं। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका की टैक्टिक्स ने कुछ लोगों को हैरान कर दिया। डिक्लेरेशन में देरी करके और बहुत ज्यादा सावधानी बरतकर, उन्होंने बचे हुए इंडियन विकेट लेने के लिए कुछ कीमती ओवर गंवा दिए। एक ऐसे मैच में जिसमें बड़े एक्शन की जरूरत थी, इनिंग्स के आखिर में उनकी सुस्त बैटिंग ने डिक्लेरेशन को और भी हैरान कर दिया, एक ऐसा ऑप्शन जो इंडिया को बचने का रास्ता दे सकता है। उम्मीद है कि स्पिनर्स 5वें दिन स्क्रिप्ट बनाएंगे। महाराज, हार्मर और मुथुसामी के साथ, साथ ही मार्करम भी मदद के लिए मौजूद हैं, प्रोटियाज के पास खराब पिच का फायदा उठाने के लिए ऑप्शन की कोई कमी नहीं है। और फिर मार्को यानसन हैं। शायद इस टेस्ट के सबसे अच्छे परफॉर्मर। उन्होंने पहली इनिग में जरूरी रन बनाए, और उनकी तेज शॉर्ट–बॉल की बौछार ने तीसरे दिन इंडिया के बैट्समैन को परेशान कर दिया। द.अफ्रीका उनसे उम्मीद करेगा कि वे आखिरी दिन भी वही जोश दिखाएंगे। यह सिर्फ़ दूसरी बार है जब भारत को घरेलू टेस्ट में 500 से ज्यादा का टारगेट दिया गया है। इससे पहले 2004 में नाग. पुर में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 543 रन का टारगेट दिया था। वह मैच वे 342 रन से हार गए थे, जो रनों के हिसाब से उनकी सबसे बड़ी हार है। दक्षिण अफ्रीका ने कल के बिना कोई विकेट खोए 26 रन से आगे खेलना शुरू किया और पांच विकेट पर 260 रन पर अपनी पारी घोषित की।

## चार और टीमें मदुरै चेन्नई पहुंचीं

**मदुरै, वार्ता।** एफआईएच हॉकी मेन्स जूनियर वर्ल्ड कप से पहले उत्साह बढ़ने के साथ, जापान और चिली चेन्नई पहुंच गए, जबकि स्पेन और ऑस्ट्रिया 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक होने वाले इस बड़े इवेंट के लिए अपनी आखिरी तैयारियां शुरू करने के लिए मदुरै पहुंच गए। जापान, जो अपना चौथा जूनियर वर्ल्ड कप खेल रहा है, सोमवार देर रात पहुंचा। अर्जेंटीना, चीन और न्यूजीलैंड के साथ पूल सी में रखे गए जापानी, भारत के इस दौरे पर अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक होंगे। वे 28 नवम्बर को अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, फिर 30 नवम्बर को चीन से भिड़ेंगे, और आखिर में 1 दिसम्बर को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के साथ अपना ग्रुप स्टेज पूरा करेंगे। जापानी टीम के ठीक बाद चिली टीम थी, जिसे भारत, ओमान और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## रोहित शर्मा पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए बने टूर्नामेंट एंबेसडर

**मुम्बई, वार्ता।** आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने रोहित शर्मा को पुरुष टी–20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए टूर्नामेंट एंबेसडर घोषित किया है। 7 फरवरी से 8 मार्च तक चलने वाले 2026 टी–20 विश्व कप को भारत और श्रीलंका मिलकर होस्ट करेंगे। मेजबान भारत और श्रीलंका के अलावा टी–20 विश्व कप में भाग लेने वाली अन्य 18 टीमें हैं: अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, इटली, नीदरलैंड, नाम. ीबिया, ज़िम्बाब्वे, नेपाल, ओमान और यूएई। भारत मौजूदा डिफ़ेंलडग चैंपियन है, जिसने रोहित की कप्तानी में 2024 टी–20 विश्व कप के फ़ाइनल में बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था।

## चेन्नई 9-14 दिसम्बर तक स्क्वैश वर्ल्ड कप होस्ट करेगा

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई 9–14 दिसंबर तक होने वाले वर्ल्ड कप को होस्ट करने के लिए पूरी तरह तैयार है, इसलिए इस चहल–पहल वाले शहर में स्क्वैश का बड़ा धमाका होने वाला है। शहर शॉपिंग मॉल, एक्सप्रेस एवेन्यू और इंडियन स्क्वैश एकेडमी में होने वाली इस चैंपियनशिप में मेजबान भारत समेत कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी। टीमों को तीन–तीन टीमों के दो–चार ग्रुप में बांटा गया था, जिसमें भारत को ब्राज़ील और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया है। तमिलनाडु सरकार द्वारा स्पॉन्सर किए गए इस इवेंट में दुनिया भर के स्क्वैश खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए मुकाबला करने के लिए एक साथ आएंगे, तमिलनाडु के डिप्टी चीफ मिनिस्टर उदयनिधि स्टालिन, जिनके पास स्पोर्ट्स पोर्टफोलियो भी है।

# वेंकटेश प्रसाद केएससीए अध्यक्ष पद के लिए अकेले दावेदार के तौर पर उभरे



● **एक चिन्नास्वामी स्टेडियम में कैंडिडेट की मौजूदगी में सत्यापन पूरा करने के बाद वैलिड लिस्ट जारी की**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद मंगलवार को कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अध्यक्ष पद की दौड़ में अकेले बड़े दावेदार के तौर पर उभरे, क्योंकि चुनाव अधिकारी द्वारा जारी वैध नॉमिनेटेड उम्मीदवारों की फ़ाइनल लिस्ट में दो बड़े उम्मीदवारों, केएन शांतकुमार और सीनियर एडमिनिस्ट्रेटर विनय मृत्युंजय के नाम नहीं थे। इन अचानक हुई चूकों ने चुनावी माहौल को पूरी तरह बदल दिया, यह उस दिन हुआ जब कल्पना वेंकटचर, जो अकेली दूसरी बड़ी दावेदार थीं, ने कथित तौर पर अध्यक्ष पद की दौड़ से अपना नाम वापस लेने की घोषणा की, यह कहते हुए कि वह प्रसाद के खिलाफ़ चुनाव नहीं लड़ना चाहतीं, जिन्हें उन्होंने एक मजबूत लीडर बताया। कर्नाटक हाई कोर्ट के रिट पिटीशन नंबर 34890/2025 के निर्देश पर जस्टिस सुभाष बी अदी की देखरेख में नॉमिनेशन की स्क्रूटनी की गई। इसमें कई पोस्ट के कैंडिडेट को क्लियर कर दिया गया, लेकिन शांतकुमार – जो शुरू में प्रेसिडेंट पद के उम्मीदवार थे, और मृत्युंजय, जो सेक्रेटरी पद के लिए चुनाव लड़ रहे थे, की गैरमौजूदगी के लिए कोई वजह नहीं बताई गई। यह अभी साफ नहीं है कि उनके नॉमिनेशन रिजेक्ट किए गए या वापस ले लिए गए, और मंगलवार को कोई ऑफिशियल सफाई जारी नहीं की गई। इलेक्टोरल ऑफिसर डा. बी– बसवराजू, आईएएस (रिटायर्ड) ने एम– चिन्नास्वामी स्टेडियम में कैंडिडेट की मौजूदगी में वेरिफिकेशन पूरा करने के बाद वैलिड लिस्ट जारी की। ऑनरेरी वाइस प्रेसिडेंट के पद के लिए, पांच कैंडिडेट को मंजूरी दी गई है: डी' विरियोड सिवप्पा, संतोष मेनन, सुजीत सोमसुंदर बी, कल्पना वेंकटचार और बी– एन– मधुकर। ऑनरेरी सेक्रेटरी की रेस में ईएस जयराम, सुजीत सोमसुंदर और संतोष मेनन हैं, जबकि जॉइंट सेक्रेटरी के लिए बीके रवि, एवी शशिधर और अविनाश वैद्य

### 2026 टी-20 विश्व कप

# 15 फरवरी को होगी भारत-पाक की भिड़ंत

● **भारत और पाकिस्तान के ग्रुप में अमेरिका नीदरलैंड और नामिबिया को रखा गया है**




**मुम्बई, वार्ता।** 2026 टी–20 विश्व कप में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत 15 फरवरी को कोलंबो में होगी। टूर्नामेंट के आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा मंगलवार को आईसीसी मुंबई में करेगी। 2025 एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच काफी गर्म माहौल में मैच खेले गए थे और इसके बाद ए दोनों टीमें पहली बार भिड़ती हुई नजर आएंगी। यह मैच आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा जो टूर्नामेंट में भारत का ग्रुप स्टेज का तीसरा मैच होगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि भारत और पाकिस्तान के ग्रुप में अमेरिका, नीदरलैंड और नाम. ीबिया को रखा गया है। 7 फरवरी को मुंबई में भारत अपना पहला ग्रुप स्टेज मैच अमेरिका के खलिाफ खेलेगा और यही टूर्नामेंट का पहला दिन भी होगा। 12 फरवरी को दिल्ली में नामीबिया, फिर पाकिस्तान और 18 फरवरी को अहमदाबाद में नीदरलैंड्स के खलिाफ आखरिी ग्रुप स्टेज मैच खेलेंगे। ग्रुप स्टेज के दौरान टूर्नामेंट में प्रति दिन तीन मैच खेले जाएंगे। 7 फरवरी से 8 मार्च तक चलने वाले 2026 टी–20 विश्व कप को भारत और श्रीलंका मिलकर होस्ट करने वाले हैं जिसमें पाकिस्तान अपने सारे मैच कोलंबो या कैंडी में खेल सकता है। फ़ॉर्मेट को 2024 जैसा ही रखा गया है जिसमें 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा। हर ग्रुप से टॉप–2 टीमें सुपर –8 में प्रवेश करेंगी जहां फिर से उन्हें दो ग्रुपों में बांटा जाएगा। सुपर–8 के ग्रुपों में टॉप–2 पर रहने वाली टीमें सेमीफ़ाइनल में जगह बनाएंगी। यदि भारत ग्रुप स्टेज से आगे बढ़ता है तो उनके सुपर–8 के तीन मैच अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता में होंगे। यदि वे अंतिम–4 में पहुंचे तो उनका सेमीफ़ाइनल मुंबई में होगा। ऐसा समझा जा रहा है कि आईसीसी ने कोलंबो या कोलक. ाता को दूसरे सेमीफ़ाइनल के लिए विकल्प में रखा है जिसका निर्णय इस बात पर निर्भर करेगा कि श्रीलंका या पाकिस्तान में से कोई सेमीफ़ाइनल में पहुंच रहा है या नहीं। यदि पाकिस्तान फ़ाइनल में पहुंचा तो इसे कोलंबो में खेला जाएगा अन्यथा फ़ाइनल अहमदाबाद में होगा। मेजबान भारत और श्रीलंका के अलावा टी–20 विश्व कप में भाग लेने वाली अन्य 18 टीमें हैं: अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड,

# बेल्जियम के खिलाफ भारत 3-2 से हारा

● **सातवें नंबर की टीम भारत ने पक्के इरादे से शुरुआत की और बेल्जियम को दूर रखा**



**इपोह, वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम ने मंगलवार को मलेशिया के इपोह में सुल्तान अजलान शाह कप 2025 में बेल्जियम के खिलाफ फाइटिग परफॉर्मेंस दी, लेकिन 3–2 से हार गई। सुल्तान अजलान शाह स्टेडियम में हुआ यह हॉकी मैच पहले सोमवार को होना था, लेकिन भारी बारिश की वजह से इसे स्थगित कर दिया गया।

भारत के लिए अभिषेक (33') और शिलानंद लाकड़ा (57') ने गोल किए, जबकि पूर्व ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम के लिए रोमन डुवेकोट (17', 57') और निक. ोलस डी कर्पेल (45') गोल करने वाले खिलाड़ी थे। सातवें नंबर की टीम भारत ने पक्के इरादे से शुरुआत की, दुनिया की नंबर 3 बेल्जियम को दूर रखा और शुरुआती दबाव का सामना किया। भारतीय गोलकीपर पवन को रीस्टार्ट के दोनों तरफ एक्शन में लाया गया, जिससे उनकी टीम बराबरी पर रही और वे लगातार गेम में आगे बढ़ते रहे। बेल्जियम को मैच शुरू होने के 10 मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर से पहला असली मौका मिला, और जल्द ही उन्होंने दूसरा मौका भी बनाया। हालांकि, भारतीय डिफेंस ने मजबूती से खड़े होकर यह पक्का किया कि वे पहले क्वार्टर के बाद बराबरी पर रहें।

भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत फ्रंट फुट पर की, और मौके की तलाश में अच्छे पास दिए। हालांकि, बेल्जियम ने खेल के दौरान बढ़त बना ली, और रोमन डुवेकोट के गोल की मदद से पवन की रुकावट को तोड़ दिया। तुरंत जवाब की तलाश में, दिलप्रीत सिंह ने भारत के लिए एक अच्छा मूव पूरा किया लेकिन खतरनाक खेल के कारण गोल रद्द कर दिया गया। भारत के जोर लगाने और जांच करने के बावजूद, बेल्जियम ने हाफ टाइम तक अपनी 1–0 की बढ़त बनाए रखी। दूसरे हाफ में भारत ने शुरुआत से ही जोरदार शुरुआत की और अभिषेक के शानदार मूव को गोल में बदलकर बराबरी हासिल की। मोमेंटम के साथ, भारतीयों ने दूसरे गोल की तलाश में बेल्जियम पर दबाव बनाया। हालांकि, निक. ोलस डी (45') ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बेल्जियम को बढ़त वापस दिला दी। उन्होंने जल्द ही अपनी बढ़त बढ़ा ली।

# किसान की बेटी और अस्मिता साइक्लिस्ट पूजा बिश्नोई ने रचा इतिहास

● **गेम्स के सातवें एडिशन में मेजबान राज्य राजस्थान के लिए मेडल जीतने वाली पहली एथलीट बन गई**

**जयपुर, वार्ता।** मंगलवार की एक हवादार सुबह जयपुर–आगरा हाईवे पर, सुबह के ट्रैफिक की जानी–पहचानी शांति की जगह रेसिग टायरों की आवाज और दर्शकों का बढ़ता उत्साह ले रहा था। यह खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का रोड साइक्लिग इवेंट था, और ठंडी हवा में साइकिल चला रहे राइडर्स में एक युवा महिला भी थी, जिसका स्टार्ट लाइन तक का सफर उन 30 किलोमीटर से कहीं ज्यादा लंबा और मुश्किल था, जिन्हें वह दौड़ने वाली थी। बीकानेर के एक छोटे से गांव की 22 साल की पूजा बिश्नोई, जो एक किसान की बेटी हैं और बिब नंबर–44 पहने हुए हैं, लाइनअप में सिर्फ़ एक और एथलीट नहीं थीं। वह हिम्मत और हिम्मत की कहानी थी–कोई ऐसा जिसने खड़ी सड़कों या तंग मोड़ों से कहीं ज्यादा बड़ी मुश्किलों को पार किया था। इवेंट के आखिर तक, वह महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी को रिप्रेजेंट करते हुए, गेम्स के सातवें एडिशन में मेजबान राज्य राजस्थान के लिए मेडल जीतने वाली पहली एथलीट बन गई। महिलाओं का एलीट 30 किमी इंडिविजुअल टाइम ट्रायल कॉम्पिटिटिव साइक्लिग की तरह जबरदस्त शुरुआत के साथ शुरू हुआ–लेकिन सरप्राइज जल्दी ही आ गया। पूजा आगे निकल गई, और 10 किमी का पहला लैप लीड में पूरा किया। उसकी रिदम पक्की थी, उसका पोस्चर पक्का था, और उसका कॉन्फिडेंस सबको अपनी ओर खींच रहा था। ट्रैक पर कोच हैरान होकर एक–दूसरे को देख रहे थे। देखने वाले आगे झुक रहे थे जैसे उनकी सांसें उसे और आगे धकेल देंगी। ऐसा लग रहा था कि यह एक ऐसी कहानी है जो उलटफेर में बदलने का इंतजार कर रही है। लेकिन साइक्लिग एक ऐसा खेल है जहां अनुभव अक्सर अहम साबित होता है। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर के लिए राइडिग कर रही अनुभवी मीनाक्षी रोहिल्ला–पटियाला के नेशनल सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की एक इंटरनेशनल साइक्लिस्ट, जिन्होंने एशिया कप और एशियन चैंपियनशिप में मेडल जीते हैं।

# चेतन सपकल 25 मी. रैपिड फायर में छठे स्थान पर रहे

● **भारतीय शूटर्स ने टोक्यों में 25वें समर डेफलंपिक्स में 16 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया**

**टोक्यो, वार्ता।** भारत के चेतन हनमंत सपकल ने 25मी रैपिड फायर पिस्टल में छठा स्थान हासिल किया, जिससे भारतीय शूटर्स ने टोक्यो में 25वें समर डेफलंपिक्स में 16 मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। चेतन, जिन्होंने 564–5ग के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था, छह लोगों के फाइनल में आठ के स्कोर के साथ बाहर होने वाले पहले शूटर थे।

साउथ कोरिया के सेउंग ह्वा ली ने गोल्ड जीता, जबकि उनकी टीम के साथी ताए यंग किम ने ब्रॉन्ज और यूक्रेन के सेरही ओहोरोडनिक ने सिल्वर मेडल जीता। भारतीय शूटर्स ने टोक्यो में शूटिग रेंज में अपना दबदबा बनाया, 10 दिनों के कॉम्पिटिशन में शूटिग में कुल 39 मेडल में से 16 मेडल जीते, जिसमें सात गोल्ड, छह सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। सबसे सफल शूटर राइफल शूटर माहित संधू रही जिन्होंने दो गोल्ड और दो सिल्वर समेत चार मेडल जीते, उसके बाद पिस्टल शूटर अभिनव देशवाल और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने क्रम से दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता।

धनुष श्रीकांत ने भी 10मी एयर राइफल इंडिविजुअल और मिक्स्ड टीम इवेंट में दो गोल्ड मेडल जीते, जबकि मोहम्मद मुर्तजा वानिया (एक सिल्वर और ब्रॉन्ज) और कोमल मिलिंद वाघमारे (दो ब्रॉन्ज) ने भी दो–दो मेडल जीते। अनुया प्रसाद ने 10मी एयर पिस्टल विमेंस इवेंट में गोल्ड जीता, जबकि शौर्य सैनी ने 50मी 3पोजिशन में सिल्वर और कुशाग्र सिंह राजावत ने 50मी राइफल प्रोन इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता।

# दीप्ति डब्ल्यूपीएल मेगा नीलामी में सबसे ज्यादा डिमांड वाली खिलाड़ी होंगी: वेदा

● **गुजरात जायंट्स को मेगा ऑक्शन में दीप्ती शर्मा पर जरूर विचार करना चाहिए : अंजुम चोपड़ा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** जैसे–जैसे टीमें टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 मेगा ऑक्शन की तैयारी कर रही हैं और अपनी टीम को मजबूत करना चाहती हैं, सभी की नजरें भारत की टॉप ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और भरोसेमंद बैट्समैन हरलीन देओल पर हैं, जो उनकी लाइन–अप को मजबूत करेंगी। जियो हॉटस्टार के शो 'मोस्ट वांटेड: टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 ऑक्शन' में एक्सपर्ट अंजुम चोपड़ा और वेदा कृष्णमूर्ति ने दीप्ति शर्मा के ऑलराउंड असर और हरलीन देओल की वैल्यू को खास भारतीय खिलाड़ियों के तौर पर बताया, जिन पर हर फ्रेंचाइजी करीब से नजर रखेगी। अंजुम चोपड़ा ने अपनी राय साझा करते हुए कहा,षगुजरात जायंट्स को मेगा–ऑक्शन में दीप्ति शर्मा पर जरूर विचार करना चाहिए। दिल्ली कैपिटल्स भी उन्हें एक भारतीय खिलाड़ी के रूप में टारगेट कर सकती है जो बैटिग और बॉलिग दोनों को मजबूत करती है। गुजरात और दिल्ली के बाद यूपी वॉरियर्स उनकी सर्विस लेने में दिलचस्पी रखने वाली तीसरी टीम हो सकती है। गुजरात जायंट्स द्वारा हरलीन देओल को रिलीज किए जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे हैरानी है कि गुजरात जायंट्स ने हरलीन देओल को रिलीज किया। वह एक मल्टी–टैलेंटेड भारतीय खिलाड़ी है जो थोड़ी बॉलिग भी कर सकती है, और मुझे उम्मीद है कि वह अपनी बॉलिग स्किल्स को और डेवलप करेगी। ऑक्शन में उसमें अच्छी दिलचस्पी होगी। दीप्ति शर्मा के साथ, वह एक ऐसी भारतीय खिलाड़ी होगी जिसे हर फ्रेंचाइजी टारगेट करेगी क्योंकि टीमें मजबूत भारतीय बैट्समैन और संभावित लीडरशिप ऑप्शन चाहती हैं। वेदा कृष्णमूर्ति ने दीप्ति शर्मा की स्किल्स की तारीफ़ की और बताया कि मेगा नीलामी में वह सबसे ज्यादा डिमांड वाली प्लेयर क्यों होंगी। उन्होंने कहा कि दीप्ति शर्मा पिछले डब्ल्यूपीएल सीजन से एक जानी–मानी मैच–विनर हैं, उन्होंने बैट और बॉल दोनों से शानदार परफॉर्म किया है। उन्होंने हाल ही में खत्म हुए विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी जीता। मेगा–ऑक्शन में उनकी डिमांड जरूर ज्यादा होगी, और हर फ्रेंचाइज उन पर करीब से नजर रखेगी।

## आईएससीएल ने ग्रैंड ऑफिशियल जर्सी लॉन्च और टीम ओनर्स इंट्रोडक्शन सेरेमनी होस्ट की

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट फाउंडेशन की लीडरशिप में आईएससीएल ने अपनी ऑफिशियल जर्सी लॉन्च और टीम ओनर्स इंट्रोडक्शन सेरेमनी होस्ट की, जो पूरे भारत में सॉफ्टबॉल क्रिकेट को प्रोफेशनल पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस इवेंट में देश भर के राज्यों, शहरों और इलाकों को रिप्रेजेंट करने वाली 32 टीमों के आने का जश्न मनाया गया, जिसमें अंडमान और निकोबार आइलैंड्स और लक्षद्वीप से पहली बार हिस्सा लेने वाली टीमें भी शामिल थीं।

# नीता अंबानी ने भारत की ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को दी बधाई




**मुम्बई, वार्ता।** रिलायंस फॉउंडेशन की चेयरपर्सन और संस्थापक नीता एम– अंबानी ने इंडियन ब्लाइंड विमेंस क्रिकेट टीम को पहला ब्लाइंड विमेंस टी 20 वर्ल्ड कप जीतने पर बधाई दी है। नीता अंबानी ने बधाई देते हुए कहा कि हमारी नीली जर्सी वाली लड़कियों ने हमें एक बार फिर गर्व महसूस कराया है, क्योंकि इंडिया की विजुअली इम्पेयर्ड विमेंस क्रिकेट टीम ने पहला टी–20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता है। उन्होंने हमें दिखाया है कि असली विजन दिल से आता है। उनकी जीत हिम्मत, हिम्मत और कभी न टूटने वाले जज्बे की जीत है। उन्होंने लाखों लोगों के लिए उम्मीद, संभावना और प्रेरणा का रास्ता दिखाया है। उन्हें और उनके परिवारों को मेरी तरफ से दिल से बधाई।

शाह टाइम्स


सम्पादकीय

बुधवार, 26 नवम्बर 2025

# एसआईआर का जाल

बिहार चुनाव के बाद देश के बारह राज्यों में एसआईआर का काम चल रहा है। इसकी जिम्मेदारी उन बीएलओ को दी गई है, जो लोकतंत्र का एक हिस्सा हैं। लेकिन सरकार उन्हें पूरी तरह नजरअंदाज कर रही हैं। ये बीएलओ घर-घर जाकर दस्तावेज इकट्ठा कर रहे हैं और मतदाता सूची को सही और अद्यतन बनाने में जुटे हैं। लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए यह प्रक्रिया बेहद जरूरी है। लेकिन जाल ऐसा हो गया है कि बीएलओ का उसमें से निकलना मुश्किल हो रहा है। नतीजतन देश के अलग अलग राज्यों में 16 बीएलओ की मौत हो गई। सरकार की इस प्रक्रिया पर विपक्ष सवाल उठा रहा है और आम जनता भी कई दिक्कतों का सामना कर रही है। इन सबके बीच हम उन बीएलओ को पूरी तरह नजरअंदाज कर रहे हैं, जो इस अभियान में सबसे सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इन्हें लोकतंत्र के सच्चे सिपाही कहा जा सकता है, लेकिन यही सिपाही इस समय परेशान हैं, दबाव में हैं, डर में जी रहे हैं और कई ने तो अपनी जान भी गंवा दी है। ये सभी बीएलओ वर्तमान में किसी न किसी स्कूल में शिक्षक, शिक्षा मित्र के रूप में कार्यरत हैं। कई तो ऐसे हैं जो कई चुनाव देख चुके हैं, जिन्होंने हर बार बिना सवाल किए सरकार के आदेशों का हर बार पालन किया है, लेकिन इस बार जमीन पर मिसमैनेजमेंट ऐसी है कि ये शिक्षक भी त्रस्त हो चुके हैं। दूसरी तरफ अधिकारियों द्वारा काम समय से एसआईआर की प्रक्रिया पूरी करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। एक बीएलओ ने दावा किया कि उन्हें टारगेट पूरा न करने पर एफआईआर किए जाने की धमकी दी गई। चुनाव आयोग ने तो यहां तक कह दिया है कि यदि किसी बीएलओ ने सही प्रकार से काम नहीं किया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बेहतर होता कि सरकार इन्हें पहले संसाधन उपलब्ध कराती और फिर कार्यभार सौंपती। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नतीजा यह हुआ कि 21 नबंवर की रात से 22 नवंबर के मध्य प्रदेश में दो बीएलओ की बीमारी के कारण मौत हो गई। पश्चिम बंगाल में नदिया में बीएलओ रिंकू का शव घर की छत से लटका मिला। राज्य में एसआईआर से जुड़ा दूसरा सुसाइड, तीसरी मौत है। राजस्थान के जयपुर में रविवार को बीएलओ मुकेश जांगिड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी। करौली में बीएलओ की मौत हो गई। सवाई माधोपुर में एक बीएलओ को हार्ट अटैक से मौत हो गई। मध्य प्रदेश में एक रात में 2 बीएलओ की मौत हो गई और एक लापता हो गया, जबकि दो को हार्ट अटैक आया। देश में एसआईआर का इतना विरोध हो रहा है, लेकिन सरकार के ऊपर कोई असर नहीं हो रहा है। इसी से दुखी पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पैदल मार्च निकालना शुरू कर दिया है। सरकार को चाहिए कि एक बार फिर वह इस बारे में सोच और कोई सकारात्मक समाधान निकाले।

## हमारे देश की आत्मा है संविधान



भारत का संविधान दुनिया के अन्य देशों के लिए भी मार्गदर्शक है, संविधान को जानो, अपनाओ और संविधान के अनुसार जियो, हमारे देश में बोली, भाषा, खानपान सहित अनेक विविधताएं हैं, लेकिन देश की समस्त विविधताओं को एक करने का काम हमारा संविधान करता है, हर विद्यालय, महाविद्यालय के शिक्षण पाठ्यक्रम में संविधान का अध्ययन होना चाहिए भारत का संविधान दुनिया के अन्य देशों के लिए भी मार्गदर्शक है और यह हमारे देश की आत्मा है।

**-ओम बिरला**
**लोकसभा अध्यक्ष**

# यूपी विधानसभा चुनावों में ओवैसी का अखिलेश यादव से मुलाकात का वादा

रामगढ़ में बसपा उम्मीदवार के जुलूस में एआईएमआईएम के बैनर भी देखे गए। खबर है कि एआईएमआईएम ने अपने समर्थकों से उन जगहों पर बसपा को वोट देने की अपील की जहां उसका कोई उम्मीदवार नहीं था। जबकि बिहार में एआईएमआईएम का चंद्रशेखर आजाद और स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टियों के साथ गठबंधन था। बिहार में बसपा का कुल वोट प्रतिशत 1.62 रहा। ओवैसी ने उत्तर प्रदेश में अपना दल की पल्लवी पटेल और स्वामी प्रसाद मौर्य की राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के भी संकेत दिए हैं। गौरतलब है कि जून 2021 में एक समाचार चैनल की रिपोर्ट के बाद मायावती ने कहा था, श्यह खबर पूरी तरह से झूठी, भ्रामक और निराधार है।



**एम हसन**

एआईएमआईएम के लिए उत्तर प्रदेश में अपनी जमीन मजबूत करना एक मुश्किल काम है क्योंकि उसे मुसलमानों को अपनी क्षमता का एहसास दिलाना होगा, जबकि सपा अभी तक इस समुदाय पर ऑक्टोपस जैसा नियंत्रण रखती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि एआईएमआईएम, गठबंधन में या अकेले, भाजपा विरोधी वोटों को बांट पाती है या नहीं और इससे हिंदुत्व समर्थक ताकतों को एकजुट करने में भी मदद मिल सकती है, क्योंकि उत्तर प्रदेश 2027 के चुनावी संग्राम की ओर बढ़ रहा है।

बिहार विधानसभा चुनाव में 1.85 प्रतिशत वोटों के साथ पांच सीटें जीतने के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने अब 2027 के यूपी विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की राह में रोड़ा अटकाने की धमकी दी है। हालांकि, अपनी पार्टी के लिए मुस्लिम समर्थन की जमीनी हकीकत को अच्छी तरह से जानते हुए अखिलेश यादव ने अब तक ओवैसी के बयानों पर चुप्पी साधे रखी है। हालांकि बिहार में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, उत्तर प्रदेश में 2027 के भारतीय गठबंधन का स्वरूप अभी स्पष्ट नहीं है, फिर भी सपा 2027 में पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन को लेकर बेहद सतर्क है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) तथा कुछ अलग-अलग गुटों के बीच एक व्यापक गठबंधन था। हालांकि, कांग्रेस केवल दो सीटें ही जीत पाई और रालोद आठ सीटें (2.9 प्रतिशत वोट) जीतने के बाद भाजपा में शामिल हो गई। लगभग 33 प्रतिशत वोटों के साथ सपा ने 111 सीटें जीती थीं। तब एआईएमआईएम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था। मुस्लिम समुदाय, जो सपा के साथ मजबूती से खड़ा था, ने एआईएमआईएम को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया था। एआईएमआईएम ने 103 उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन एक भी सीट नहीं जीत पाई और उसे केवल 0.49 प्रतिशत वोट मिले। उसे सबसे ज्यादा वोट 36460 (16.27 प्रतिशत) आजमगढ़ के मुबारकपुर से मिले थे, जहां से शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली मैदान में थे। गुड्डू जमाली विधानसभा में बसपा के नेता प्रतिपक्ष थे और चुनाव से पहले सपा में शामिल हो गए थे, लेकिन सपा से टिकट न मिलने पर वे एआईएमआईएम में शामिल हो गए। यह गुड्डू जमाली की व्यक्तिगत छवि ही थी जिसने एआईएमआईएम को भारी वोट दिलाए। इसलिए, बसपा, एआईएमआईएम और कुछ छोटे दलों के तीसरे मोर्चे की किसी भी संभावना की कल्पना करना अभी जल्दबाजी होगी। बसपा प्रमुख मायावती पहले ही यूपी चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कर चुकी हैं। 2022 में, एआईएमआईएम ने छोटे दलों के साथ गठबंधन करने की कोशिशें की थीं, लेकिन यह कोशिश कामयाब नहीं हो पाई। अब बिहार में बसपा और एआईएमआईएम के बीच बहुचर्चित अप्रत्यक्ष गठबंधन के बाद, जहां बसपा विजेता सतीश यादव रामगढ़ ने जीत के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मायावती के साथ ओवैसी के पोस्टर लगाए थे, यूपी में दोनों दलों के सपा से मुकाबला करने के लिए एक साथ आने की कहानी गढ़ी जा रही है।

रामगढ़ में बसपा उम्मीदवार के जुलूस में एआईएमआईएम के बैनर भी देखे गए। खबर है कि एआईएमआईएम ने अपने समर्थकों से उन जगहों पर बसपा को वोट देने की अपील की जहां उसका कोई उम्मीदवार नहीं था। जबकि बिहार में एआईएमआईएम का चंद्रशेखर आजाद और स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टियों के साथ गठबंधन था। बिहार में बसपा का कुल वोट प्रतिशत 1.62 रहा। ओवैसी ने उत्तर प्रदेश में अपना दल की पल्लवी पटेल और स्वामी प्रसाद मौर्य की राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के भी संकेत दिए हैं। गौरतलब है कि जून 2021 में एक समाचार चौनल की रिपोर्ट के बाद मायावती ने कहा था, श्यह खबर पूरी तरह से झूठी, भ्रामक और निराधार है। इसमें जरा भी सच्चाई नहीं है।श मायावती ने तब 2022 में एआईएमआईएम के साथ गठबंधन की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया था और वह अपने इस रुख पर अड़ी रहीं। लेकिन अब मायावती उत्तर प्रदेश में मुस्लिम समुदाय का समर्थन हासिल करने की पुरजोर कोशिश कर रही हैं और ओवैसी भाजपा की बी टीम के ठप्पे से छुटकारा पाने के लिए बेताब दिख रहे हैं। यह तभी संभव होगा जब वह बसपा के साथ गठबंधन करने में कामयाब हो जाएं। हालांकि, बसपा सूत्रों ने बताया कि वह अपने मूल वोट बैंक जाटवों की प्रतिक्रिया का आकलन कर रही हैं, जिनकी ग्रामीण इलाकों में मुसलमानों के साथ नजदीकियां बहुत अच्छी नहीं रही हैं, चूंकि इस बहुचर्चित गठबंधन का व्यापक प्रभाव पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर से लेकर सहारनपुर तक लगभग 100 सीटों पर पड़ सकता है, इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या जाटव एआईएमआईएम को वोट देने के लिए तैयार होंगे। एआईएमआईएम की तरह, उत्तर प्रदेश का अल्पसंख्यक समुदाय भी बसपा को भाजपा की बी टीम मानता है।

नाम न छापने की शर्त पर एक सपा नेता ने कहा, इसलिए दो बी टीमें सपा से मुकाबला करने के लिए एक साथ आने की कोशिश कर रही हैं। इसमें कोई शक नहीं कि बसपा और एआईएमआईएम के बीच गठबंधन सपा में बड़ी खलबली मचा सकता है और मुस्लिम वोटों के बंटवारे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन बसपा को छोड़कर छोटे दलों के साथ गठबंधन से ओवैसी को अपेक्षित परिणाम मिलने की संभावना कम है, जो अखिलेश यादव को सबक सिखाने को तैयार हैं। एआईएमआईएम ने बिहार महागठबंधन से गठबंधन के लिए संपर्क किया था और सिर्फ छह सीटें मांगी थीं, लेकिन यादव परिवार ने हिंदुओं के आक्रोश के डर से इनकार कर दिया। उत्तर प्रदेश में मौजूदा अत्यधिक सांप्रदायिक स्थिति के तहत, मायावती, जो पिछड़े समुदायों को लुभाने और खोए हुए दलित वोट को वापस पाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही हैं, ओवैसी से हाथ मिलाने से पहले गहराई से मूल्यांकन करेंगी, लेकिन दरवाजे के पीछे सौदा, जैसा कि बिहार में कुछ सीटों पर हुआ था, एक संभावना हो सकती है। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में समर्थन आधार जुटाने के लिए 6 दिसंबर को नोएडा में एक रैली बुलाई है। पिछले कुछ चुनावों के दौरान बसपा के समर्थन में काफी गिरावट आई है, जो 2022 में लगभग 12 प्रतिशत और 2024 के लोकसभा चुनाव में घटकर नौ प्रतिशत रह गया। प्रतिशत में गिरावट दर्शाती है कि राज्य में जाटव भी भाजपा में चले गए हैं। इस प्रकार बसपा के लिए खोए हुए वोट को वापस लाना और फिर अपनी जीतने योग्य स्थिति में आना एक कठिन कार्य है। पिछले कुछ वर्षों में अधिकांश प्रमुख मुस्लिम नेता बसपा से अन्य दलों में चले गए हैं। एआईएमआईएम के लिए यह काम और भी मुश्किल है क्योंकि उसे मुसलमानों को अपनी क्षमता का एहसास दिलाना होगा, जबकि सपा अभी तक इस समुदाय पर ऑक्टोपस जैसा नियंत्रण रखती है। वरिष्ठ सपा नेता आजम खान की लंबी कैद और रामपुर में उनकी उच्च शिक्षा योजना को मिली क्षति ने समुदाय को काफी ष्भावनात्मक रूप से प्रभावितष किया है। इसलिए, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या एआईएमआईएम, गठबंधन में या अकेले, भाजपा विरोधी वोटों को विभाजित कर पाती है और अप्रत्यक्ष रूप से हिंदुत्व समर्थक ताकतों को एकजुट करने में मदद कर पाती है, क्योंकि उत्तर प्रदेश 2027 के चुनावी समर की ओर बढ़ रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विपक्ष मुक्त लोकतंत्र के दुष्प्रयास अभी भी जारी



**तनवीर जाफरी**

7 जून 2013 को गोवा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनाव अभियान समिति की बैठक के दौरान जिस समय नरेंद्र मोदी को 2014 लोकसभा चुनावों के लिए अभियान समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया उस समय उन्होंने अपने भाषण में कहा था कि कांग्रेस मुक्त भारत हमारा सपना होना चाहिए। इस आह्वान के फौरन बाद उन्होंने ट्विटर पर भी इसकी पुष्टि करते हुए लिखा था कि वरिष्ठ नेताओं ने मुझ में विश्वास जताया है। हम कांग्रेस मुक्त भारत का निर्माण करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उसके बाद से अब तक वे इसी बात को दूसरे शब्दों में अपनी चुनावी सभाओं या सार्वजनिक रैलियों आदि में कहते रहते हैं। जैसे कभी देश को ष्कांग्रेस संस्कृति से मुक्तिष दिलाने की बात कभी पंजे से मुक्ति, कभी तुष्टिकरण से मुक्ति तो कभी परिवारवाद व भ्रष्टाचार से मुक्ति के रूप में देश के सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस को कोसकर विपक्ष मुक्त लोकतंत्र की अपनी हसरत की अभिव्यक्ति करते रहे हैं। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की 99 सीटें आने के बाद मोदी की इस हसरत पर विराम लग गया था। फिर भी कांग्रेस के दर्जनों नेताओं को भय लालच आदि के द्वारा अपने पाले में कर कांग्रेस को पूरी तरह कमजोर करने की कोशिश जरूर की गई। अब बिहार चुनाव परिणामों से उत्साहित भाजपा दिल्ली से लेकर कर्नाटक तक एक बार फिर कांग्रेस व विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश करने लगी है। इसी उद्देश्य से पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने सूरत में एक कार्यक्रम के दौरान फिर एक बयान दिया है। इस बार मोदी ने कांग्रेस व अन्य विपक्षी सांसदों की पैरवी करते हुए उनके राजनीतिक कैरियर के प्रति चिंता जाहिर की है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के युवा सां. सदों को पार्टी नेतृत्व बोलने नहीं देता, जिससे उनका राजनीतिक कैरियर बर्बाद हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के सांसद मुझसे मिलते हैं, तो वे कहते हैं, हम क्या कर सकते हैं? हमारा कैरियर खत्म हो रहा है। हमें संसद में बोलने का मौका ही नहीं मिलता। हर बार यही कहा जाता है कि संसद को ताला लगा दो। उन्होंने कांग्रेस पर और भी हमले किए। मोदी द्वारा विपक्षी सांसदों की फिक्र किए जाने के सन्दर्भ में यह सोचना जरूरी है कि अपनी ही पार्टी के शीर्ष नेताओं का बना बनाया कैरियर समाप्त करने या उन्हें अज्ञातवास अथवा राजनैतिक संन्यास पर भेजने के लिए मजबूर करने वाले प्रधानमंत्री मोदी को आखिर विपक्षी सांसदों के कैरियर की चिंता कैसे सताने लगी ? गुजरात से लेकर दिल्ली तक कितने नेताओं को दरकिनार कर प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने वाले मोदी को विपक्षी सांसदों के कैरियर की चिंता सताने लगी? लाल कृष्ण आडवाणी ने तो खुद मोदी जी का कैरियर बचाने में उनकी मदद की थी। याद कीजिए 2002 के गुजरात दंगों के बाद तो तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने मोदी को गुजरात के मुख्यमंत्री पद से हटाने की ठान ली थी। उस समय आडवाणी ने ही मोदी का साथ देकर इन की कुर्सी बचाई थी। बाद में मोदी ने आडवाणी जी को कहां पहुंचा दिया ? जिनके पैर छुआ करते थे उन्हें ऐसे मार्ग दर्शन मंडल में भेज दिया जहां से मार्ग दर्शन लेने की किसी को जरूरत ही नहीं होती? मुरली मनोहर जोशी का वाराणसी से टिकट काट कर पहले खुद चुनाव लड़ा बाद में उन्हें भी मार्ग दर्शन मंडल का रास्ता दिखा दिया? मार्गदर्शन मंडल के बारे में बताया गया कि 75 की आयु पार करने वालों को इसमें स्थान मिलेगा परन्तु स्वयं 1950 में जन्मे मोदी भी आज 75 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं।

तो क्या 75 के नाम पर अपने अनेक वरिष्ठ नेताओं का कैरियर चौपट करने वाले मोदी जी को स्वयं अपनी आयु 75 होने पर मार्गदर्शक मंडल का रास्ता नजर नहीं आता? केंद्र में 79 वर्षीय जीतन राम मांझी मंत्री बनाए जा सकते हैं। 83 वर्षीय आनंदीबेन पटेल व 81 वर्षीय आचार्य देवव्रत राज्यपाल बनाए जा सकते हैं परन्तु सुब्रमण्यम स्वामी, यशवंत सिन्हा, शत्रुघ्न सिन्हा, अरुण शौरी जैसे नेताओं के कैरियर की कोई फिक्र नहीं ? ऐसे और भी अनेक उदाहरण हैं जो यह दर्शाते हैं कि मोदी को अपने राजनैतिक कैरियर के सिवा किसी और के राजनैतिक कैरियर की कोई फिक्र नहीं होती। लंबे समय तक भाजपा में रहने वाले शत्रुघ्न सिन्हा ने खुद कहा था कि भाजपा में अब लोकतंत्र नहीं, तानाशाही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री आर के सिंह को बिहार चुनाव परिणाम आते ही इसलिए पार्टी से निकाल दिया गया क्योंकि उन्होंने न केवल पार्टी के अपराधी नेताओं को पार्टी प्रत्याशी बनाने पर सवाल खड़ा किया था बल्कि अडानी पावर व नीतीश सरकार के बीच हुए कथित 62,000 करोड़ रूपए के बिजली घोटाले का भी खुलासा किया था और इस घोटाले की जांच की मांग की थी। इसलिए कांग्रेस या विपक्षी सांसदों के कैरियर को लेकर चिंतित होना दरअसल उनके कैरियर की चिंता करना नहीं बल्कि अपनी इन कथित चिंताओं का प्रदर्शन कर कांग्रेस व विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश मात्र है। कुछ ऐसी ही कोशिशें इन दिनों लालू यादव के परिवार में पड़ी पारिवारिक फूट को लेकर देखी जा रही हैं। यहां भी लालू -तेजस्वी का विरोध करने वाले परिवार के सदस्यों को हवा देने की खबरें आ रही हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विभिन्न धर्मों व संस्कृतियों को समाहित करता है भारतीय संविधान







**अतुल गोयल**

26 नवम्बर को भारतीय संविधान दिवस मनाया जाता है, जो वास्तव में भारत के लोकतांत्रिक स्वाभिमान का उत्सव है। संविधान सभा ने इसी दिन वह महान दस्तावेज अपनाया था, जिसने हर नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता, न्याय और गरिमा का आश्वासन दिया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर की दूरदर्शिता और संविधान सभा की सूझ-बूझ ने भारत को विश्व का सबसे बड़ा और सर्वाधिक प्रगतिशील संविधान दिया, जो आज भी हमारी राष्ट्रीय एकता और शक्ति का आधार है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इसे तैयार करने में करीब तीन वर्ष लंबी अवधि लगी थी। संविधान सभा की अध्यक्षता डॉ। राजेंद्र प्रसाद ने की थी, जिन्होंने इस महान दस्तावेज को अंतिम रूप दिया। डॉ। भीमराव अंबेडकर, संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष थे, जिन्हें 'भारतीय संविधान के निर्माता' के रूप में जाना जाता है। लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित हमारा संविधान न केवल नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा करता है बल्कि उनके कर्तव्यों को भी परिभाषित करता है। भारत के संविधान को लागू करने के लिए 26 जनवरी का दिन ही इसलिए चुना गया था क्योंकि 1930 में इसी दिन पूर्ण स्वराज्य की घोषणा की गई थी। हालांकि इसे स्वीकृत 26 नवम्बर 1949 को ही कर लिया गया था। इसीलिए 26 नवम्बर को ही 'संविधान दिवस' मनाया जाता है। यह अवसर हमें संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त करने और इसके आदर्शों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन हमें हमारे संविधान और उसकी विशेषताओं की याद दिलाता है। दरअसल भारतीय संविधान ने देश को एक ऐसा ढ़ांचा प्रदान किया, जो लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित है। यह दिवस हमें संविधान निर्माताओं के योगदान और उनकी मेहनत को याद करने का अवसर देता है। संविधान निर्माण की मांग का इतिहास 19वीं सदी के अंत से ही शुरू हो गया था। सन् 1895 में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने यह मांग की थी कि भारत का संविधान भारतीयों द्वारा ही बनाया जाना चाहिए। उनके सहयोगियों द्वारा तैयार किए गए स्वराज्य विधेयक के प्रारूप को ब्रिटिश सरकार ने ठुकरा दिया था। वह पहली बार था, जब स्वतंत्र संविधान सभा के गठन की बात उठाई गई थी। 1922 में महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत का राजनैतिक भविष्य भारतीय स्वयं तय करेंगे। उसी के तहत 1924 में पं। मोतीलाल नेहरू ने संविधान सभा के गठन की मांग उठाई। हालांकि, वह मांग भी अंग्रेजों द्वारा अस्वीकार कर दी गई थी। उसके बाद संविधान सभा की मांग लगातार उठती रही लेकिन ब्रिटिश सरकार उसे मानने के लिए तैयार नहीं थी। 1939 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने अधिवेशन में यह प्रस्ताव पारित किया कि स्वतंत्र भारत के संविधान का निर्माण केवल संविधान सभा द्वारा ही किया जा सकता है। इसके बाद 1940 में ब्रिटिश सरकार ने उस मांग को स्वीकार किया कि भारत का संविधान भारत के लोगों द्वारा बनाया जाएगा। 1942 में ब्रिटिश सरकार ने भारत में संविधान निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए क्रिप्स कमीशन का गठन किया। क्रिप्स मिशन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत में एक निर्वाचित संविधान सभा का गठन किया जाएगा, जो भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करेगी। यह प्रस्ताव भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। 9 दिसंबर 1946 को सच्चिदानंद सिन्हा की अध्यक्षता में संविधान सभा की पहली बैठक आयोजित की गई। हालांकि, मुस्लिम लीग ने अलग पाकिस्तान की मांग को लेकर उस बैठक का बहिष्कार किया। इसके बावजूद संविधान निर्माण की प्रक्रिया जारी रही। 11 दिसंबर 1946 को संविधान सभा की बैठक में डॉ। राजेंद्र प्रसाद को इसका स्थाई अध्यक्ष चुना गया। वे संविधान निर्माण की पूरी प्रक्रिया के दौरान इस पद पर बने रहे। उनकी अध्यक्षता में संविधान सभा ने अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए और संविधान का प्रारूप तैयार किया। 14 अगस्त 1947 को भारत डोमिनियन की प्रभुत्ता सम्पन्न संविधान सभा ने पुन: बैठक की। उस बैठक में 29 अगस्त 1947 को संविधान निर्मात्री समिति का गठन किया गया और डॉ. भीमराव अंबेडकर को सर्वसम्मति से उसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पकार माना जाता है। संविधान प्रारूप समिति की बैठकें कुल 114 दिनों तक चली। संविधान निर्माण के लिए विभिन्न वर्गों, समुदायों और संगठनों के सुझावों को ध्यान में रखा गया। भारतीय संविधान के निर्माण में कुल 2 वर्ष, 11 माह और 18 दिन का समय लगा। इस कार्य पर कुल 63 लाख 96 हजार 729 रूपए का खर्च हुआ। यह अपने आप में एक विशाल और जटिल कार्य था, जिसमें संविधान सभा के सदस्यों ने दिन-रात कड़ी मेहनत की। संविधान निर्माण के दौरान संविधान सभा ने कुल 7635 सूचनाओं पर चर्चा की गई। भारत के संविधान को भारत की विविधता और एकता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया, जो विभिन्न धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों को समाहित करता है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है, जिसमें विभिन्न विषयों को विस्तारपूर्वक शामिल किया गया है। संविधान में भारत को एक संघीय राज्य घोषित किया गया है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच शक्तियों का विभाजन किया गया है। भारतीय संविधान नागरिकों को छह प्रमुख मूल अधिकार प्रदान करता है। यह अधिकार नागरिकों की स्वतंत्रता और समानता की गारंटी देते हैं। भारत में संसदीय प्रणाली अपनाई गई है, जिसमें कार्यपालिका विधायिका के प्रति उत्तरदाई होती है। भारतीय संविधान न्यायपालिका को स्वतंत्र और निष्पक्ष बनाए रखने की व्यवस्था करता है। संविधान में समय-समय पर संशोधन की व्यवस्था की गई है ताकि इसे समय के साथ प्रासंगिक बनाए रखा जा सके। भारत का संविधान लागू हुआ था और उसके बाद से संविधान में कई संशोधन किए गए हैं। अब तक इसमें 440 से भी अधिक अनुच्छेद और 12 अनुसूचियां शामिल हो चुकी हैं। भारतीय संविधान समय के साथ बदलते सामाजिक, आर्थिक, और राजनैतिक परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए संशोधित किया जाता रहा है। डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत की सख्ती के बाद चीन ने पल्ला झाड़ा

## शंघाई एयरपोर्ट विवाद में नया मोड-बीजिंग ने अरुणाचल की महिला के साथ दुर्व्यवहार का किया खंडन



■ सीमा पर चीन लगातार बढ़ा रहा ताकत, हवाईपट्टी से लेकर रेल नेटवर्क तक बनाने में जुटा, हरकतें जारी

**बीजिंग/नई दिल्ली।** चीन ने शंघाई एयरपोर्ट पर अरुणाचल प्रदेश की एक भारतीय महिला को परेशान किए जाने के आरोपों को सख्ती से खारिज कर दिया है। बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि लंदन से जापान जा रही भारतीय नागरिक पेमो वांगजॉम थोंगडोक के साथ कोई दुर्व्यवहार, हिरासत या दबाव नहीं डाला गया। यह बयान ऐसे समय आया है जब घटना के बाद भारत ने बीजिंग और दिल्ली दोनों जगह चीन को कड़ा विरोधपत्र सौंपा है और साफ कहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है।

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने आरोपों को खारिज करने के साथ ही यह भी कहा कि थोंगडोक की यात्रा के दौरान चीनी इमिग्रेशन अधिका. रियों ने सिर्फ कानून और नियमों के अनुसार प्रक्रिया अपनाई। उन्होंने कहा कि न तो महिला को किसी जबरन कार्रवाई का सामना करना पड़ा और न ही उसे हिरासत में लिया गया। माओ निंग ने कहा कि जांच पूरी तरह कानूनी थी और कानून प्रवर्तन निष्पक्ष रहा। साथ ही उन्होंने दावा किया कि एयरलाइंस ने उन्हें आराम की सुविधा और भोजन भी उपलब्ध कराया। थोंगडोक, जो यूके स्थित भारतीय नागरिक हैं, 21 नवम्बर को लंदन से जापान जा रही थीं। उनका तीन घंटे का ट्रांजिट था, लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि चीनी अधिका. रियों ने उनका पासपोर्ट अमान्य बताकर उन्हें रोक लिया। उनका कहना है कि यह इसलिए किया गया, क्योंकि उनके पासपोर्ट में जन्मस्थान अरुणाचल प्रदेश दर्ज है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए अपने पोस्ट में उन्होंने बताया कि उन्हें 18 घंटे तक रोका गया और बार-बार पूछताछ की गई। उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके लिए अपमानजनक रहा।

दिल्ली में आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि घटना के दिन ही भारत ने चीन को कड़ा डिमार्श जारी किया। भारत ने साफ कहा कि अरुणाचल प्रदेश 'निस्संदेह' भारतीय क्षेत्र है और वहां के लोग भारतीय पासपोर्ट पर दुनिया में कहीं भी यात्रा करने का पूरा अधिकार रखते हैं। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शंघाई में स्थानीय स्तर पर तुरंत दखल दिया और महिला को सहायता प्रदान की। दूतावास अधिकारियों की मदद से वह देर रात की उड़ान से शंघाई छोड़ सकीं। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने घटना पर नाराजगी जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि एक भारतीय नागरिक के साथ ऐसा व्यवहार अस्वीकार्य है और यह घटना चीन के रवैये को उजागर करती है।

खांडू ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई भारतीय नागरिकों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है और भारत को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने प्रभावित महिला के साहस की भी सराहना की, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भारतीय दूतावास से संपर्क किया। वहीं तिब्बत से लगती सीमा पर चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब लगातार अपनी स्थिति को मजबूत करने में जुटी हुई है। चीनी सेना ने इस इलाके में रसद केंद्र से लेकर संपर्क मजबूत करने के लिए सुविधाएं स्थापित की हैं। हाल ही में चीन ने तिब्बत में एक ड्रोन (मानवरहित हवाई वाहन) परीक्षण केंद्र की स्थापना की है। माना जा रहा है कि 4300 मीटर की ऊंचाई पर बने इस परीक्षण केंद्र में पीएलए और चीनी ड्रोन निर्माता को इन यूएवी के भीषण मौसम और उच्च ऊंचाई वाले हालातों में परीक्षण में मदद मिलेगी।

इस नई एयरफील्ड में एक 720 मीटर लंबी एक हवाईपट्टी, चार हैंगर्स और प्रशासनिक इमारतें शामिल हैं। गौरतलब है कि तिब्बत के पठार का पहाड़ी इलाका और भीषण मौसम सैन्य अभियानों और रसद पहुंचाने की कोशिशों में काफी चुनौतियां पैदा करता है। इस इलाके में तैनात पीएलए के नए रंगरूटों को कई बार ऊंचाई से होने वाली बीमारियों की वजह से अतिरिक्त ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है। चीन की ये हरकतें भारत की जमीनी सीमाओं तक ही सीमित नहीं हैं। दक्षिणी चीन सागर में उसने फिर से पाई गई जमीन पर सैन्य सुविधाएं स्थापित की हैं। इनमें हथियारों को स्थापिक करने से लेकर मुख्य इलाकों में लगातार उपस्थिति बनाए रखने जैसी चीजें शामिल हैं। अमेरिकी वायुसेना के अंतर्गत आने वाले चीन एयरोस्पेस अध्ययन संस्थान (सीएएसआई) की सितम्बर, 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक तिब्बत के अंदर और बाहर परिवहन नेटवर्क के अभाव चीनी सेना की भारत की सीमा पर सैन्यबल तैनात करने में एक प्रमुख वजह है।



छत्तीसगढ़। बस्तर जिले के बुरुंडवाड़ा सेमरा गांव में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए गणना फॉर्म भरने में मतदाताओं की सहायता करते हुए।

# इजरायली पीएम नेतन्याहू का भारत दौरा फिर टला

■ बेंजामिन नेतन्याहू अब अगले साल नई तारीख तय करेंगे

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस साल के अंत में भारत की यात्रा पर आने वाले थे, लेकिन अब एक बार फिर उन्होंने अपनी इस यात्रा को टाल दिया है। उनकी यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के लिए तय की गई थी। सूत्रों के अनुसार, यह कदम नई दिल्ली में हुए एक भयानक आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा कारणों से उठाया गया है। इस हमले में कम से कम 15 लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हुए।

मीडिया रिपोर्ट की माने तो नेतन्याहू अब अगले साल नई तारीख तय करेंगे, जब सुरक्षा परिस्थितियों का आकलन हो जाएगा। बता दें कि इस बार को लगाकर इस साल इजरायली पीएम नेतन्याहू ने तीन बार भारत की यात्रा रद्द की है। पहले उन्होंने नौ सितम्बर को भारत यात्रा रद्द की थी। इसका कारण था इजरायल में 17 सितम्बर को होने वाले चुनाव और उससे जुड़े कार्यक्रम। इसके पहले अप्रैल में भी उनकी यात्रा रद्द हो गई थी। नेतन्याहू का भारत यात्रा इजरायल में उनके वैश्विक स्वीकार्यता दिखाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा था। कारण है कि इस साल जुलाई में उनकी पार्टी ने नेतन्याहू की पीएम मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ तस्वीर वाले पोस्टर लगाकर उनकी छवि को मजबूत करने की कोशिश की थी। हालांकि इस बात में भी कोई दोहराई नहीं है कि उनका चुनाव अभियान हमेशा से यह दिखाने पर केंद्रित रहा है कि वह दुनिया के नेताओं के साथ घनिष्ठ संबंध रखते हैं, जो कि इजरायल की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन शांति योजना पर रूस की प्रतिक्रिया

**मॉस्को।** रूस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन संकट के समाधान के लिए यूरोपीय संघ का शांति प्रस्ताव रूस को पता है, लेकिन इसके प्रावधान 'अरचनात्मक' माने जा रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने कहा कि इस शांति प्रस्ताव को लेकर बहुत सारी अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन रूस केवल संयुक्त राज्य अमेरिका से सीधे प्राप्त जानकारी पर ही भरोसा करता है। उशाकोव ने कहा कि अलास्का में चर्चा किए गए प्रस्ताव के कई प्रावधान मॉस्को को स्वीकार्य हैं। रूसी मीडिया के अनुसार, तथाकथित 'यूरा. पीय प्रस्ताव' में अमेरिका द्वारा पहले प्रस्तावित 28-सूत्रीय शांति योजना में कई बड़े बदलाव किए गए हैं।

### रूस के साथ ऊर्जा साझेदारी को मजबूत को तैयार चीन

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि उनका देश रूस के के साथ व्यापक ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने के लिए तैयार है। चीनी राष्ट्रपति ने राजधानी बीजिंग में चल रहे सातवें चीन-रूस ऊर्जा व्यापार फोरम के प्रतिभागियों को टेलीग्राम के माध्यम से यह संदेश भेजा। चाइना सेंट्रल टेलीविजन (सीसीटीवी) ने टेलीग्राम संदेश के हवाले से बताया कि चीन रूस के साथ मिलकर व्यापक ऊर्जा साझेदारी को और मजबूत करने तथा संयुक्त रूप से वैश्विक ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने के लिए काम करने को तैयार है। साथ ही, आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता तथा सुचारू संचालन बनाए रखने के लिए भी काम करने के लिए सहमत है।

### ड्रोन हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हुई

**मॉस्को।** रूस के रोस्तोव इलाके में ड्रोन हमलों के बाद दो और लोगों की मौत हो गई, जिससे रविवार रात मरने वालों की कुल संख्या तीन हो गई। गवर्नर यूरी स्ल्यूसर ने यह जानकारी दी। स्ल्यूसर ने पहले कहा था कि रोस्तोव इलाके में यूक्रेनी आर्म्ड फोर्सेज़ के हमलों में घायलों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है, जिसमें टैगानरोग में एक व्यक्ति की मौत हो गई। गवर्नर ने टेलीग्राम पर कहा कि दुर्भाग्य से डॉक्टर दो और लोगों को नहीं बचा पाए, वे अस्पताल में अपने घावों से मर गए।

# इथियोपिया में 12 हजार साल बाद ज्वालामुखी फटा

■ राख का 15km ऊंचा गुबार उठा, 4300km दूर दिल्ली पहुंचा, एअर इंडिया की 11 उड़ानें रद्द

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया का हेली गुब्बी ज्वालामुखी 12 हजार साल बाद रविवार को फट गया। इस विस्फोट से उठने वाली राख और सल्फर डाइऑक्साइड करीब 15 किमी ऊंचाई तक पहुंच गई। यह लाल सागर पार करते हुए यमन और ओमान तक फैल गई।

सोमवार रात करीब 11 बजे यह राख इथियोपिया से 4300 किमी दूर भारत के राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर और पंजाब तक फैल गई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईडीएफ) ने कहा है कि राख के बादल मंगलवार शाम 7:30 बजे तक भारत से साफ हो जाएंगे और चीन की ओर बढ़ जाएंगे। इस गुबार की वजह से एअर इंडिया ने अपनी 11 उड़ानें रद्द कर दी थीं। एक्सपर्ट्स ने बताया था कि इस गुबार की ऊंचाई इतनी ज्यादा थी कि आम लोगों की जिंदगी पर इसका असर काफी कम हुआ। फिलहाल ज्वालामुखी शांत हो गया है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि शील्ड वोल्केनो में शुरुआती विस्फोट के बाद कभी-कभी दोबारा धमाके भी हो सकते हैं। वैज्ञानिकों को यह पता लगाने के लिए कि वहां क्या हो रहा है, सैटेलाइट तस्वीरों और रिमोट सेंसिंग तकनीक पर ही भरोसा करना पड़ रहा है। यह विस्फोट अफार इलाके में हेली गुब्बी ज्वालामुखी में हुआ। यह इतना पुराना और शांत ज्वालामुखी था कि आज तक इसका कोई रिकॉर्ड नहीं था।

# पाकिस्तान ने की आधी रात अफगानिस्तान में 3 एयरस्ट्राइक

## 9 बच्चे और 1 महिला की मौत, तालिबान की चेतावनी: सही समय पर मुंहतोड़ जवाब देंगे



■ खोस्त प्रांत के मुगलगई इलाके में रात करीब 12 बजे पाकिस्तानी विमानों ने एक घर पर बमबारी की: जबीउल्लाह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने सोमवार को आधी रात अफगानिस्तान के तीन प्रांत खोस्त, कुनार और पक्तिका में एयरस्ट्राइक की। खोस्त पर किए गए हमले में 10 आम लोगों की मौत हो गई, जिनमें 9 बच्चे और एक महिला शामिल हैं। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने बताया कि खोस्त प्रांत के मुगलगई इलाके में रात करीब 12 बजे पाकिस्तानी विमानों ने एक घर पर बमबारी की। इस हमले में 5 लड़के, 4 लड़कियां और एक महिला की मौत हो गई।

वहीं कुनार और पक्तिका प्रांतों में पाकिस्तान के हमले और छापेमारी में चार नागरिक घायल हो गए। अफगानिस्तान का कहना है कि पाकिस्तान ने यह हमला करके इस्तांबुल में हुए सीजफायर करार को तोड़ा है। घटना के बाद मंगलवार को मुजाहिद ने कहा कि अफगानिस्तान सही समय पर इसका मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि इस्लामिक अमीरात इस हमले की निंदा करता है, अपने हवाई क्षेत्र, क्षेत्र और लोगों की रक्षा करना उसका अधिक. ार है। इस घटना पर पाकिस्तान की सेना और विदेश मंत्रालय की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह हमला ऐसे समय हुआ जब पाकिस्तान खुद भी सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहा था। इसी शाम पाकिस्तान के पेशावर शहर में फंटियर कांस्टेबुलरी मुख्यालय पर हमला हुआ। यह मुख्यालय सैन्य कैंट क्षेत्र के पास स्थित है। इस आत्मघाती हमले में 6 लोग मारे गए, जिनमें 3 कमांडो और 3 हमलावर शामिल हैं। कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक हमलावर खुद को चादर से ढककर पहुंचा था। उसने चौकी पर पहुंचते ही खुद को उड़ा लिया। इसमें 3 पुलिसकर्मी मारे गए। सिक्योरिटी फोर्स के हेडक्वार्टर पर हमले के बाद इलाके में धुआं फैल गया। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हाल के महीनों में तनाव काफी बढ़ा है। अक्टूबर में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई झड़पों में दर्जनों लोग मारे गए थे, जो 2021 में तालिबान की सत्ता वापसी के बाद सबसे भीषण हिंसा थी। दोनों देशों ने अक्टूबर में दोहा में युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन इसके बाद तुर्की में हुई शांति वार्ता किसी लंबे समझौते पर नहीं पहुंच सकी। मतभेद उन उग्रवादी संगठनों को लेकर सामने आए, जिन्हें पाकिस्तान अपने खिलाफ बताता है और जो अफगानिस्तान में पनाह लेते हैं। पाकिस्तान बार-बार अफगानिस्तान पर आरोप लगाता है कि वह पाकिस्तान-तालिबान (टीटीपी) को अपनी धरती से पाकिस्तान में हमले करने दे रहा है। हालांकि, काबुल बार-बार इन आरोपों से इन्कार करता रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अफगान सरकार सीधे तौर पर टीटीपी के साथ मिलकर काम नहीं कर रही, लेकिन वह इसे रोकने के लिए भी कोई कदम नहीं उठा रही है। तालिबान सरकार को डर है कि अगर वह टीटीपी पर सख्ती करेगी तो उसके अंदर बगावत हो सकती है।

# खालिस्तानी आतंकियों ने तिरंगे का किया अपमान

## 'भारतीय पीएम को मारो' के नारे लगाए, बच्चे-प्रेग्नेंट महिलाएं शामिल



■ पंजाब को अलग करने पर वोटिंग की

**ओटावा।** कनाडा के ओटावा में खालिस्तान जनमत संग्रह के दौरान खालिस्तानी आतंकियों ने भारतीय ध्वज शतिरंगेश का अपमान किया। इन लोगों ने भारतीय पीएम और अधिकारियों को मार डालने के नारे लगाए। ये लोग एक अनौपचारिक और गैर-कानूनी वोटिंग में हिस्सा ले रहे थे, जिसे 'खालिस्तान रेफरेंडम' कहा जा रहा है।

इस वोटिंग में एक सवाल पूछा जा रहा था कि श्क्या पंजाब को भारत से अलग करके एक नया आजाद देश खालिस्तान बनाया जाना चाहिए? मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हजारों लोगों ने इसमें भाग लिया। लोग सुबह से शाम तक पीले रंग के खालिस्तान झंडे हाथ में लेकर करीब दो किलोमीटर लंबी कतार में खड़े रहे। इसका आयोजन आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने किया था। आयोज. कों का दावा है कि ओंटेरियो, अल्बर्टा, ब्रिटिश कोलंबिया और क्यूबेक प्रांतों से 53000 से ज्यादा खालिस्तान समर्थक वोट डालने आए। लोग छोटे-छोटे बच्चे, प्रेग्नेंट महिलाओं और बुजुर्गों के साथ आए। वोटिंग स्थल मैकनैब कम्युनिटी सेंटर के बाहर खालिस्तान समर्थकों ने भारत के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और दूसरे नेताओं के खिलाफ 'मार डालो-मार डालो' जैसे नारे लगाए गए। लोगों को भारत के खिलाफ उकसाया। कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका में जी-20 समिट के दौरान पीएम मोदी से मुलाकात की थी। एसएफजे ने इस बात पर सवाल उठाया कि जब कनाडा में भारत-विरोधी और अलगाववादी गति. विधियां हो रही हैं, तब कनाडाई पीएम भारतीय पीएम से क्यों मिले। भारत सरकार ने इस आयोजन को अवैध बताया और कहा कि यह भारत की संप्रभुता पर हमला है। कनाडा की धरती का इस्तेमाल भारत तोड़ने के लिए किया जा रहा है। दूसरी तरफ भारत और कनाडा ने ट्रेड डील के लिए फिर से बातचीत शुरू करने का ऐलान किया है। दो साल के तनाव के बाद अब दोनों देश व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए तैयार हुए हैं। यह फैसला जोहांसबर्ग में जी-20 समिट के दौरान पीएम मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की द्विपक्षीय मुलाकात में लिया गया है। ऐलान के बाद कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 50 बिलियन डॉलर (4.45 लाख करोड़) तक ले जाने का टारगेट है।

# चीनी अंतरिक्ष यान का सफल प्रक्षेपण

■ आईएसएस से चालक दल की वापसी का मिशन अगले वर्ष अप्रैल में वापस लौटेंगे यात्री

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को स्पेस स्टेशन से जुड़े अपने मलबे से टकराए स्पेसशिप की जगह एक नया स्पेसक्राफ्ट सफलतापूर्वक लॉन्च किया, जिससे उसके क्रू प्रोग्राम का पहला इमरजेंसी लॉन्च पूरा हो गया। नया लॉन्च किया गया शेनझोउ-22 स्पेसशिप, जो तियांगोंग स्पेस स्टेशन से डॉक किया गया है, ऑर्बिट में मौजूद तीन एस्ट्रोनॉट्स के लिए एक वापसी का स्पेसक्राफ्ट देगा, जो अगले साल अप्रैल में लौटने वाले हैं। पिछले क्रू ने 14 नवम्बर को अपने वापसी स्पेसक्राफ्ट का इस्तेमाल घर लौटने के लिए किया था, जब उनका स्पेसशिप मलबे से टकरा गया था, जिससे व्यू विंडो खराब हो गई थी और वह असुरक्षित हो गई थी। इससे मौजूदा तीन सदस्यों वाले क्रू के पास इमरजेंसी की स्थिति में बचने का कोई सुरक्षित तरीका नहीं बचा। बता दें कि चीन हर छह महीने में अपने स्पेस स्टेशन के क्रू को रोटेट करता है।

चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) ने कहा कि मंगलवार को, बिना पायलट वाला शेनझोउ-22 स्पेसशिप स्पेस फूड, मेडिकल सप्लाई, ताजे फल और सब्जियों का कार्गो ले गया, साथ ही शेनझोउ-20 स्पेसशिप की टूटी हुई खिड़की को ठीक करने के लिए डिवाइस भी थे। इसका इस्तेमाल अगले साल अप्रैल में मौजूदा तीन मेंबर क्रू को वापस लाने के लिए किया जाएगा। सीएमएसए ने कहा कि क्षतिग्रस्त स्पेसशिप को रिपेयर किया जाएगा और आखिरकार यह धरती पर वापस आएगा, लेकिन सिर्फ कार्गो के साथ और बिना एस्ट्रोनॉट्स के। शेनझोउ-22 स्पेसशिप को लॉन्ग मार्च-2एफ वाई22 कैरियर रॉकेट के ऊपर, उत्तर-पश्चिम चीन के जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्च किया गया था। लॉन्च के लगभग 10 मिनट बाद, स्पेसशिप रॉकेट से अलग हो गया और अपनी तय ऑर्बिट में चला गया और बाद में स्पेस स्टेशन से डॉक हो गया। सीएमएसए ने लॉन्च मिशन को पूरी तरह सफल बताया। चीन ने अपना स्पेस स्टेशन तब बनाया जब उसे कथित तौर पर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि इस बात की चिंता थी कि चीन का स्पेस प्रोग्राम उसकी मिलिट्री की तरफ से कंट्रोल किया जाता है।

# भारत में बचे 5800 मेनाशे यहूदियों को ले जाएगा इजरायल

**तेल अवीव।** इजराइल ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में रहने वाले बनेई मेनाशे समुदाय के बचे हुए 5800 यहूदियों को अपने यहां बसाने का फैसला किया है। इन्हें अगले 5 साल में इजराइल ले जाया जाएगा।

ज्यूइश एजेंसी फॉर इजराइल के मुताबिक, सरकार ने रविवार को इस प्लान को मंजूरी दी है। इसके तहत 2030 तक पूरी कम्युनिटी को इजराइल में बसाया जाएगा। इनमें से 1200 लोगों को 2026 में बसाने के लिए पहले ही मंजूर किया जा चुका हैं। ये वे लोग हैं जिनके करीबी रिश्तेदार पहले से इजराइल में बस चुके हैं। 2005 में इजराइल के धार्मिक गुरु लोमो अमार ने इस समुदाय को इजराइली मूल के लोगों की मान्यता दी थी। अभी लगभग इस समुदाय के 2500 लोग इजराइल में रह रहे हैं। वर्तमान में इस समुदाय के कई युवा इजराइली सेना में कॉम्बैट यूनिट्स में सेवाएं दे रहे हैं। इजराइल सरकार के फैसले के बाद यहूदी धर्मगुरुओं (रब्बियों) की अब तक की सबसे बड़ी टीम भारत आएगी है। यह पिछले दस वर्षों में भारत आने वाली पहली आधिकारिक धार्मिक जांच टीम होगी। टीम में रब्बी (यहूदी धर्मगुरु) और धार्मिक कानून (हलाखा) के जानकार शामिल होंगे। यह टीम पूर्वोत्तर भारत के बनेई मेनाशे समुदाय के उन सदस्यों की धार्मिक पहचान की जांच करेगी।

# फ्लाइट में पजामा-चप्पल पहनना बंद करें

## अमेरिकी ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर एयरपोर्ट ने कहा: ड्रॉइंग रूम नहीं समझे



■ बच्चों को कुछ छूट मिल सकती है

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर शॉन डफी ने लोगों से फ्लाइट के दौरान पजामा, स्लीपर और दूसरे घरेलू कपड़े पहनकर एयरपोर्ट नहीं आने को कहा है।

उन्होंने कहा कि, बच्चों को कुछ छूट मिल सकती है, लेकिन बड़ों को एयरपोर्ट को अपना ड्रॉइंग रूम समझने की जरूरत नहीं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सालों में हवाई यात्रियों की सभ्यता में बहुत गिरावट आई है, इसलिए थैंक्स गिविंग की छुट्टियों से पहले पूरे देश में 'सभ्यता अभियान' शुरू किया जा रहा है। न्यू जर्सी के नेवार्क एयरपोर्ट पर शॉन डफी ने कहा कि कृपया एयरपोर्ट पर स्लीपर और पजामा पहनकर न आएं। जींस और एक साफ-सुथरी शर्ट ही काफी है। थोड़ा सम्मान के साथ कपड़े पहनें तो सबका सफर बेहतर हो जाएगा। उन्होंने यात्रियों से कहा कि पायलट और फ्लाइट अटेंडेंट से 'प्लीज' और 'थैंक यू' बोलें, दूसरों की बैग रखने में मदद करें ये छोटी-छोटी बातें पूरे सफर को खुशगवार बना देती हैं। दरअसल, एफएए के आंकड़ों के मुताबिक 2019 के बाद फ्लाइट में झगड़े और बदतमीजी के मामले 400 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। वहीं, बिहेवियरल एक्सपर्ट का कहना है कि कपड़े सिर्फ फैशन नहीं, सम्मान दिखाते हैं। टेक्सास की एटिकेट एक्सपर्ट डायने गॉट्समैन बोलीं पजामा घर में ठीक है, एयरपोर्ट पर नहीं। पूर्व फ्लाइट अटेंडेंट जैकलीन व्हिटमोर ने कहा जैसे कपड़े पहनते हैं, वैसा ही व्यवहार करने लगते हैं। अच्छे कपड़े पहनने से आत्म-सम्मान बढ़ता है और दूसरों के प्रति भी आदर दिखता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अच्छे कपड़े पहनना अमीरी-गरीबी का सवाल नहीं, बल्कि एक-दूसरे के प्रति सम्मान का मामला है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108